राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.....
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 07 जुलाई 2025
वर्ष 06, अंक 274, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

हरियाली ही नहीं,पेड़ों की ऐतिहासिकता का हो रहा है कत्ल...03

सिलापथार के पत्रकार मधुर्या शैकिया पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार....12

मेडिकल शिक्षा घोटाले में स्वयंभू बाबा और यूजीसी के पूर्व अधिकारीः सीबीआई रिपोर्ट

प्रयागराज। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भारत में मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में अब तक के सबसे बड़े घोटालों में से एक का पर्दाफाश किया है। इस घोटाले में पूर्व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अध्यक्ष डीपी सिंह, स्वयंभू धर्मगुरु रविशंकर महाराज उर्फ रावतपुरा सरकार, और कई शीर्ष सरकारी अधिकारियों के नाम सामने आए हैं। यह घोटाला देश के कई राज्यों में फैला हुआ है और इसमें निजी मेडिकल कॉलेजों को अनुमोदन, निरीक्षण और मान्यता देने में भ्रष्टाचार का जाल बिछाया गया था। धर्मगुरु रावतपुरा सरकार को बीजेपी नेताओं का समर्थन हासिल है। उनके फोटो नेताओं के साथ देखे जा सकते हैं।

सीबीआई ने इस मामले में 34 लोगों के खिलाफ एफआई दर्ज की है, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण का एक अधिकारी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की निरीक्षण टीम के पांच डॉक्टर शामिल हैं। जांच में पाया गया कि यह गिरोह स्वास्थ्य मंत्रालय के भीतर से संचालित हो रहा था, जहां गोपनीय दस्तावेजों और संवेदनशील जानकारी को अवैध रूप से निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों तक पहुंचाया जा रहा था। इस घोटाले का एक प्रमुख केंद्र छत्तीसगढ़ के नया रायपुर स्थित रावतपुरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च है। सीबीआई ने हाल ही में आठ लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें एनएमसी की निरीक्षण टीम के तीन डॉक्टर शामिल हैं। इन डॉक्टरों पर आरोप है कि उन्होंने कॉलेज की कमियों के बावजूद अनुकूल निरीक्षण रिपोर्ट देने के लिए 55 लाख रुपये की रिश्वत ली। इस रिश्वत का लेन-देन हवाला के जरिए किया गया।

सीबीआई की एफआईआर के अनुसार, रावतपुरा सरकार ने यूजीसी टीम के निरीक्षण की तारीख और मूल्यांकनकर्ताओं के नामों की गोपनीय जानकारी हासिल करने की कोशिश की। इसके लिए उन्होंने पूर्व यूजीसी अध्यक्ष और वर्तमान में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) के चांसलर डीपी सिंह से संपर्क किया। डीपी सिंह ने कथित तौर पर इस काम को एक अन्य व्यक्ति, सुरेश, को सौंपा।

सीबीआई ने खुलासा किया कि इस घोटाले में नकली संकाय (घोस्ट फैकल्टी), फर्जी मरीजों की भर्ती, और बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली में छेड़छाड़ जैसे धोखाधड़ी के तरीके अपनाए गए। इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया पर भी आरोप है कि उन्होंने डॉक्टरों की उपस्थिति को फर्जी दिखाने के लिए कृत्रिम उंगलियों का इस्तेमाल किया।

जांच में यह भी सामने आया कि जीतूलाल मीणा, एनएमसी की मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य, इस घोटाले के प्रमुख मध्यस्थ थे। उन्होंने कथित तौर पर हवाला के जरिए रिश्वत ली और इसका एक हिस्सा राजस्थान में 75 लाख रुपये की लागत से हनुमान मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल किया।

एफआईआर में गुड़गांव के वीरेंद्र कुमार, नई दिल्ली के द्वारका की मनीषा जोशी और इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश सिंह भदौरिया और उदयपुर के गीतांजलि विश्वविद्यालय

के रजिस्ट्रार मयूर रावल जैसी प्रमुख चिकित्सा शिक्षा हस्तियां शामिल किया है। यह घोटाला राजस्थान, गुड़गांव, इंदौर, वारंगल और विशाखापट्टनम जैसे शहरों तक फैला हुआ है। सीबीआई ने पाया कि कई निजी मेडिकल कॉलेजों ने अनुमोदन और मान्यता हासिल करने के लिए करोड़ों रुपये की रिश्वत दी। उदाहरण के लिए, वारंगल के फादर कोलंबो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने 20 लाख और 46 लाख रुपये की दो अलग-अलग राशियां दीं, जबकि विशाखापट्टनम के गायत्री मेडिकल कॉलेज ने 50 लाख रुपये का भुगतान किया।

सीबीआई ने इस मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है और जांच को और तेज करने की योजना है। एजेंसी ने स्वास्थ्य मंत्रालय और एनएमसी के अधिकारियों के साथ-साथ निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों को तलब करने की तैयारी की है। सीबीआई ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों को खतरे में डालती हैं।

यह घोटाला न केवल मेडिकल शिक्षा प्रणाली में गहरे भ्रष्टाचार को उजागर करता है, बल्कि यह भी सवाल उठाता है कि कैसे शीर्ष अधिकारी और प्रभावशाली लोग इस तरह की अवैध गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। सीबीआई की जांच आगे क्या खुलासे लाएगी, यह देखना बाकी है।

स्वयंभू बाबा रविशंकर महाराज उर्फ रावतपुरा सरकार के बीजेपी नेताओं के संबंध हैं। मध्य प्रदेश के पशुपालन और डेयरी मंत्री लखन पटेल ने 5 जुलाई को धर्मगुरु के प्रकटोत्सव पर एक फोटो एक्स पर शेयर किया है। जिसमें मंत्री लखन पटेल नीचे बैठे हैं और धर्मगुरु सोफे पर। मंत्री ने लिखा है- रावतपुरा सरकार महाराज जी के प्रकटोत्सव पर चरणों में नमन! आपका तप, सेवा और जनकल्याण हेतु समर्पण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आप सदैव स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों और सनातन धर्म का गौरव बढ़ाते रहें। स्वयंभू धर्मगुरु कई बार मुख्यमंत्री मोहन यादव का फोटो अपने विज्ञापनों में प्रकाशित करते रहते हैं। कोरबा की बीजेपी सांसद ने सोशल मीडिया पर उनके प्रकटोत्सव की बधाई दी है।

पटना में व्यवसाई की हत्या पर राहुल गांधी बोले- BJP-नीतीश कुमार ने बिहार को बना दिया 'क्राइम कैपिटल' अब बदलाव जरूरी

प्रयागराज। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा और प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। गोपाल खेमका हत्याकांड को आधार बनाकर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को 'भारत की क्राइम कैपिटल' बना दिया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा, "पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बीजेपी और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को 'भारत की क्राइम कैपिटल' बना दिया है। आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां 'नया नॉर्मल' बन चुका है- और सरकार पूरी तरह नाकाम।"

उन्होंने आगे लिखा, "बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती। हर हत्या, हर लूट, हर गोली - एक चीख है बदलाव की। अब वक्त है एक नए बिहार का - जहां डर नहीं, तरक्की हो। इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है।" शुक्रवार देर रात अपराधियों ने जाने-माने उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या कर दी। वारदात गांधी मैदान थाना क्षेत्र में रामगुलाम चौक के पास हुई। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाई है। इस घटना से व्यवसायी गुस्से में हैं।

बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने रविवार को दावा किया कि अगले एक-दो दिनों में इस हत्याकांड की पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि पटना और वैशाली जिलों में रात भर पुलिस की कई टीमें अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी करती रहीं। इस दौरान दर्जन भर से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे फिलहाल पूछताछ जारी है। गोपाल खेमका पर गोली चलाने वाले हमलावर को घटनास्थल के अलावा शहर के अन्य हिस्सों में लगे सीसीटीवी में भी ट्रैक किया गया है। हमलावर की मोटरसाइकिल की पहचान कर ली गई है, लेकिन हेलमेट पहनने के कारण उसके चेहरे की स्पष्ट पहचान नहीं हो पाई है।

बिहार की राजधानी पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शनिवार को आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने मृतक खेमका के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। मुलाकात के बाद तेजस्वी ने बिहार की एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराधी बेकाबू हो गए हैं। सीएम अचेत और थके हुए हैं और अधिकारी सरकार चला रहे हैं।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अचेत अवस्था में हैं और बिहार में अपराधी बेकाबू हो चुके हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि आए दिन बिहार में व्यापारियों की सरेआम हत्या की जा रही है। अपराधियों की वजह से बिहार के लोगों में दहशत का माहौल है और वे पलायन करने पर मजबूर हैं। आरजेडी नेता ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए इसे नीतीश सरकार में 'महा जंगल राज' करार दिया। उन्होंने कहा, "बिहार में महा जंगल राज का युग आ गया है। उद्योगपति खेमका की हत्या से हम बहुत दुखी हैं। कुछ साल पहले इसी एनडीए शासन में उनके बेटे की भी हत्या कर दी गई थी, तब हमने कैंडल मार्च निकाला था। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बिहार में अपराधी बेकाबू हो गए हैं, जबकि हमारे मुख्यमंत्री अचेत हैं। बीजेपी ने बिहार में जंगलराज स्थापित कर दिया है। सब लोग बिहार छोड़ कर जा रहे हैं।"

तेजस्वी ने नीतीश सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि जिस जगह पर उद्योगपति की हत्या की गई, वहां से थाना चंद कदम की दूरी पर था। फिर भी पुलिस को यहां पहुंचने में दो घंटे लग जाते हैं। हर महीने बिहार में सैकड़ों व्यापारियों की हत्या हो रही है, लेकिन इसे जंगलराज नहीं कह सकते हैं। छह साल पहले गोपाल खेमका के बेटे की हत्या हुई थी और कोई भी हत्यारा पकड़ा नहीं गया। जब तक रिश्वत के ज़रिए तबादले और पोस्टिंग की जाती रहेगी और काम करने वालों की पोस्टिंग नहीं होगी, तब तक हालात नहीं सुधरेंगे। बिहार में कोई भी सुरक्षित नहीं है... सीएम बेहोश हैं और थके हुए हैं, अधिकारी सरकार चला रहे हैं।

संक्षिप्त ख़बरें

नहर के गुल पर चकबंध निर्माण से करीब चार सौ किसान पानी से वंचित

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुअवा नम्बर एक के किसान ने नहर के गुल की जगह चकबन्ध निर्माण का आरोप लगाकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में फिर से गुल की सफाई कर 400 किसानों को नहर से पानी मुहैया कराने की मांग किया है। जानकारी के मुताबिक नौतनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत महुअवा नम्बर एक निवासी गंगाराम पुत्र बुद्धिराम ने दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि दुर्गापुर गांव के सीमा से नहर का पानी गुल के माध्यम से चार मजरों के लगभग 400 किसानों के खेत की सिंचाई का मात्र एक साधन है। रोहिन बैराज निर्माण होने से पुनः एक बार फिर पानी मिलने की आस जग गई है लेकिन गांव के जिम्मेदारों ने नहर के गुल को कागज में बिना सिंचाई विभाग के एनओसी के उसका स्वरूप परिवर्तित कर रास्ता बना दिया है। किसान ने जिलाधिकारी से गुहार लगाया है कि गुल की सफाई के लिए पंचायती राज विभाग को निर्देशित करें जिससे 400 किसानों को पुनः पानी मिल सके।

प्रधानमंत्री आवास व गैस सिलेंडर की मांग

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के खरगबरवां गांव निवासी एक व्यक्ति शनिवार को नौतनवां सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास व गैस सिलेंडर की मांग किया है। नौतनवा ब्लाक के खरगबरवां निवासी रामचन्दर पुत्र बीपत ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को दिए पत्र में लिखा है कि वह बहुत गरीब है ऐसे में आज तक न तो उसे प्रधानमंत्री आवास मिला है और न ही गैस सिलेंडर मिला है। आरोप है कि आवास व गैस सिलेंडर की मांग को लेकर वर्षो से वह सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देता आ रहा है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है।

पीएचसी में धूल फांक रही हाईटेक हेल्थ कियोस्क मशीन

● सरकारी सुविधा बनी शोपीस, मरीज वंचित

स्वतंत्र प्रभात

गोंडा। रूपईडीह पीएचसी में धूल फांक रही हाईटेक हेल्थ कियोस्क मशीन, टेक्नीशियन की तैनाती नहीं हो सका। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से स्थापित हेल्थ कियोस्क मशीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह में वर्षों से निष्क्रिय पड़ी हुई है। लगभग तीन लाख से अधिक की आबादी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लगी यह मशीन आज केवल धूल फांक रही है, जबकि इससे मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलनी थी।हेल्थ कियोस्क मशीन से ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन स्तर, तापमान, वजन आदि की जांच कुछ ही मिनटों में संभव है। मरीजों को मौके पर रिपोर्ट भी मिल सकती थी, लेकिन टेक्नीशियन की तैनाती न होने के कारण

मशीन का संचालन आज तक शुरू नहीं हो सका।इस संबंध में सीएचसी खरगूपुर के चिकित्साधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि"टेक्नीशियन की तैनाती न होने से मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

"इधर, रघु बाबा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार दूबे ने कहा कि "हमने विभागीय अधिकारियों से कई बार मांग की है कि मशीन को चालू कराया जाए, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रीय लोग अब भी सुविधा से वंचित हैं।"सरकार की महत्वपूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य सुविधा जनता तक पहुंचने से पहले ही अटक गई।

उपकरण मौजूद है, तकनीक मौजूद है, लेकिन संचालन नहीं। यह स्थिति विभागीय लापरवाही और सुस्त प्रशासनिक दृष्टिकोण को दर्शाती है।स्वास्थ्य विभाग मशीन के संचालन हेतु टेक्नीशियन की तत्काल नियुक्ति करे। मशीन का निरीक्षण कर उसे क्रियाशील किया जाए।आमजन को इसके उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए।

तमाम चौकसी के दावे फेल, बड़े पैमाने पर हो रही चीनी की तस्करी

●जिम्मेदारों के उदासीनता से प्रतिदिन लाखों रुपये लागत का चीनी भारतीय सीमा से होकर पहुंच रहा नेपाल

स्वतंत्र प्रभात

रतनपुर/महराजगंज। सोनौली कोतवाली अंतर्गत भगवानपुर नाका आए दिन अवैध चीनी की तस्करी को लेकर खूब चर्चा बटोर रहा है। भगवानपुर नाके से स्थानीय पुलिस और सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों के रहमो-करम से चीनी की तस्करी खुलेआम परवान चढ़ रहा है। वहीं तस्करी के मामले में जिम्मेदार अपनी चुप्पी साधे हुए मूकदर्शक बने हुए हैं। तस्करी के लिए पिकअप के माध्यम से लाई जा रही चीनी भगवानपुर में स्थित कुछ किराने के दुकानों पर अवैध रूप से डंप किया जा रहा है जहां से कैरियर द्वारा साइकिल व सिर के माध्यम से भारतीय चीनी को बिना किसी रोक-टोक के

आसानी से सीमा पार भेज दिया जा रहा है, तमाम प्रयासों के बाद भी तस्कर पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के पकड़ से कोसों दूर हैं।

भगवानपुर में पुलिस चौकी व 22वीं एसएसबी वाहिनी का बीओपी भी मौजूद है बावजूद इसके चीनी की तस्करी का कारोबार खुलेआम देखा जा सकता है। भारत-नेपाल की सीमा से सटा भगवानपुर एसएसबी कैंप व पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित नाका तस्करों के लिए मुफीद साबित हो रहा है। रोजाना उक्त नाके से लाखों रुपये लागत की चीनी भारतीय सीमा से होकर नेपाल पहुंच रहा है। भारत में सस्ती दर पर चीनी खरीदकर तस्कर इन्हें कस्टम चोरी कर नेपाल क्षेत्र में पहुंचाकर भारी मुनाफा कमा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां, स्थानीय पुलिस तथा कस्टम विभाग के रहमो-करम से ही इनका यह धंधा फलफूल रहा है।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी नौतनवां जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि तस्करी की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही की जा रही है बावजूद इसके यदि तस्करी हो रही है तो जांच-पड़ताल कर तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

अपनी ही अनफिट गाड़ी से दूसरी गाड़ियों का चालान कर रहे हैं एडिशनल आरटीओ, नहीं है गाड़ी की फिटनेस

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। एडिशनल आरटीओ प्रशासन शहर भर में स्कूलों में लगी अवैध वैन को सीज करने का अभियान चला रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक परिवहन विभाग के एडिशनल आरटीओ का अभियान सवालों के घेरे में है। जिम्मेदार परिवहन विभाग के एडिशनल आरटीओ की बड़ी लापरवाही सामने आई है।एडिशनल आरटीओ स्वयं अनफिट गाड़ी पर सवार होकर दूसरी गाड़ियों का चालान कर रहे हैं। वाहन चालकों को कानून का पाठ पढ़ाने वाले जिम्मेदार एडिशनल आरटीओ मानवेंद्र सिंह की गाड़ी की 1 वर्ष पूर्व फिटनेस समाप्त हो चुकी है।

कमर्शियल गाड़ी की एक साल पहले खत्म हो चुकी है फिटनेस और कॉमर्शियल नंबर प्लेट की जगह गाड़ी में लगी नजर आ रही प्राइवेट वाहन सफेद नंबर प्लेट। गली कूंचे में खड़ी गाड़ियों और स्कूल वैन के खिलाफ दौड़कर वाहन पकड़ने का सिलसिला जारी है। एडिशनल आरटीओ की गाड़ी देखते ही भागने लगते निजी वाहन चालक। साहब की गाड़ी में लिखा एआरटीओ गाड़ी में सवार प्राइवेट कर्मी एआरटीओ साहब की इशारे पर दौड़ा कर पकड़ रहे वाहन। सड़कों पर दौड़ रही परिवहन राजस्व विभाग की बिना फिटनेस आरटीओ की गाड़ी। कानून और सड़क परिवहन नियम का पालन कराने वाले एडिशनल आरटीओ अपनी ही गाड़ी पर कब करेंगे कार्यवाही ?

जिला सहकारी बैंक सुंदरबल में फर्जीवाडा का मामला आया सामने

● खाते पर लगी रोक के बावजूद कूट रचित दस्तावेज और शाखा प्रबंधक की मिली भगत से निकल गया पैसा.... आरोप

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी मामला तहसील सदर के अंतर्गत विकासखंड फूल बेहड़ के ग्राम सुंदरवल में स्थित जिला सहकारी बैंक मैं फर्जी वाडा का अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है। सूत्र बताते हैं चौभाल कृषि सहकारी समिति का अरसे से विवाद चल आ रहा था जिसमें चंद्र भूमाफियाओं द्वारा चौभाल कृषि सहकारी समिति की जमीन को फर्जीवाडा करके बिक्री कर दिया गया था। और समिति को अस्तित्वविहीन कर दिया गया था।उक्त समिति के फाउंडर मेंबर व पूर्व सचिव सरदूल सिंह ने उक्त समिति के संपत्ति को सुरक्षित करने की लड़ाई लड़नी शुरू की अरसे से चल रही लड़ाई में 9 बैनामों के दाखिल खारिज पर रोक लगा दी गई और बड़े स्तर पर फर्जी वाडा का खुलासा भी हुआ ।इसी विवाद के दौरान सुंदरवल मैं स्थित जिला सहकारी बैंक में चौभाल कृषि सहकारी समिति का संचालित खाता के संचालन पर रोक लगा दी गई थी लेकिन तत्कालीन शाखा प्रबंधक और चरणजीत सिंह की मिली भगत से कथित फर्जी दस्तावेज लगाकर उक्त खाते का संचालन करते हुए पैसा निकाल दिया गया ऐसा आरोप लगाया जा रहा है

जब शाखा प्रबंधक से इस मामले पर जानकारी चाहि गई तो शाखा प्रबंधक ने बताया कि एक आदेश आया है इस आधार पर पैसा निकाला गया है जब उक्त आदेश के बाबत जानकारी चाहि गई कि उक्त आदेश कहां का और किसी सक्षम अधिकारी द्वारा पारित किया गया है। तो शाखा प्रबंधक ने बताया कि आप बैंक आ जाइए सोमवार को मैं दिखवा दूंगा वैसे ?1000 निकाला गया है कोई बड़ा ट्रांजैक्शन नहीं किया गया है यहां पर सबसे अहम बात यह है कि रुपया 1000

हो या एक लाख या फिर ?1 की बात हो खाता पर रोक लगने के बावजूद पैसा निकल जाना संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है जब समिति अरसे से संचालित है तो कैसे दूसरे व्यक्ति के नाम समिति का पंजीकरण हो सकता है दूसरा अभी हाल ही में दैनिक जागरण समाचार पत्र में सदस्यों की सूची का प्रकाशन कराया गया है और चौभाल सहकारीकृषि समिति के नाम दर्ज कागजात जमीन पर कृषि कार्य करने पर भी रोक लगाई जा चुकी है उक्त मामले की यदि हुई निष्पक्ष जांच तो शाखा प्रबंधक सहकारी जिला सहकारी बैंक शाखा सुंदरवल सहित कई अन्य पर कार्यवाही होना तय है।

क्या कहते है ए. आर .कोऑपरेटिव

इस संबंध में जब ए आर कोऑपरेटिव से बातचीत कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो घंटी बजती रही लेकिन साहब का फोन ना उठने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी।

संक्षिप्त खबरें

क्राइम ब्रांच अमेठी व थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के अभियोग में वांछित व 03 वर्ष से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

शुकुल बाजार अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में को क्राइम ब्रांच अमेठी व थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं में थाना बाजार शुक्ल में वांछित अभियुक्त भोला पुत्र ओमवीर उर्फ पप्पू निवासी ग्राम ओढ़मपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह अपने किसी जानने वाले व्यक्ति से मिलने आया था। थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

वकील से मारपीट व लूट-पाट करने वाले तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के पिलखा गांव के निकट गत 19 मई को दवा लेकर घर जा रहे अधिवक्ता से मारपीट कर उनका मोबाइल व उनकी जेब में रखे 2500 रुपये छीनने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास लूटा हुआ मोबाइल व एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है। सुवाखेड़ा गांव निवासी हरिकिशन वर्मा पेशे से अधिवक्ता हैं। गत 19 में की शाम करीब 8-30 बजे वह बाल्हेमऊ से दवा लेकर अपने घर लौट रहे थे, तभी पिलखा गांव के निकट तीनों बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। उनसे मारपीट कर उनका मोबाइल छीन लिया। जेब में रखे 2500 रुपये भी निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों को विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। शनिवार को रामनगर भट्ठे के पास पुलिस टीम ने टिकरान गांव निवासी सत्येंद्र व यश और सरेनी क्षेत्र के कोरवां मजरे बिठूली निवासी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास मोबाइल व बाइक बरामद की है। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को जेल भेजा गया है।

सार्वजनिक कुंए पर अवैध कब्जे का आरोप

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया निवासी कमलेश, राजू, अमेरिका, शिवपूजन यादव आदि लोगों ने तहसील समाधान दिवस मे पहुंचकर गांव निवासी एक व्यक्ति पर सार्वजनिक कुआं पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया में एक सार्वजनिक कुआं है जहां पुर्वजों के समय से लेकर अब तक गांव के लोगों द्वारा शादी विवाह व अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान पूजा पाठ किया जाता है। आरोप है कि गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा उक्त कुएं पर अवैध रूप से ढक्कन लगाकर चारा मशीन रखकर अपने निजी कार्यो के उपयोग में ला रहा है जिससे गांव के लोगों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान आदि कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कुएं पर हुए अवैध कब्जे से आजिज आकर गांव के लगभग आधा दर्जन लोगों ने नौतनवा तहसील समाधान दिवस मे पहुंचकर जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर कुएं से अवैध कब्जे को हटवाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

नवागत सीडीपीओ का हुआ स्वागत

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवा ब्लाक परिसर में स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के नवागत सीडीपीओ रामजनम यादव शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस से रतनपुर कार्यालय पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होने कार्यालय का निरीक्षण किया और सब कुछ दुरूस्त करने का निर्देश दिया। इस बीच आंगनबाडी संघ की पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कुसुमकान्ती त्रिपाठी ने सीडीपीओ को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान सुपरवाईजर कंचन, संदीप, सुरेन्द्र नाथ गुप्ता, उमाकान्ती त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

कप्तानगंज थाना अध्यक्ष द्वारा गरीब के पुराने मकान पर दबंगों का कब्जा करवा दिया

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में राजस्व पुलिस करवा रही है अवैध कब्जा जिससे आम जनमानस त्रस्त है प्रार्थना पत्र पर उचित कार्रवाई न करके फर्जी रिपोर्ट बिना जांच किए हुए लगाई जा रहे हैं जिला अधिकारी द्वारा इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए लेकिन प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी कोई संज्ञान ना लेना शिकायतकर्ता के लिए खतरे की घंटी बता रही है पुलिस के शाह पर दबंग और भूमाफियाओ से मोटी रकम लेकर गरीबों के घर कब्जा हो रहे हैं लेकिन शिकायत के बावजूद भी पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी तथा उप जिला अधिकारी हरैया द्वारा कार्रवाई न करना गंभीर मुद्दा का विषय बन गया है जिलाधिकारी द्वारा दिए गए जांच के आदेश को सप्ताह बीत जाने के बाद अभी तक ना कोई जांच अधिकारी पहुंच ना ही पुलिस के कोई कार्यकर्ता गरीब के आशियाने पर जाने की जमात उठाई लेकिन 26 जून को थाना अध्यक्ष कप्तानगंज हमराही पंकज तथा नायाब दरोगा मिलकर पीढ़ी साधना का पुराने मकान पर बिना कोई कागजात के थाना अध्यक्ष स्वयं हम रही सहित उसके मकान पर अज्ञात व्यक्तियों को कब्जा दिला दिया उसके बाद पड़ता साधना को धमकी भरे लगे में कहा अगर इन लोगों को से विवाद किया तो ठीक नहीं होगा धमकी देते हुए अशोक का फोटो वीडियो वायरल हो गया है लेकिन पुलिस अधीक्षक द्वारा दिया गया आदेश अभी तक थाने पर मुकदमा विपक्षियों के ऊपर नहीं दर्ज किया गया जांच अधिकारी द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर अवैध कब्जा बताया गया जबकि कागजात में पूर्व में साधना और संध्या के नाम घरौनी भी बनी है जिलाधिकारी द्वारा घरौनि के आधार पर उप जिला अधिकारी को जांच दिया लेकिन सप्ताह भर भी जाने के

बाद कोई जांच अधिकारी पीड़ित के दरवाजे तक नहीं गया इससे आप प्रतीत होता है की थाना अध्यक्ष की तरह यह लोग भी मोटी रकम लेकर बिके हुए हैं वीरता का आरोप है कि विपक्षी का यहां कोई कागजात न कोई जमीन कोई भी नहीं होने के कारण गांव के कुछ हमारे दुश्मनों द्वारा उन्हें लाकर यहां पैसे के बल पर पुलिस कब्जा करवा दिया उसके बाद पुलिस के तानाशाही पंकज द्वारा ऐसी कार्रवाई की गई जो कि झूठ पर पर्दा डालने पर भी नहीं पर्दा पड़ेगा क्योंकि सुनील गौड़ इस समय मुंबई में प्राइवेट फॉर्म में काम कर रहे हैं उनका हवाला देकर उनके नाम शांति भंग जैसी कार्रवाई करके वह वाही लूटने का काम किया है लेकिन सच्चाई सुनील द्वारा पेश किया गया जो इन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने में सहायता मिलेगी ऐसी थाना अध्यक्ष और पुलिसकर्मियों के ऊपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

स्काउट और गाइड नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी समिति की पचमोहनी में हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिले में नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी समिति का बैठक शनिवार को राजकीय इंटर कालेज पचमोहनी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान समर बहादुर सिंह ने कहा कि प्रादेशिक मुख्यालय के आदेश के तहत जिले में स्काउटिंग गाइडिंग के समस्त गतिविधियों का स्काउटिंग गाइडिंग के प्रतिज्ञा और नियम के उद्देश्यों पर कार्य किया जाएगा। जिला स्काउट कमिश्नर करूणा कांत ने कहा कि जनपद में स्काउटिंग गाइडिंग को शुन्य से शिखर तक पहुंचाने के लिए हम सब पुरा प्रयास करेंगे। जिला गाइड कमिश्नर अर्चना सिंह ने कहा कि हम सभी स्काउटिंग गाइडिंग के लिए समर्पित रहेंगे।

प्रादेशिक मुख्यायलय से आए प्रतिनिधि सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट बस्ती मंडल बस्ती संदीप कुमार ने सिद्धार्थ नगर के स्काउटिंग गाइडिंग के कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी दी। बैठक का संचालन जिला संगठन आयुक्त स्काउट अमित कुमार शुक्ल ने किया। बैठक में नव नियुक्त कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार, जिला सचिव अजय शंकर उपाध्याय, कब कमिश्नर राजित कुमार, बुलबुल कमिश्नर अर्चना वर्मा, डी टी सी जी डॉ इफत्खारूननिशा, सहायक आयुक्त इटवा हेमंत कुमार गुप्त, आदि लोग मौजूद रहे।

विकासखंड भेटुआ के बैसड़ा गांव को किया जाएगा हाईटेक गांव के रूप में विकसित

●ग्रामीणों को मुख्यमंत्री आवास, कृषि पट्टा, पेयजल, इंटरलॉकिंग, अमृत सरोवर, सोलर लाइट जैसी योजनाओं का मिलेगा लाभ

जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर बैसड़ा गांव का किया स्थलीय निरीक्षण, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। विकासखंड भेटुआ के बैसड़ा गांव को हाईटेक गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। गांव में ग्रामीणों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर, कृषि हेतु पट्टा, शुद्ध पेयजल, अमृत सरोवर, सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग आदि योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा बैसड़ा गांव में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिसको लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा बैसड़ा गांव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि विगत दिनों हुए अग्निकांड में इस गांव के 16 घर क्षतिग्रस्त हो गए थे जिसमें पीड़ित परिवारों को शासन द्वारा दैवीय आपदा के तहत रुपए 4 हजार की सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है जिससे यह 16 लोग मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हो गए जिसमें इनको मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त दी जा चुकी है आवास के साथ ही इन लोगों को शौचालय की भी सुविधा दी जाएगी। साथ ही इन लोगों को सोलर रूफटॉप, कैटल शेड, बायोगैस प्लांट की भी सुविधा दी जाएगी साथ ही इस गांव को पुनर्वासित किया जाएगा जिसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से इस गांव में नए सिरे से कॉलोनी विकसित की जाएगी साथ ही उन्होंने बताया कि भूमिहीन परिवारों को कृषि आवंटन योजना के तहत कृषि पट्टा भी दिया जा रहा है विधायक निधि योजना से यहां पर सोलर लाइट लगवाई जाएंगी, जल जीवन मिशन के तहत पाइप पेयजल परियोजना से हर घर नल की सुविधा उपलब्ध कराते हुए शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा रहा है तथा जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को भी पुनः मरम्मत कराया जाएगा, इसके साथ ही जल भराव की समस्या को देखते हुए क्षेत्र पंचायत योजना से तालाब को खुदवा कर अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा, ओपन जिम, सार्वजनिक शौचालय का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित अन्य सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्राम वासियों को देकर उनका जीवन बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह गांव पूरी तरह से जीरो कार्बन उत्सर्जन वाला गांव बनेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अभी तक इस प्रकार की सुनियोजित कॉलोनी कहीं और विकसित नहीं की गई है अमेठी के बैसड़ा गांव को शासन की सभी योजनाओं से अच्छादित करते हुए सुनियोजित तरीके से विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध बनाया दो बार जबरन गर्भपात कराया

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में हैरान कर देने वाला एक मामला सामने आया एक युवती जो चंडीगढ़ से चलकर बस्ती पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची कहां साहब बस्ती जिले के संजय शर्मा ग्राम बेलवरिया जंगल थाना गौर का रहने वाला है जिसने मेरे साथ पहले दोस्ती की फिर जबरन शारीरिक संबंध बनाया जब हमने इसका विरोध किया तो दिलासा देते हुए संजय ने कहा घबराओ मत रोवो मत हम शादी कर लेंगे तब से लेकर आज तक कई बार संजय ने मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया और दो बार प्रेग्नेंट हो जाने पर गर्भपात भी कराया जब हमने शादी के लिए दबाव बनाया तो संजय जान से मारने की धमकी एवं मारपीट करते हुए मोबाइल छीन लिया और सारे सबूत मिटा दिया 10,000 -रुपये छीन लिया। पुलिस अधीक्षक बस्ती को प्रार्थना पत्र देकर पीड़िता ने कहा धनास 14 सेक्टर चंडीगढ़ की निवासिनी हूँ। संजय शर्मा पुत्र दान बहादुर निवासी टोला-लोनिया पूरवा

बेलवरिया जंगल तहसील हरैया बस्ती उत्तर प्रदेश करीब 4 वर्ष पूर्व काम के सिलसिले में जान पहचान हुई फिर दोस्ती हो गयी। हमारी दोस्ती का नाजायज फायदा उठाते हुए हमे अपने मौसेरे भाई दीस्सू के घर बुलाया, जो भी संजय के घर के पास ही है। वही पर संजय शर्मा ने जबरन मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया और मेरे रोने पर मुझसे बोला परेशान न हो हम शादी कर लेंगे। उसके बाद आये दिन वह मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान मै दो बार गर्भवती भी हो गयी। संजय शर्मा लोक-लाज का भय दिखाकर डरा धमका कर जबरन मेरा गर्भपात भी करवा दिया। शादी की बात करने पर टाल मटोल करने लगा और डराने धमकाने लगा। मेरे काफी मिन्नते करने पर दिनांक18 मई 2025 को अयोध्या मे शादी की बात करने के लिये बुलाया। जब मैं अयोध्या पुल पहुंची तो वह अपने भाई गोलू गोपाल एवं दोस्त सुरजीत वर्मा के साथ मिलकर हमें बहुत मारा पीटा मेरा मोबाइल एवं 10,000 रुपये छीन लिए व जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया। जिसकी शिकायत मैंने 1090 पर की थी। उसने मेरे मोबाइल के सारे सबूत भी नष्ट कर दिये। पीड़िता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मीडिया के सामने अपने दर्द को बयां करते हुए कहा की साहब पुलिस अब हमारे साथ इंसाफ करें।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

●जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील अमेठी में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील गौरीगंज में 60 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 27 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया, तथा तहसील मुसाफिरखाना में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

ई-रिक्शा चालकों से अवैध वसूली करने वाले मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर

थाना चन्दापुर क्षेत्र में ऑटो चालकों से अवैध वसूली का दबाव बनाने वाले किरदार अभी भी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर हैं लेकिन पुलिस अधीक्षक की फटकार के बाद हरकत में आई चन्दापुर पुलिस ने दो निर्दोषों को जो धरना प्रदर्शन में शामिल थे उनको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन अवैध वसूली करने वाले व ठेकेदार पर कार्यवाही कब होगी यह बात संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है या फिर न्याय प्रिय पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह को गुमराह कर टेंपो स्टैंड से विगत कई वर्षों से की जा रही अवैध वसूली पर लगाम लग पाएगा यह बात संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज/रायबरेली। संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अंदर करना कर्मचारी व अधिकारी सुनिश्चित करें और किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत आपूर्ति ज्यादा से ज्यादा दी जाए जिससे किसान धान की रोपाई समय पर कर सके। यह उद्गार आज तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए एडीएम एफार अमृता सिंह व्यक्त कर रही थी।

बताते चले की पूर्ण नियोजित कार्यक्रम के अनुसार तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज टेंपो स्टैंड की अवैध वसूली का मामला चर्चा का विषय बना रहा तो वही व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने दिए गए शिकायती पत्र में ऑटो चालक से की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की और ऑटो रिक्शा वालों से अवैध वसूली में जिन लोगों की संलिप्तता है उन पर जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाए तथा टेंपो स्टैंड की नीलामी टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से हो,तो वही संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 36 शिकायती पत्र आए जिसमें 6 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व से 14 पुलिस के 17 विकास विभाग से 1 अन्य 4 शिकायती पत्र आए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव, क्षेत्राधिकार प्रदीप कुमार, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, सीएचसी अधीक्षक गणनायक पांडेय, अधिशासी अभियंता विद्युत संदीप कुमार सहित अनेक विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

हजरत शमसुद्दीन फरयाद रस रहमतुल्लाह अलैह का उर्स-ए -मुक़दस मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात

अयोध्या। मुखतसर तजकिरा हजरत शमसुद्दीन फरयाद रस रहमतुल्लाह अलैह अयोध्या (खलीफा मखदूम अशरफ सिमनानी) हजरत सैय्यदना शैख शमसुद्दीन दीन फरयाद रस की शानो अजमत बहोत ही अरफा ओ आला है... आप गौसूल आलम हजरत सय्यद सुल्तान मखदुम अशरफ जहांगीर सिमनानी रहमतुल्लाह अलैह के चहेते मुरीद और खलीफा ए खास हैं.. आपकी शान का अंदाजा इस बात से लगाए की हजरत मखदुम साहब आपके बारे मे फरमाते हैं शमसुद्दीन और मैं एक दूसरे से जुदा नहीं..

हजरत मखदुम साहब जब किछोछा शरीफ में कयाम पजीर हुए तो अक्सर मुरीदो से फरमाया करते थे अवध से एक दोस्त की खुशबू आ रही है कुछ दिनों बाद जब आप अयोध्या तशरीफ लाये तो अकाबरिने शहर मुलाकात को हाजिर हुए उन्हीं में एक नौजवान शमसुद्दीन नामी भी थे जो उलूमे जाहिरी की तकमील कर चुके थे और उलूमे बतिनी के लिए बेचैन थे जब मखदुम साहब की आप पर नजर पड़ी तो फरमाया शमसुद्दीन मैं तेरे लिए ही यहां आया हूं और बैत करके लुतफो करम की बारिशें फरमाई।

मखदुम साहब की नजरे इनायत इस कदर अता हुई की मखदुम साहब ने आपके बारे में फरमाया था

अशरफ शमसुद्दीन है और शमसुद्दीन अशरफ है .. अयोध्या में मखदुम साहब ने एक खानकाह बनवाई जिसमे हजरत शमसुद्दीन दर्स दिया करते थे..

आपने 7 मोहर्रम 700 हिजरी जुमा के दिन को पर्दा फरमाया..

सीरतुल अशरफ में लिखा है जिस शख्स को कोई मुहिम पेश आये वो हजरत शमसुद्दीन की मजार की तरफ रुख करके इस तरह फातेहा पढ़े तो उसकी हाजत पूरी हो जाती है..

तरीका फातेहा, सूरह फातेहा 1 बार, सूरह एखलास 3 बार, अयातल कुर्सी 1 बार, दुरूद शरीफ 1 बार...

आवाम में ये बात भी मशहूर है की कोई

शख्स आधी रात को आपकी मजार पर हाजरी दे और अपनी हाजत बयान करे तो अल्लाह तआला आपकी दुआओ और तवज्जो की बरकत से हाजतमंद की हाजत पूरी कर देता है..

आपका आस्ताना मोहल्ला बक्सरिया टोला तुलसीनगर अयोध्या में है...

अल्लाह तआला हमें इन बुजुर्गाने दीन के फुयुजो बरकात से मालामाल फरमाये...

काशिफ शेख चौधरी अयोध्या मुस्लिम अंजुमन दरगाह कमेटी अध्यक्ष सुन्नी सोशल फोरम प्रदेश उपाध्यक्ष मुस्लिम राष्ट्रीय मंच संयोजक।

खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिये नगर पालिका अध्यक्ष ने खेल किट का किया वितरण

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। स्पोर्ट स्टेडिएम टेवा में खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों का उत्साह बढ़ाने के लिए शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने खेल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष ने किया। इस दौरान वह खिलाड़ियों को मन लगा कर खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने को कहा,उन्होने कहा कि अगर खेल प्रतियोगिताओ में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेगे, और जिले के बाहर विजयी होकर लौटेगे, तो कौशाम्बी नाम रोशन होगा। इस दौरान उन्होने लोगों से अपील किए कि सभी लोगों को ऐसा खिलाड़ियों का सहयोग करना चाहिए, जिससे खेल प्रतियोगिताओ में उनका उत्साह बढ सके।

नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के टेवा स्थित स्पोर्ट स्टेडिएम में खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले भर से खिलाड़ी इन प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करते है, खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करने वाले इन खिलाडियों को सिखाया जा रहा है, कि वह वैसे प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करें।और जिले व मण्डल तथा देश प्रदेश में खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग कर सके, और जिले का नाम रोशन कर सके। इन खिलाड़ियों का उत्साह बढाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी किसी न किसी प्रकार से इन खिलाड़ियों का सहयोग करते रहते है। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी की ओर से इन खिलाड़ियों को खेल किट वितरण करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी लगभग 100 खिलाड़ियों को खेल किट वितरण किए, इससे वह खेल प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग कर सके, इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी ने कहा कि स्पोर्ट स्टेडिएम में जो भी खिलाड़ी आते है, उन खिलाड़ियों का सहयोग करने से उन खिलाड़ियों में उत्साह बढता है, और खिलाड़ी मन लगा कर प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करते है। उन्होने कहा कि यह खिलाड़ी यहा से निकल कर

जब बाहर प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग करने जायेगे, तो अपने माता पिता व गांव तथा जिले का नाम रोशन करने का काम करेगे, उन्होने लोगों से भी अपील किये ऐसे खिलाड़ियों का उत्साह बढाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए, जिससे यह खिलाड़ी बाहर जाकर प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग कर सके। इस दौरान खेल किट पाकर खिलाड़ियों नगर पालिका अध्यक्ष की सराहना किए। उन लोगों ने कहा कि चाहे सर्दी हो या गर्मी हो या फिर बरसात नगर पालिका अध्यक्ष उनका सहयोग जरूरत के अनुसार करते है। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने ताली बजा कर नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत किए। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय तिवारी पार्षद अंशुल केशरवानी, राहुल गुड्डू आदि मौजूद रहे।

करंट की चपेट में आकर घायल हुआ बंदर

लालगंज (रायबरेली)। तहसील परिसर में शुक्रवार को एक बंदर चेजओवर के पास उतरते समय करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। करंट लगते ही वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल सूचना प्रभारी तहसीलदार शंभूशरण पांडेय को दी। प्रभारी तहसीलदार ने तत्काल चिकित्सकों को बुलाकर बंदर का प्राथमिक उपचार कराया। लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद उसकी हालत में कोई विशेष सुधार नहीं हो सका। बाद में वन विभाग की टीम को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारी घायल बंदर का रेस्कयु कर उसे इलाज के लिए ले गए। तहसील के कर्मचारियों ने बताया कि यह बंदर तहसील परिसर में लंबे समय से रह रहा था और अक्सर शरारतें करता रहता था। कभी किसी कमरे में घुसकर कागजात फाड़ देता तो कभी टेबल-कुर्सी उलट देता। वह कर्मचारियों से बिल्कुल नहीं डरता था। करंट से उसकी हॉलत बिगड़ गई है।

संक्षिप्त खबरें

हाइड्रोपोनिक्स- बिना मिट्टी के फसल उगाने की कला कृषि का भविष्य

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, यूपी स्टेट सेंटर, लखनऊ ने 05 जुलाई 2025 को "हाइड्रोपोनिक्स- मिट्टी के बिना फसल उगाने की कला" पर एक 'ऑनलाइन' तकनीकी वेबिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता आईसीएआर-सीएजेडआरआई, जोधपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक (बागवानी) डॉ0 प्रदीप कुमार थे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य उभरती कृषि प्रौद्योगिकियों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। अध्यक्ष इंजीनियर सत्य प्रकाश ने सभी अतिथियों और वक्ताओं का स्वागत किया। संयोजक इंजीनियर डॉ0 के0पी0 त्रिपाठी, एफ0आई0ई0 ने वेबिनार का संचालन किया। हाइड्रोपोनिक्स एक आधुनिक कृषि प्रणाली है जिसमें पौधों को मिट्टी के बजाय पोषक तत्वों से भरपूर पानी में उगाया जाता है। यह प्रणाली शहरी क्षेत्रों, सीमित भूमि वाले क्षेत्रों और पानी की कमी वाले क्षेत्रों में बेहद कारगर साबित हो रही है। युवा किसान, महिला उद्यमी और शहरी किसान हाइड्रोपोनिक्स जैसी प्रणालियों के साथ आगे आ रहे हैं, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। सरकार ने यह भी घोषणा की कि 2025-26 में विभिन्न राज्यों में 100 हाइड्रोपोनिक मॉडल फार्म स्थापित किए जाएंगे और किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण, सब्सिडी और वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

दो हजार की आबादी पर लगा हुआ एकमात्र इंडिया मार्का हैंड पंप तीन माह से खराब नहीं हो रही सुनवाई

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

बिसवां, सीतापुर। कस्बे के मोहल्ला थवई टोला में दो हजार की आबादी पर लगा हुआ एक मात्र इण्डिया मार्का हैंडपंप तीन महीने से ज्यादा समय से खराब पड़ा होने के कारण राहगीरों एवं मोहल्ला वासियों को पानी की जबरदस्त समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला वासी नजमुल हसन एवं वजी अहमद ने बताया कि हैंडपंप की मरम्मत कराने के लिए वार्ड मेम्बर से लेकर अधिशासी अधिकारी तक प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन इतना समय बीत जाने के बावजूद इस महत्वपूर्ण समस्या का समाधान नहीं है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कुछ खराब हैंडपंपों का रीबोर होना है। जल्द ही हैंड पम्प सही करा दिया जाएगा।

महिला के साथ हुई छेड़छाड़ में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

स्थानीय थाने में नहीं हो रही सुनवाई



लहरपुर सीतापुर तहसील क्षेत्र के थाना तम्बौर अन्तर्गत ग्राम ग्राम मडरवा मजरा जालिमपुर निवासी एक दलित महिला ने अपने साथ हुई छेडछाड और विपक्षियों द्वारा धमकाये जाने के मामले मे स्थानीय थाने मे सुनवाई ना होने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताते चलें कि पीड़िता ने गांव के ही निवासी मोनू यादव पुत्र देवराज, विनीत यादव पुत्र ओमप्रकाश एवं रामकेश यादव पुत्र बिन्द्रा प्रसाद पर रात के अंधेरे मे लघुशंका करते समय छेडछाड करने व रेप का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने मे तहरीर दी थी। पीड़िता का आरोप है कि उक्त मामले मे पुलिस ने कोई भी कार्रवाई अभी तक नहीं की है और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं । यही नहीं पीडिता ने आरोपियों के साथी सरोज यादव पुत्र उदयराज यादव पर भी शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी देने के आरोप लगाये हैं। पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय पुलिस की मिलीभगत और शह के सहारे आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़िता ने नवागत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कार्यालय मे पहुंचकर पूरे प्रकरण और स्थानीय पुलिस की कार्यशैली के संबंध मे लिखित शिकायती प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

हरियाली ही नहीं,पेड़ों की ऐतिहासिकता का हो रहा है कत्ल

● ऐतिहासिकता से इतिहास के पन्नो में दर्ज हो गया "कलुआ आम" का पेड़

स्वतंत्र प्रभात

निगोहां। प्रदेश सरकार भले ही "एक पेड़ मां के नाम" के स्लोगन के साथ वन महोत्सव अभियान मना रही हो, वही दूसरी तरफ लकड़ी माफिया सरकार की इस मंशा को तार-तार कर रहे है। वनविभाग और पुलिस की मदद से दिनदहाड़े खुलेआम हरियाली का कत्ल हो रहा है। यही नहीं, इलाके के कई दशक पुराने एक आम के पेड़ को भी रातों-रात काट लिया गया है, जिससे प्राचीन पेड़ो की ऐतिहासिकता भी समाप्त हो रही है। इसको लेकर क्षेत्र में काफी रोष है। मीरकनगर गांव जाने वाले रास्ते पर करीब 60 साल पुराने "कलुआ आम" के पेड़ पड़ता था। जो अपनी छाव से कई पीढ़ियों के लोगो शीतलता दी थी। एक "कलुआ आम" पर एक लकड़ी माफिया की नज़र पड़ गयी और ये पेड़ रातों रात ऐतिहासिकता से इतिहास के पन्नो में दर्ज हो गया। ये कहानी इसी पेड़ की नहीं बल्कि दर्जनों हरे पेड़ों का दर्द है। इलाके के कई गांव में अवैध कटान का कार्य जोरो पर चल रहा है। जब ग्रामीण या पर्यावरण पर काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाएं इसका विरोध करती है तो लकड़ी माफिया तत्काल परमिशन होने की बात कहते हैं लेकिन जब उनसे पूछा जाता है कि हरे पेड़ और फलदार पेड़ों का परमिशन नहीं होता है, तो ठेकेदार बगली झांकने लगते हैं और "मैनेज" करने में जुटे रहते है। जब सेटिंग नही हो पाती तो अपनी ऊंची पहुंच का हवाला रौब गाँठने लगते है।

जानकार बताते हैं कि, ठेकेदार पहले से ही हरे पेड़ों की बाग को खरीद लेते हैं और जरा सी आंधी आने के बाद पेड़ गिरने की बात कहकर रातों-रात पूरी बाग को साफ कर देते हैं। इसमें वनविभाग और पुलिस की मिलीभगत होती है। आधा दर्जन से अधिक गांव में अवैध कटान अपने पूरे चरम पर है।

विशाल रैली निकालकर किसान नेता डॉ. अजय पाल का किसानों ने मनाया जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात

मिश्रिख (सीतापुर) भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा का स्थापना दिवस पांच जुलाई को जरिगवां स्थित जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ अजय पाल के नेतृत्व में धूम धाम से मनाया गया वही स्थापना दिवस के मौके पर किसान जगरूकता बाइक रैली धूमधाम से निकाली गई जिसकी अगुवाई जिलाध्यक्ष डॉ.अजय पाल के द्वारा की गई। उसके बाद रैली नैमिषारण्य पहुंची और मां ललिता देवी के दर्शन कर रैली पुनः जरिगवां जिला कार्यालय वापस आ गयी। प्राप्त समाचार के अनुसार सीतापुर जनपद में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस पर जरिगवां स्थित जिला कार्यालय पर संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा. अजय पाल ने बड़े धूम-धाम और हर्षोउल्लास के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। उसके उपरांत किसान जागरूकता रैली का आयोजन हुआ।

इस रैली में कई दर्जन मोटरसाइकिल सहित चार पहिया वाहन शामिल रहे। जो जरिगवां से चलकर नैमिषारण्य पहुंचे और मां ललिते के दर्शन पूजन किये। और पुनः बाइक रैली वहां से प्रस्थान करते हुए मिश्रिख औरंगाबाद होते हुए सुंदरानंद आश्रम संदना में एक समारोह में परिवर्तित हो गई। जहां पर केक काट कर एक दूसरे का मुह मीठा कराया और संघर्ष मोर्चा के नेताओं ने किसानों को संबोधित किया। इस अवसर पर इमरान भाई, सचिन यादव, रामसागर पाल, अमित अर्कवंशी, विजय, अवधेश, अमरेंद्र पाल, पंकज पाल, अनुराग पाल, मुंशी लाल समेत हज़ारों पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोहनलालगंज में चल रहा %लकड़ी का खेल स्कूलों के सामने से धड़ल्ले से गुजर रहे ओवर लोड लकड़ी वाहन

● ..... ओवरलोड ट्रक बच्चों की जान पर बन आई।

.....स्थानीय लोग बोले पुलिस और लकड़ी माफियाओ की मिलीभगत, प्रशासन कर रहा आंखें मूंद।

स्वतंत्र प्रभात

ह्यमोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज कस्बे की सड़कों पर इन दिनों मौत दौड़ रही है वो भी लकड़ी से लदी भारी भरकम ओवरलोड ट्रकों के रूप में। ये ट्रक न सिर्फ नियमों को ठेंगा दिखाते हुए स्कूलों के सामने से बेधड़क गुजरते हैं, बल्कि मासूम बच्चों की जान को भी गंभीर खतरे में डाल रहे हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कोई सामान्य परिवहन नहीं, बल्कि एक संगठित और सुनियोजित 'लकड़ी माफिया' का गोरखधंधा है, जिसमें पुलिस और प्रशासन की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है।

हर दिन गुजरते हैं लकड़ी के लदे ओवरलोड ट्रक.....

मोहनलालगंज कस्बे की तंग गलियों और स्कूलों से सटी सड़कों पर दिन-रात बल्लियों और लकड़ियों से लदे ओवरलोड ट्रक दौड़ रहे हैं। ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बच्चों के स्कूल के बाहर बिना किसी डर के भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे स्थानीय अभिभावकों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यह केवल ओवरलोडिंग का मामला नहीं है। गहराई से जांच की जाए तो यह अवैध लकड़ी कटान और व्यापार का हिस्सा हो सकता है, जिसमें वन विभाग, पुलिस और अन्य जिम्मेदार अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।कई लोगों का दावा है कि मोहनलालगंज कस्बा हल्का इंचार्ज की मिलीभगत के बिना यह कारोबार चल ही नहीं सकता। सड़कों पर पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इन ट्रकों को न रोका जाना, सवाल खड़े करता है। इलाके में लगातार बढ़ती ट्रक आवाजाही से जनता बेहद नाराज़ है। लोगों का कहना है कि प्रशासन शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। सवाल उठ रहा है कि आखिर बच्चों की जिंदगी से ऐसा खतरनाक खिलवाड़ कब तक जारी रहेगा?

अब तक स्थानीय प्रशासन या पुलिस की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। लेकिन जनता की मांग है कि जल्द से जल्द इस इन ओवर लोड ट्रको को रोका जाए और इस पर जांच बैठाई जाए कि किसकी शह पर ओवर लोड ट्रक चलते हैं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

तेंदुए का आतंक जारी दो दिन में दो कुत्तों का बनाया अपना निवाला, खेतों में दिखा तेंदुआ वन विभाग ने लगाया पिंजरा

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर जनपद सीतापुर के पिसावा थाना इलाके के प्रेमपुर गांव में शनिवार को एक बार फिर तेंदुए ने पालतू कुत्ते को शिकार बनाकर अपनी आमद दर्ज कराई है वहीं खेतों में काम कर रहे दो किसानों ने खेतों में चहलकदमी करते हुए तेंदुए को देखे जाने से ग्रामीण दहशत में है ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ कांबिंग करते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है। बताया जाता है कि खेत की जुताई कर लौट रहे ऋषिकांत को भी ट्रैक्टर के सामने तेंदुआ जंगल की ओर जाता नजर आया ग्रामीण रमेश ने बताया कि तेंदुआ गांव के दक्षिणी हिस्से में गोविंद के घर के पास घुस आया और उनके पालतू कुत्ते को अपना शिकार बना लिया। यह घटना लगातार दो दिनों में दूसरी बार हुई जब तेंदुए ने पालतू कुत्ते पर हमला किया गुरुवार रात भी तेंदुए ने बजेन्द्र के कुत्ते पर हमला कर उसे घसीटते हुए खेत में ले जाने के निशान छोड़े थे ग्रामीण धीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। जानकारी मिलते ही उप वन क्षेत्राधिकारी राहुल यादव और वन दरोगा विनीत कुमार सक्सेना मौके पर पहुंचे टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पगचिन्ह देख तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी गांव का एक युवक शौच के लिए खेत गया था। तब तेंदुए से उसका आमना-सामना हुआ था उस समय भी वन विभाग की टीम ने पगचिन्ह लेकर तेंदुए के सक्रिय होने की रिपोर्ट बनाई थी लगातार हो रही इन घटनाओं से प्रेमपुर गांव में दहशत का माहौल है ग्रामीणों ने बताया कि अब तेंदुआ सिर्फ पालतू जानवरों को निशाना बना रहा है लेकिन कभी भी किसी व्यक्ति पर हमला हो सकता है। इस डर से गांववाले पहरा देने को मजबूर हैं वन विभाग के उप वन क्षेत्राधिकारी राहुल यादव ने बताया कि गांववासियों को सतर्क रहने और समूह में ही बाहर निकलने की सलाह दी गई है उन्होंने भरोसा दिलाया कि उच्चाधिकारियों से अनुमति मिलते ही तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा!!

नगर अध्यक्ष अनुराग मिश्रा के नेतृत्व में उपजलाधिकारी को ज्ञापन देकर गौशाला पर लगाए गभीर आरोप

बिसवां सीतापुर राष्ट्रीय हिंदू शिवसेना के नगर अध्यक्ष अनुराग मिश्रा के नेतृत्व में एसडीएम बिसवां शिखा शुक्ला को ज्ञापन देकर रामपुर घेरवा मानपुर में स्थित गौशाला पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि गौशाला में गौवंशों के साथ अत्याचार किया जाता है। कार्यकर्ताओं ने जांच करवा कर दोशी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुराग मिश्रा राहुल अजीत अंकुल सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रेल लाइन पार रहा बाघ का शावक ट्रेन की चपेट में आने से हुआ घायल

दुर्घटना/हादसा
स्वतंत्र प्रभात

मानिकपुर, चित्रकूट: रानीपुर टाइगर रिजर्व से जुड़े मध्य प्रदेश बार्डर के जंगल में एक शावक ट्रेन की चपेट में आ गया। वन कर्मियों ने घायल शावक को ईलाज के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपी-एमपी बॉर्डर के मझगवां रेंज के हजारा नाला क्षेत्र में बीती रात्रि रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के एक बाघ का पांच माह का शावक रेल लाइन पार कर रहा था। इस दौरान अचानक ट्रेन आने से वह उसकी चपेट में आ गया, जिससे शावक को गंभीर चोट आ गयी। जिसकी सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने शावक का प्राथमिक इलाज करवाकर उसे मुकुंदपुर जू सेंटर भेज दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शावक के पिछली टांगों में गंभीर चोटे आई है। शावक की हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन कुछ दिन निगरानी में रखना जरूरी होगा।

बक्शी का तालाब नगर पंचायत चलाएगा वृहद वृक्षारोपण अभियान

● 9 जुलाई को होगी अभियान की शुरुआत।

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर 6 जुलाई वृक्षारोपण के सफल क्रियान्वयन हेतु रविवार को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा अपराह्न 4:00 बजे से आयोजित वीडियो कान्फ्रेन्सिंग में नगर पंचायत बख्शी का तालाब के सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गयी जिसमें नगर पंचायत बी0के0टी0 के अध्यक्ष गनेश रावत, अधिशासी अधिकारी इन्द्र भान, ब्रांड एम्बसेडर एवं कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येन्द्र कुमार सिंह, सभासद श्रीमती किरन पटेल, निकाय के कर्मचारी योगेन्द्र राजपूत, विकास सिंह, राहुल कटियार अर्जुन वर्मा आदि सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी इन्द्र भान ने बताया कि नगर पंचायत बी0के0टी0 को ईको फ्रैन्डली बनाये जाने हेतु दिनांक 09 जुलाई 2025 को सुबह 7:00 बजे से शाम 07.00 बजे तक वृक्षारोपण महा अभियान चलाया जायेगा जिसमें नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कराया जायेगा ब्रांड एम्बेसडर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नगर को अध्यात्म से जोड़ने के लिए नीम, बरगद, पीपल देसी आम, इमली, कैथा एवं बालम खीरा कि पौधों का रोपण कराया जाएगा साथ में ही निकाय में जिन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला है उनके घर के सामने सहजन के पौधे लगाए जाएंगे। नगर से जुड़ी हुई लिंक रोडो के किनारे, शमशान घाटो, मंदिर के किनारे खाली पड़ी जमीनों, तालाब की पट्टियो नदियों के किनारे, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समाधियों पर बृहद वृक्षारोपण किया जाएगा।

"डायट खैराबाद में बाबूजी के सम्मान में उमड़ा भावनाओं का सैलाब"

● श्री रामचंद्र- एक युग की विदाई, "एक प्रेरणा की शुरुआत"

सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी श्री रामचंद्र के सम्मान में भव्य समारोह।

स्वतंत्र प्रभात

खैराबाद (सीतापुर)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), खैराबाद में प्रशासनिक अधिकारी श्री रामचंद्र जी की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में एक गरिमामय एवं भावविह्वल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डाइट प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक श्री राजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डाइट के समस्त प्रवक्ता, कार्यालय कर्मचारी, क्लर्क स्टाफ तथा अन्य पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह को खास बनाने का प्रयास हर स्तर पर किया गया, जिससे श्री रामचंद्र जी के सेवा कार्यों की गरिमा को सच्चे अर्थों में स्मरणीय बनाया जा सके। कर्मनिष्ठ जीवन की एक प्रेरणादायक मिसाल

श्री रामचंद्र जी ने अपने सेवाकाल के दौरान संस्था को प्रशासनिक सुदृढ़ता देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उल्लेखनीय है कि वर्तमान में डायट खैराबाद में कार्यरत अधिकांश प्रवक्ताओं, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की नियुक्ति में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उनकी कर्मठता, सौम्यता, उदारता एवं अनुशासनप्रियता ने संस्थान को कई बार प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया। उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए जिलाधिकारी, सीतापुर द्वारा भी उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जो उनकी सेवा निष्ठा का प्रमाण है। डायट प्रवक्ता श्री अमित कुमार ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "बाबूजी सच्चे अर्थों में सेवा के प्रतीक थे। वे पूर्ण तन्मयता से अपने कार्य में रत रहते थे। उनका समर्पण, निष्ठा और सरलता सदैव स्मरणीय रहेगी।"

एक युग का अवसान, लेकिन प्रेरणा शेष रहेगी

समारोह में डाइट के सभी प्रवक्ताओं और कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। यह आयोजन न केवल एक कर्मयोगी को विदाई देने का अवसर था, बल्कि संस्थान की सेवा-परंपरा को सम्मान देने का सजीव उदाहरण भी बना।

रजबहा माइनरों में पानी न आने से किसान परेशान धान की रोपाई होने में परेशानी

स्वतंत्र प्रभात

रायबरेली- महराजगंज क्षेत्र में रजबहा और माइनरों में पानी न आने से किसान परेशान हैं। धान की रोपाई का समय है, लेकिन नहरों में पानी न होने के कारण किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि, शारदा सहायक की पोषित रायबरेली रजबहा और रायबरेली रजबहा से पोषित महराजगंज माइनर में पानी न आने से किसानों को खेतों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है, जिससे धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। लगभग दो महीने की तैयारी बेढ़ना खेतों में खड़ी हुई है, जो बूढ़ी हो रही है।

आपको बता दें कि, शारदा सहायक की पोषित रायबरेली रजबहा थुलेडी के पास से निकली है। इसके अंतर्गत महापतगंज, नरई, थुलवांसा, गोलहा, भदिहा, सलेथू, बरहुआं, असनी, राघवपुर, घोरौना, हरदोई, हाजीपुर, चिलौली आदि गांव की हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई होती है। इसी रायबरेली रजबहा से गोलहा के पास से निकली महराजगंज माईनर का भी यही हाल है, जब रायबरेली रजबहा में ही पानी नहीं आ रहा है तो महराजगंज माईनर में पानी आना संभव ही नहीं है।

महराजगंज माईनर के अन्तर्गत गढ़ी, रवना, बल्ला, जिहवा, पाली, ढोढ़े का पुरवा, सुखई का पुरवा, घेरा, बबुरिहा, अलारगंज आदि गांवों के किसान दोनों रायबरेली रजबहा और महराजगंज माईनर में पानी न छोड़ें जाने से परेशान हैं। क्षेत्र के किसानों बाबूचंद्र लखनऊवा, बजरंगी, मोछ्ई, नकई, जंगू, केदार, ब्रजमोहन, राम भरोसे आदि का कहना है कि, उनके धान की बेढ़न डेढ़ से दो महीने की हो गई है। नहर की सिंचाई के अलावा और कोई जरिया नहीं है। धरती पर भगवान कहे जाने वाले किसान के ऊपर न तो सरकार की कृपा दृष्टि है और न ही इन्द्र भगवान की कृपादृष्टि है, ऐसे में रायबरेली का किसान हर तरफ से असहाय दिखाई दे रहा है।

किसानों का कहना है कि, संसद से लेकर सदन तक रायबरेली के विकाश और खुसहाली की गाथा गाने वाले रायबरेली सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश सरकार के मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती के होते हुए भी क्षेत्र की जनता और किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। किसानों का यह भी कहना है कि, रामलाल अकेला के विधायक कार्यकाल में, पूर्व प्रमुख स्व. रामशंकर चौधरी के रहते क्षेत्र के किसानों को खाद, बीज, पानी के लिए कभी किल्लत नहीं उठानी पड़ी। किसानों ने जिले की मुखिया जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से माईनरों और रजबहों में पानी छोड़े जाने की मां की है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कि राज्य परिषद में पारित 16 प्रस्ताव प्राप्त करने की संस्तुति शासन को भेज दी

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में 05 जुलाई, 2025 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों की आनलाइन उपस्थित में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए इस पर पुनर्विचार किए जाने का आश्वासन शिक्षा निदेशक डा0 महेन्द्र देव ने उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ के कोषाध्यक्ष आर0पी0 सिंह, जालौन के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह राणा सहित 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल को दिया। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा0 आर0पी0 मिश्र एवं महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि प्रादेशिक अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने शिक्षा निदेशक से शासनादेश में की गई व्यवस्था के अनुसार आफलाइन स्थानान्तरण भी किए जाने की मांग की जिस पर शिक्षा निदेशक ने कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया। इसी के साथ पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ मण्डलों में नोशनल इन्क्रिमेन्ट अन्य मण्डलों की भांति स्वीकृति किए जाने की मांग पर शिक्षा निदेशक ने वित्त विभाग की आपत्तियों को दूर कराकर कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया। नवीन पेन्शन योजना से पुरानी पेन्शन योजना में आच्छादित किए जाने के अवशेष प्रकरणों को शासन की अनुमति मिलने के बाद तत्काल निस्तारित कराये जाने का भी शिक्षा निदेशक ने आश्वासन दिया। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद मे पारित 16 प्रस्तावों को प्राप्त कराने के पश्चात शिक्षा निदेशक ने कहा कि निदेशालय स्तर के प्रस्तावों पर मेरे द्वारा तत्काल कार्यवाही की जाएगी और शेष प्रस्तावों को अपनी संस्तुति के साथ शासन भेज दिया जाएगा।

समाधान दिवस में 320 शिकायतों में से 45 का निस्तारण 7 तहसीलों में अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन दिए, शिकायतकर्ताओ में रोष

सीतापुर जनपद सीतापुर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे सात तहसीलों में कुल 320 शिकायतें आई इनमें से केवल 45 का मौके पर निस्तारण हुआ महमूदाबाद तहसील में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ यहां 77 शिकायतों में से 10 का ही निस्तारण किया गया डीएम अभिषेक आनंद और एसपी अंकुर अग्रवाल भी मौजूद रहे। अन्य तहसीलों का प्रदर्शन भी संतोषजनक नहीं रहा मिश्रिख में 34 में से 4, लहरपुर में 61 में से 4, महोली में 44 में से 6, सदर में 8 में से 3, बिसवां में 47 में से 7 और सिधौली में 49 में से 11 शिकायतों का निस्तारण हुआ मंडलायुक्त ने पिछले समाधान दिवस की शिकायतों पर फीडबैक लिया। कई शिकायतकर्ताओं ने असंतोष जताया इन प्रकरणों को दोबारा संबंधित अधिकारियों को भेजा गया मंडलायुक्त ने लंबित राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए शिकायतकर्ताओं ने पुलिस और राजस्व विभाग पर उपेक्षा के आरोप लगाए उनका कहना था कि अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर चले जाते हैं शिकायतें महीनों तक फाइलों में दबी रहती हैं बाकी शिकायतों को एक सप्ताह में निपटाने के निर्देश दिए गए हैं!

लिथियम की होड़ में भारत-चीन आमने-सामने, अर्जेंटीना बना रणनीतिक रणभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना की द्विपक्षीय यात्रा दोनों देशों के आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही साथ ही इस यात्रा का एक और बड़ा रणनीतिक असर होने जा रहा है। हम आपको बता दें कि वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में लैटिन अमेरिका और एशिया के देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक रिश्ते गहराते जा रहे हैं। अर्जेंटीना और चीन के संबंध इसी उभरते भू-राजनीतिक समीकरण का हिस्सा हैं। बीते एक दशक में अर्जेंटीना ने चीन के साथ अपने व्यापारिक, निवेश, और कूटनीतिक संबंधों को अत्यंत मजबूत किया है। यह संबंध न केवल क्षेत्रीय रणनीति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि भारत के लिए भी कई अवसर और चुनौतियाँ उत्पन्न कर रहे हैं।

हम आपको बता दें कि चीन अर्जेंटीना का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। दोनों देशों ने कृषि, अवसंरचना, ऊर्जा और रक्षा जैसे क्षेत्रों में कई समझौते किए हैं। चीन अर्जेंटीना से बड़ी मात्रा में सोयाबीन, मांस और कृषि उत्पाद आयात करता है। साथ ही चीन ने अर्जेंटीना में जलविद्युत परियोजनाओं और परमाणु संयंत्रों में भारी निवेश किया है। यही नहीं, अर्जेंटीना वर्ष 2022 में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव क्क्रद्ध में शामिल हुआ, जिससे चीन की लैटिन अमेरिका में रणनीतिक उपस्थिति और गहराई। एक खास बात और है कि अर्जेंटीना "लिथियम ट्रायंगल" का हिस्सा है और चीन ने वहां की कई लिथियम परियोजनाओं में निवेश कर रखा है।

चीन का अर्जेंटीना में गहराता प्रभाव भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से चिंता का विषय है, खासकर जब चीन की नीति Global South के देशों में कर्ज और निवेश के माध्यम से प्रभाव बढ़ाने की रही है। यहां यह भी काबिलेगौर है कि भारत इलेक्ट्रिक वाहनों और ऊर्जा भंडारण के लिए लिथियम पर निर्भर है। अर्जेंटीना में चीन की बढ़ती हिस्सेदारी इस महत्वपूर्ण खनिज की वैश्विक आपूर्ति में भारत को पीछे धकेल सकती है। इसलिए भारत अर्जेंटीना के साथ अपने संबंधों को मजबूती देना चाहता है, लेकिन चीन की पहले से मौजूदगी भारत की कूटनीतिक पहुंच को सीमित कर सकती है। लेकिन भारत के ÷ग्लोबल साउथ÷ को जोड़ने की नीति अर्जेंटीना जैसे देशों में स्वीकार्यता पा रही है।

देखा जाये तो भारत और चीन दोनों ही अर्जेंटीना को एक बड़ा कृषि, औद्योगिक और खनिज स्रोत मानते हैं। हालांकि चीन का आक्रामक निवेश मॉडल भारत के लिए प्रतिस्पर्धा को कठिन बना देता है, खासकर तब जब भारत सतर्क और स्थिर निवेश नीति पर चलता है। सवाल उठता है कि भारत की रणनीतिक दिशा क्या होनी चाहिए? इसका जवाब यह हो सकता है कि भारत को अर्जेंटीना सहित लैटिन अमेरिका के देशों में उच्च स्तरीय राजनीतिक और व्यापारिक संवाद को और गहरा करना होगा। साथ ही अर्जेंटीना में लिथियम जैसे संसाधनों के लिए भारत को चीन के समानांतर रणनीतिक साझेदारियाँ बनानी होंगी। इसके अलावा, "सॉफ्ट पावर" के माध्यम से भारत अर्जेंटीना में अपनी पहचान मजबूत कर सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अर्जेंटीना दौरे में देखने को आया कि भारत जिन उद्देश्यों और लक्ष्यों को लेकर चल रहा है उसमें सही रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। वैसे भी हाल के वर्षों में भारत और अर्जेंटीना के द्विपक्षीय संबंध ऐतिहासिक, कूटनीतिक और आर्थिक दृष्टि से लगातार प्रगाढ़ हुए हैं। ये संबंध केवल व्यापार और कूटनीति तक

सीमित नहीं हैं, बल्कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि, खेल और संस्कृति जैसे विविध क्षेत्रों में भी परस्पर सहयोग का आधार बनते जा रहे हैं। हम आपको बता दें कि भारत और अर्जेंटीना के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध 1949 में स्थापित हुए थे। दोनों देश वैश्विक मंचों पर समान विचार साझा करते हैं- जैसे बहुपक्षवाद, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद विरोध और Global South की आवाज को सशक्त बनाना। पिछले दो दशकों में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय राजनीतिक यात्राएं, व्यापारिक समझौते और रणनीतिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करें तो आपको बता दें कि दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सहयोग को लेकर सहमति जताई। साथ ही अर्जेंटीना चूंकि Lithium Triangle का हिस्सा है और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन नीति के लिए लिथियम एक प्रमुख संसाधन है, इसलिए प्रधानमंत्री की यात्रा में लिथियम आपूर्ति के समझौते बेहद अहम रहे। इसके अलावा, अर्जेंटीना कृषि विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी में उन्नत है इसलिए भारत ने कृषि क्षेत्र में सहयोग की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। साथ ही दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को और बढ़ाने पर जोर दिया, विशेषकर आईटी, फार्मा और ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहन देने पर सहमति हुई।

आगे की संभावनाओं पर गौर करें तो कहा जा सकता है कि भारत-अर्जेंटीना संबंध आने वाले वर्षों में और अधिक सुदृढ़ हो सकते हैं, विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर और पवन ऊर्जा में। इसके अलावा, छात्र विनिमय कार्यक्रम और विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी से शिक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग और बढ़ने की संभावना है। साथ ही अर्जेंटीना की फुटबॉल विरासत और भारत की सांस्कृतिक विविधता के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भी अपार संभावनाएं हैं। बहरहाल, कुल मिलाकर देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्जेंटीना यात्रा भारत की "Act Global" कूटनीतिक नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। इस यात्रा ने न केवल दोनों देशों के बीच सहयोग के नए द्वार खोले हैं बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को और सुदृढ़ किया है। अर्जेंटीना जैसे लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भारत के संबंधों की सुदृढ़ता न केवल आपसी सहयोग को बढ़ावा देती है, बल्कि वैश्विक संतुलन की दिशा में एक सकारात्मक कदम भी है।

संपादकीय

लाखों गाँवों में सहकारी संस्थाएं, अमित शाह के लिए बड़ी चुनौती

पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जो घोषणा की है वो शहरों और महानगरों में रहने वाले लोगों लिए शायद कोई महत्व नहीं रखती हो, पर ग्रामीणों के लिए एक अहम बात है। शाह ने अगले पांच वर्षों में देश के प्रत्येक गांव में सहकारी संस्था स्थापित करने और राष्ट्रीय सहकारी नीति बनाने की भी घोषणा की। पहली नज़र में यह आम तौर पर प्रायः नेताओं-मंत्रियों द्वारा मंचीय घोषणा की तरह लग सकती है, पर ऐसा नहीं है। यह घोषणा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि यह मोदी सरकार की सहकारिता विभाग मोदी सरकार का महत्वाकांक्षी मंत्रालय है और इसके मंत्री शाह आम तौर पर ऐसी औपचारिक घोषणाएं नहीं करते हैं। वे जानते हैं कि देश की अधिसंख्य जनसंख्या गाँवों में बसती है और गाँव में रहने वाला व्यक्ति ही जानता है कि गाँव और ग्रामीणों के लिए कोई सहकारी संस्था क्या मायने रखती है। भारत में सहकारी संस्थाएं ब्रिटिश काल से चली रही हैं।

मद्रास प्रेसीडेंसी के गवर्नर और और पक्षी-विज्ञानी कर्नल फ्रेडरिक निकोलसन बेट्स की रिपोर्ट के तहत भारत में पहली सहकारी संस्था तमिलनाडु के तिरूर में 30 अगस्त 1904 को स्थापित की गई, जो एशिया की पहली सहकारी संस्था मानी जाती है। तब से भारत के ग्रामीण आर्थिक विकास में सहकारी संस्थाओं ने कृषि,डेयरी,आवास और बैंकिंग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गुजरात की अमूल विश्व में दूध और दुग्ध उत्पादों का सबसे बड़ा सहकारी उत्पादक है। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) उर्वरकों के उत्पादन और विपणन में विश्व में खासा स्थान रखती है। कृभको यानी कृषक भारती सहकारी लिमिटेड किसानों को उर्वरक, बीज और अन्य कृषि इनपुट उपलब्ध करवाती है तो श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ उत्पादन से महिलाओं को सशक्त बनाती है। राजस्थान स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड यानी 'एपेक्स बैंक' राजस्थान में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र की शीर्ष संस्था है। इन सबका प्राथमिक संबंध गाँवों और ग्रामीणों से है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार देश में करीब सात लाख गाँव हैं और शाह की मानें तो 2030 तक इनमें से हर गाँव में सहकारी संस्था बन जाएगी। सवाल यह है कि भारत के आधारभूत ढांचे और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और अन्य बातों को देखते हुए क्या

यह व्यावहारिक रूप से संभव है? दरअसल इस शाही लक्ष्य की प्राप्ति में इतनी चुनौतियां, समस्याएं हैं कि शाह के लिए यह राह आसान नहीं है। मुख्य चुनौतियों को कुछ बिंदुओं में समझा जा सकता है-

बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी की कमी- ग्रामीण क्षेत्रों में खराब कनेक्टिविटी, बिजली और इंटरनेट की कमी के कारण आधुनिक तकनीकों को अपनाना चुनौतीपूर्ण है। सहकारी समितियों को बाजार तक पहुंचने और सप्लाई चैन सिस्टम में तकनीकी पिछड़ापन प्रमुख बाधा है।

वित्तीय संसाधन का टोटा- सहकारी संस्थाओं को स्थापित करने और संचालित करने के लिए पर्याप्त पूंजी की आवश्यकता होती है। ग्रामीण सहकारी समितियों के पास अक्सर सीमित वित्तीय संसाधन होते हैं। सरकारी फंडिंग पर अत्यधिक निर्भरता और निजी निवेश की कमी बड़ी चुनौती है।

प्राइवेट सेक्टर से प्रतिस्पर्धा-सहकारी समितियां अक्सर बड़े व्यवसायों और निजी क्षेत्र के साथ प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ रहती हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बाजार तक पहुंच सीमित है।

बुनियादी ढांचे की कमी, जैसे गोदामों और परिवहन सुविधाओं का अभाव, उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में मुख्य बाधा है।

सीमित दायरा और एकल उद्देश्य- कई सहकारी समितियां केवल एक या दो गांवों तक सीमित हैं और एकल उद्देश्य (जैसे केवल ऋण प्रदान करना) पर काम करती हैं, जिसके कारण उनकी संसाधन क्षमता और प्रभाव सीमित रहता है। केंद्र और राज्य की नीतियों का संघर्ष- सहकारी समितियां राज्य सूची का विषय हैं, जिसके कारण केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की कमी एक बड़ी बाधा है। नई नीतियों और कानूनों, जैसे मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज अधिनियम 2023 को लागू करने में भी कई जटिलताएं हैं।

राजनीतिकरण मुख्य बाधा- सहकारी संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी प्रायः किसी न किसी राजनीतिक दल से जुड़े ही होते हैं। अक्सर राजनेताओं ने समुदाय के कल्याण की कीमत पर अपने राजनीतिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए सहकारी समितियों का दुरुपयोग भी किया है। सहकारी समितियों में पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभाव है। राजनीतिक हस्तक्षेप और नौकरशाही नियंत्रण समितियों की स्वायत्तता को कमजोर करते हैं।

इन चुनौतियों को देखते कहा जा सकता है कि यह लक्ष्य एक हिमालयन टास्क है। इसके सियासी ख़तरे भी बहुत हैं। इससे मोदी-शाह की साख के साथ भाजपा का भविष्य भी जुड़ा है। इसकी सियासी गणित इस बात से समझी जा सकती है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को जिस मुख्य कारण ने पूर्ण बहुमत से रोक दिया वो था ग्रामीण मतों में गिरावट। ग्रामीण इलाकों से भाजपा को 35 प्रतिशत वोट मिले, जो 2019 के 39.5 से 4.5त्न कम थे। गठबंधन की दृष्टि से देखें तो ग्रामीण क्षेत्रों में एनडीए को प्रति 100 मतदाताओं में से 43 वोट मिले, जबकि इंडिया गठबंधन को 42 वोट मिले। फ़ासला भले ही एक फीसदी का हो लेकिन लाखों समितियों के गठन में कोई भी चूक असंतोष उपजाने में पर्याप्त है और कोई भी उलटफेर बड़ी चुनौती बन सकता है।

हरीश शिवनानी

वाद की खाद खाते हैं वो..... वात और वाद के रोगी

इस दुनिया में दो पक्के प्रकार के रोगी मिलते हैं कृ एकए जो ष्वातष् से पीड़ित होते हैंए और दूसरेए जो ष्वादष् से। कई बार ये दोनों रोग एक साथ भी आ जाते हैंए और जब ऐसा होता हैए तो स्थिति लगभग असाध्य हो जाती है।

वैसे तो आयुर्वेद में तीन दोष बताए गए हैं कृ वातए पित्त और कफकृ जिनसे शरीर के रोगों की जड़ जुड़ी होती है। इनमें भी वात रोग को सबसे अधिक प्रभावी माना गया है। कोई भी रोग जो किसी स्पष्ट बीमारी में फिट न बैठेए वह वात का ही रूप माना जाता है। जिसे हम वायु कहते हैं कृ हवाए गैसए प्रेशरए असर कृ उसी के दुष्प्रभाव से शरीर और मन दोनों बिगड़ जाते हैं।

वायु अगर घुटनों में जा घुसे तो आदमी लंगड़ाने लगेय पेट में हो तो अपचए बदहजमीए गैस की समस्या। और यदि वही वायु मस्तिष्क में चढ़ जाएए तो वह वात न रहकर वाद बन जाती है कृ और वाद का रोगी सिर्फमानसिक रूप से नहींए सामाजिक रूप से भी बीमार माना जाता है।

वाद के रोगी के लक्षण स्पष्ट होते हैं-

चेहरे पर तनावए बात.बात में अकड़ए मुँह से अनर्गल गालियाँए दूसरों को अपमानित करनाए खुद को महापुरुष घोषित करना और दिनभर चक्करघिन्नी की तरह घूमते रहना।

वाद की भी कई किस्में होती हैं कृ प्रगतिवादए प्रतिक्रियावादए परंपरावादए राष्ट्रवादए निष्पक्षवादए फ्लाँवादए ढिकानावादण्ण्ण् बिल्कुल वायरस के स्ट्रेन की तरह। इनमें लक्षण भले ही मिलते.जुलते होंए लेकिन इलाज अलग.अलग होता है।

इस वाद से ग्रसित व्यक्तिए ठीक वैसे ही व्यवहार करता है जैसे कोई बीमार आदमीए जिसे अपनी बीमारी से प्रेम हो जाए कृ वह उसे ओढ़े.बिछाए घूमता हैए हर चर्चा में अपनी बीमारी घुसेड़ देता हैए और दूसरों की बीमारियों को घटिया या तुच्छ बताता है।

वह दिनभर घूमता हैए दूसरों को विचारों का इंजेक्शन देता हैए खुद को ष्महान पीड़ितष् और बाकी सबको ष्भ्रमितष् मानता है। और इस सबके बीचए कोई एक सामान्यए संतुलित व्यक्ति कृ जिसे न वात ने घेरा हैए न वाद ने कृ उन्हें बीमार लगने लगता है।

ऐसे में वाद.पीड़ित उस सामान्य व्यक्ति से भी बहस में उलझ जाते हैंए और अंततः उसे भी किसी न किसी वाद में घसीट ही लेते हैं।

क्योंकि इस बीमारी का नियम है-

श्जो बीमार नहीं हैए उसे बीमार साबित करो कृ यही असली वाद का प्रचार है।

कई लोग वाद के विवाद में न पड़कर स्वयं को शील कहलवाना पसंद करते हैं..... नाम से ही सहीए कम से कम शालीन नजर आएं।

जैसे एक हैं हमारे बब्बन चचा.....

ये प्रगतिशील हैं..... प्रगति में विश्वास रखते हैं कृ प्रगति का घूंघट ओढ़े रहते हैं।

थोड़ा ही कोई इनका घूंघट उठाने की जुर्रत करे तो शील भंग होने का रंडी.रोना रोते नजर आते हैं।

प्रगति का नंगा नाच करते हैं ये कृ मनए शीर और अपने कुकर्म से कभी.कभार पूरी नंगाई पर उतर आते हैं। प्रगति की लाठी हाथ में लिए लठियाते हैंए प्रगतियाते हैं!

प्रगति के पीछे हाथ धोकर पड़े हैंण्ण्ण् लेकिनएअब प्रगति की काली कोठरी में हाथ काले हुए बिना रहेंगे क्याण्ण् प्रगति की कालिख अब पूरे चेहरे पर पोत ली है। लोट.लुहान हैं।

देखो तोए जुगाली करते हैं तो प्रगति की कैसी फेन सी निकल आती है मुँह से!

प्रगति की हरी घास काटने के लिए सर्वहारा की हँसिया इस्तेमाल करना इन्हें अतिप्रिय है!

जो उनके वाद का नहीं हैए उस पर वाद.विवाद की तलवार चलाते हैं।

हद तो यह है कि ये संवेदनाएँ नहीं फैलाते कृ ये तो सनसनी फैलाते हैं।

अपने ष्वादष् को ही अंतिम सत्य मानने वाले ये लोग खुद को ष्सर्वहाराष् घोषित कर चुके हैं-

मगर जहाँ भी किसी लेखक में वाद विहीन स्वतंत्रता दिखेए वहीं ये लपक पड़ते हैं।

वे सभी साहित्यकार इनके निशाने पर होते हैंए जो किसी भी वाद में नहीं फँसते-

उन्हें प्रतिक्रियावादीष् करार दे दिया जाता है
उन्हें जनविरोधी घोषित कर दिया जाता है
और साहित्य के मंचों पर तख्तियाँ टाँग दी जाती हैं

यहाँ बिना वाद का प्रवेश वर्जित है।

उन्होंने मुझसे पूछा-

श्आप किस वाद से पीड़ित हैं

मैंने निर्विवाद रूप से अपनी मंशा जताई

कृपया मुझे किसी वाद के कीचड़ में न घसीटें।

बोले-

कैसे लेखक हो तुम यारघ् बिना वाद की स्याही डाले तुम्हारी लेखनी लिख ही कैसे पाएगी! तुम किसी वाद से पीड़ित नहीं हो कृ इसका मतलब निश्चित ही तुम सत्ता के चाटुकार होण्ण्ण् सत्ता के दरबारी! क्योंकि वही तो छुपाए फिरते हैं अपनी फितरत!

और जब मैं कहता हूँ-

श्भाईए मुझे निर्विवाद ही रहने दोउ क्यों घसीट रहे हो किसी वाद में

तो कहते हैं

श्बेटा! साहित्य के किले में वाद की रस्सी पकड़कर ही चढ़ा जाता है!

कहो..... अब मैं क्या करूँघ् रस्सी पकड़ूँ या कलम

डॉ. मुकेश 'असीमित'

दैनिक राशिफल

ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ
डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी

मेष

आज भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी। बेरोजगारी दूर होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। चारों तरफ से सफलता मिलेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। उत्साह बना रहेगा। चिंता तथा तनाव कम होंगे।

वृष

आज कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। धनहानि भी आशंका है।

मिथुन

आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है, सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

कर्क

आज अध्यात्म में रुझान रहेगा। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। विवेक का प्रयोग करें। प्रमाद न करें।

सिंह

आज कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके कार्यों में गति आएगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। प्रमाद न करें।

कन्या

आज यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें।

तुला

आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। बेकार बातों पर बिलकुल ध्यान न दें।

वृश्चिक

आज बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

धनु

आज आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। प्रमाद न करें।

मकर

आज मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी दूसरे व्यक्ति के काम में हस्तक्षेप न करें। विवाद होगा।

कुंभ

आज आय में निश्चितता रहेगी। समय शीघ्र सुधरेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बेवजह कहासुनी हो सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकते हैं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनहानि की आशंका है। व्यापार-व्यवसाय में धीमापन रह सकता है।

मीन

आज रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। कार्यभार व अधिकार में वृद्धि हो सकती है।

भ्रष्ट व्यवस्था के संरक्षण में चलता है गोमांस का अवैध कारोबार

पंजाब के फगवाड़ा-गोराया के बीच हाईवे पर स्थित ज्योति ढाबे से दो दिन पहले क्विंटलों गोमांस बरामद किया गया. इस संबंध में विभिन्न हिंदू संगठनों के नेता और गौ रक्षक संस्थान के सदस्य मौके पर पहुंचे और उन्होंने रोष व्यक्त किया. हिंदू संगठनों ने कहा कि ढाबे के अंदर एक बड़ा फ्रीजर बनाया गया था, जिसमें क्विंटलों गोमांस रखा हुआ था. आप जानते हैं कि गाय को हिन्दू माता मानते हैं। कहा जाता है कि गाय में 33 कोटि देवताओं का वास रहता है जो हर तरह से हमारी रक्षा करती है परंतु आज यही गौ माता समाज के एक वर्ग के लोगों के अत्याचारों का शिकार हो रही है।

2 जुलाई, 2025 को पंजाब के 'फगवाड़ा' में गांव 'चाचोकी' के निकट स्थित 'ज्योति वैष्णो ढाबा', जिसे अब सील कर दिया गया है, के पीछे कोल्ड स्टोरेज के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले तहखाने में गौमांस की 'प्रोसैसिंग फैक्टरी' तथा बड़ी मात्रा में पैक किए हुए गौमांस का पता चलने पर शहर में तनाव फैल गया। इसका पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 'संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.)' तथा अन्य स्थानीय हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों के अनुसार यहां प्रतिदिन क्विंटलों के हिसाब से गौमांस की पैकिंग की जाती थी।

इसी परिसर में एक कमरे के बाहर एक बर्तन में पकाया हुआ गौमांस भी बरामद हुआ है जिसके बारे में जानकारों का कहना है कि यहां 'गौमांस' को प्रोसैस करने वाले लोग स्वयं भी 'गौमांस' पकाकर खाते थे। यहां इतनी अधिक असहनीय दुर्गंध फैली हुई थी कि सांस लेना भी मुश्किल था।सवाल यह है कि हिन्दू संगठन के लोग इस अवैध धंधे को पकड़ रहें हैं फिर पुलिस क्या कर रही है। जाहिर है सारा अवैध गोमांस का धंधा कुछ पुलिस की गंदी मछलियों के संरक्षण में चल रहा है।

पुलिस ने इस मामले में शामिल कुल 17 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है तथा इस सिलसिले में 8 लोगों (लेबर) को गिरफ्तार करने के अलावा 29 क्विंटल 32 किलो 'गौमांस' बरामद कर लिया है। इस अवैध गौमांस फैक्टरी में जहां उत्तर प्रदेश के रहने वाले 3 लोग शामिल बताए जाते हैं, वहीं इस रैकेट में 'म्यांमार' के 'रोहिंग्या' भी शामिल बताया गया हैं। इसका प्रमाण फगवाड़ा पुलिस द्वारा थाना सिटी में दर्ज की गई एफ. आई.आर. है जिसमें 'म्यांमार' के रहने वाले 'अरमान' नामक व्यक्ति का उल्लेख है।गौमांस की तस्करी करने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया. आरोपियों में

मुख्तयार आलम, आजाद, जाकिर हुसैन, रिहाना आलम और मिंजर अली मालदा पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं. अरशद उत्तर प्रदेश का और मदन शाह जालंधर जिले के गोराया का रहने वाला है।

'संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.)' के राष्ट्रीय अध्यक्ष 'गुरप्रीत सिंह' ने 'शिवसेना पंजाब' के सीनियर उपाध्यक्ष 'इंद्रजीत करवल', 'अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा समिति' के 'दीपक भारद्वाज' एवं अन्य गौभक्तों की मौजूदगी में बताया कि यहां 'गौमांस' की पैकिंग कर इसकी सप्लाई दिल्ली, श्रीनगर आदि विभिन्न स्थानों को भेजी जा रही थी।

फगवाड़ा पुलिस द्वारा दर्ज एफ.आई.आर. में उल्लेख किया गया है कि गौवंश को होशियारपुर रोड पर स्थित एक 'हड्डा रोड़ी' में काटा जाता था और वहां से गौमांस को बोनलैस करके उक्त फैक्टरी में डीप फ्रीज किया जाता था और गौवध तेजधार दातरों से नहीं, मोटर चालित आरियों से किया जाता था।

डी. एस. पी. 'भारत भूषण' का कहना है कि अभी पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है और ऐसा हो सकता है कि फगवाड़ा में ही गौवंश काटा गया हो तथा पुलिस गौमांस की फैक्टरी के आसपास के खेतों सहित होशियारपुर रोड पर मौजूद 'हड्डा रोड़ी' के पूरे इलाके की खुदवाई करवाएगी।

'फर्स्ट च्वाइस' ब्रांड नाम वाले 900 ग्राम वजन के 'गौमांस' के इन पैकेटों पर 'अरबी' और 'अंग्रेजी' भाषाओं में 'हलाल' तथा 'व्हील क्यूब्स' लिखा हुआ है। जानकारों के अनुसार 'व्हील' शब्द का प्रयोग 'गौमांस' विशेष रूप से छोटी आयु (6 महीने) के बछड़े-बछड़ियों के लिए किया जाता है जिसकी विदेशों में काफी कीमत मिलती है। 'संयुक्त गऊ रक्षा दल पंजाब (रजि.)' के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह के अनुसार पूरे पंजाब में ऐसी लगभग 14 फैक्टरियां चल रही है। इतने बड़े पैमाने पर गौवध किसी राजनीतिक संरक्षण के बिना चला पाना संभव नहीं है।

फगवाड़ा के विधायक बलविंद्र सिंह धालीवाल तथा गौभक्तों का आरोप है कि इस रैकेट में शामिल एक आरोपी की अवैध गतिविधियों के बारे में फगवाड़ा पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी गई थी परन्तु उनकी किसी ने नहीं सुनी तथा मामले को दबाया जाता रहा।

मामले में गुरुप्रीत सिंह पुत्र अवतार सिंह के बयानों पर मुकदमा दर्ज किया गया है. उन्होंने गुप्त सूचना देते हुए बताया कि फगवाड़ा से लुधियाना साइड जीटी रोड ज्योति ढाबे के बैकसाइड में बने हुए पैकिंग प्लांट में भारी मात्रा में गाय का मांस पैक किया जाता है. मांस काटने और पैकिंग का काम कई लोग करते हैं.

गौमांस की कटिंग हड्डा रोड, होशियापुर रोड (फगवाड़ा) में की जाती है. फिर ज्योति ढाबे की बैकसाइड गोदाम में बने पैकिंग प्लांट में उसकी पैकिंग की जाती है, जिसे दिल्ली और श्रीनगर तक सप्लाई किया जाता है.गुरुप्रीत सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि अगर मौके पर जाकर छापा मारा जाए तो ज्योति ढाबे के बैकसाइड पैकिंग प्लांट से भारी मात्रा में पैक्ड गौमांस बरामद किया जा सकता है. इसी सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया. आज पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगी.

कोर्ट ने पुलिस को आरोपियों की रिमांड दे दी. मामले में अभी आरोपियों के अलावा अन्य लोगों की इनवोलवमेंट का भी खुलासा होने की संभावना है, जो गौमांस की तस्करी करते हैं.

फगवाड़ा में गौमांस की फैक्टरी का मिलना असंख्य हिंदुओं की आस्था से सीधा जुड़ा होने के अलावा कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लगाता है। अतः यथाशीघ्र इस मामले की तह तक जाकर आरोपियों तथा राज्य में चल रही अन्य ऐसी फैक्ट्रियों का पता लगाकर उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

मनोज कुमार अग्रवाल

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

संक्षिप्त खबरें

भव्य समारोह में जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती हुआ संपन्न

श्रध्देय मुखर्जी जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडाता के लिए प्राणोंत्सर्ग कर जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह सदैव हमारी पिढियों के लिए प्रेरणा रहेगा जनार्दन तिवारी

खजनी गोरखपुर राष्ट्र निष्ठा की अमर प्रेरणा, जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म जयंती के अवसर पर आज वीर बहादुर सिंह पीजी कॉलेज हरनही महुराव में आयोजित संगोष्ठी में सम्मिलित होकर उनके महान व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया एवं मुख्य अतिथि माननीय जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी जी का उद्बोधन प्राप्त हुआ श्रद्धेय मुखर्जी जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए प्राणोत्सर्ग कर जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह सदैव हमारी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा रहेगा। उपस्थित मंडल अध्यक्ष अवध बिहारी मिश्रा जी,जिला उपाध्यक्ष गण , पार्टी पदाधिकारी गण कार्यकर्ता गण आप सभी लोगों को बहुत-बहुत बधाई एवम् शुभकामनाएं।

ग्राम प्रधान ने गांव के झोला छाप डाक्टर के खिलाफ खोला मोर्चा

गोलाबाजार गोरखपुर। गोला ब्लॉक अंतर्गत तीरा गांव के प्रधान सूरज कुमार ने शनिवार को गोला तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर गांव के झोला छाप डाक्टर जो बारानगर कलिका मंदिर पर क्लिनिक चलाते हैं,।उनके खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र देकर उनके डिग्री की जांच की मांग करते हुए आशंका व्यक्त किया है कि यदि जिम्मेदार समय से प्रभावी कारवाई नहीं करते हैं तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है। गोला तहसील पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एस डी एम अमित कुमार जायसवाल को ग्राम प्रधान सूरज कुमार ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए लिखा कि मेरे गांव का एक व्यक्ति इसी थाना क्षेत्र के ग्राम बारानगर कलिका माता के मंदिर के पास बिना रजिस्ट्रेशन व बिना किसी डाक्टरी डिग्री के क्लिनिक खोल कर भोले भाले गरीब मरीजों को ठग रहा है। वह अपने को एमबीबीएस डाक्टर कहता है। उन्होंने इनकी डिग्री की जांच की मांग की है। और आशंका व्यक्त किया है कि समय पर यदि रोक नहीं लगती है तो कोई अप्रिय दुर्घटना हो सकती है।

एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ वृक्षारोपण

रूद्रपुर , देवरिया। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां नाम के तहत रूद्रपुर के एसडीएम हरिशंकर लाल व तहसीलदार चन्द्रशेखर वर्मा ने रविवार को तहसील परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनका पोषण करने की अपील की। उक्त अवसर पर राजस्व कर्मचारी व वन विभाग के लोग मौजूद रहे। वहीं ग्राम डढ़िया में वृक्षारोपण गाँव निवासी सेवा निवृत्त बैंककर्मी सुधाकर द्विवेदी, माधुरी व प्रतिभा आदि ने अपने पैतृक जमीन पर दर्जनों पौधों का रोपण किया। इस गाँव के निवासी और अधिवक्ता वेद प्रकाश दुबे ने पौधरोपण करने के बाद कहा कि पौधे जीवन के आधार हैं।

नव विवाहिता ने पंखे से लटककर दी जान

रूद्रपुर, देवरिया। नगर के आजाद नगर वार्ड निवासी एक नव विवाहिता ने रविवार को पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। घटना का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज शिवम तिवारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सकीना का निकाह उपनगर के आजाद नगर वार्ड निवासी इलियास के पुत्र अजीज से बीते 21 जून को हुई थी। मृतका सकीना कुशीनगर जिले के देवराज पिपरा हाटा निवासी अनवर अली की पुत्री थी। अजीज ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया। खिड़की से झांक कर देखा तो सकीना पंखे से लटक रही थी। विदित हो कि सकीना के बहन सोनी का निकाह भी उपनगर के भरटोला वार्ड में हुआ है।

खजनी इलाके में तैयारी में एसएसपी को मिली थीं कई कमियां

●मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में चूक, सीओ पर बैठी जांच, थाना प्रभारी अर्चना सिंह को गवानी पडी थानेदारी

स्वतंत्र प्रभात

खजनी गोरखपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेस से जुड़ने वाले लिंक एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने आए सीएम के कार्यक्रम की तैयारी में चूक सामने आई है। एसएसपी की जांच में खजनी इलाके में सीएम के कार्यक्रम को लेकर न तो सुरक्षा के मानक तैयार किये गए थे और न ही ड्यूटी प्वाइंट ही चिहित किए गए थे। इस मामले में इंस्पेक्टर खजनी अर्चना सिंह को हटा दिया गया था तो अब एसएसपी ने सीओ खजनी उदय प्रताप सिंह के खिलाफ जांच का निर्देश दे दिया है। एसपी सिटी को पूर प्रकरण की जांच सौंपी गई है। खबर है कि इस मामले में सीओ पर कार्रवाई हो सकती है। हालांकि, अफसर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

लिंक एक्सप्रेस का उद्घाटन 20 जून को सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। 19 जून को तैयारियों का जायजा लेने के लिए एसएसपी राजकरन नय्यर खुद खजनी इलाके में पहुंचे थे। वहां पर चार्ट तक तैयार नहीं था। इसके पूर्वांचल एक्सप्रेस से जुड़ने वाले लिंक एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने आए थे सीएम हटाई गई थीं खजनी इंस्पेक्टर, अब सीओ खजनी की जांच करेंगे एसपी सिटी खुद तैयार करना पड़ा था प्लान उद्घाटन के ठीक एक दिन पहले कोई तैयारी न देखकर एसएसपी राजकरन नय्यर ने नाराजगी जाहिर की थी। वहीं, सीएम के सुरक्षा का प्लान उन्होंने खुद की मौजूदगी में तैयार कराया था। सीओ बांसगांव को देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ताकि, पूरा सुरक्षा प्लान ठीक से तैयार हो और कही से कोई चूक न होने पाए। खैर एक दिन पहले एसएसपी के सजगता से सुरक्षा और कार्यक्रम को ठीक ढंग से करा दिया गया, लेकिन सीओ की लापरवाही से एसएसपी खफा है। एक ओर जहां अर्चना सिंह को थानेदारी गंवानी पड़ी है तो इसी मामले में अब सीओ की जाच फाइल खुली है। जांच

में दोषी पाए जाने पर मुख्यालय से उन पर कारवाई तय मानी जा रही है।

अलावा सुरक्षा का कोई प्लान खजनी पुलिस ने तैयार नहीं किया था। एसएसपी ने सवाल किया तो सीओ और इंस्पेक्टर दोनों एक दूसरे के तरफ देख रहे थे। एसएसपी ने एसपी साउथ की मौजूदगी में पूरा प्लान तैयार कराया और फिर कार्यक्रम संपन्न हो सका था। लेकिन, इस चूक को एसएसपी ने गंभीरता से लिया। इसी मामले में इंस्पेक्टर खजनी अर्थना सिंह को हटा दिया गया तो सीओ की लापरवाही खजनी इलाके में तैयारी में एसएसपी को मिली थीं कई कमियां।

घर में गले में फंदा डाल कर करन ने कर लिया आतमहतया,मच कोहराम

गोलाबाजार गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम नरें निवासी गिरिजेश का 23 वर्षीय पुत्र करन कुमार उर्फ निरहू बीती रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे अपने कमरे में छत के कुंडी में फंदा डाल कर खुद कसी कर लिया। मृतक के पिता मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है। मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।लेकिन खुदकसी का निर्णय क्यों लिया इस कारण का पता नहीं चल पा रहा है। घटना की सूचना परिजनों ने तत्काल गगहा थाने ओर दिया। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पी।एम के लिए भेज दिया है।

बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म दिवस

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाजार गोरखपुर। गोला उपनगर के कसौधन मैरिज हाल में भा ज पा मंडल गोला द्वारा आयोजित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर मंडल गोष्ठी का आयोजन कर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नित्यानंद मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि शत्रुघ्न कसौधन रहे। संचालन जयशंकर तिवारी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा एक देश एक चुनाव एक विधान के नारे के साथ आपने कश्मीर से धारा 370 का विरोध करते हुए अपनी कुर्बानी दे दिया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से आज जन्मदिन तक सरकार ने कई कार्यक्रम आयोजित किया है। विशिष्ट अतिथि ने कहा देश के पहले संसद

में आप कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक रहे।

इस कार्यक्रम में डॉ राजेश जायसवाल बबलू सोनकर अजय राजभर अनिल कुमार संजय मद्धेशिया अचछैवर जयसवाल निलेश दूबे जोखन राजभर देवा कन्नौजीया सरवन गुप्ता रमेश तिवारी सुदर्शन कसौधन ऋषि साहनी रिंकू चौधरी तेरस प्रसाद राकेश ओझा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

संकल्प- वृक्ष को देव के रूप में करेंगे रक्षा

●वृक्ष जीवनदाता है- पप्पू पांडेय

स्वतंत्र प्रभात

कुशीनगर। पडरौना ब्लॉक अंतर्गत विशुनपुरा ग्रामसभा हरिशंकरी (पीपल, पाकड़,बरगद) अभियान के तहत रविवार को आगामी 9 जुलाई को होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत एक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो जिलाधिकारी के निर्देशन में एवं जिला संयोजक आर. के. सिंह तथा जिला सह संयोजक पप्पू पाण्डेय के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने एक स्वर में हरिशंकरी वृक्ष को लगाकर देव रूप में पूजन तथा देखभाल करने का संकल्प लिया।

इस बैठक को सम्बोधित करते हुए पप्पू पाण्डेय ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन दाता हैं और हमारे जलस्तर से लेकर ऑक्सीजन

वायुमंडल को ठीक करने में वृक्ष की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं इसलिए वृक्षों को हमारे शास्त्रों में देव का संज्ञा दिया गया हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज के परिवेश में जहा एक तरफ तापमान 50ए से ऊपर चला जा रहा हैं

इस स्थिति में वृक्ष और बन ही ऐसे श्रोत हैं जो हमारी और जलवायु की रक्षा कर हमको जीवन प्रदान कर सकते हैं साथ ही पीपल,पाकड़ तथा बरगद एक ऐसा वृक्ष हैं जो हमको भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन देने के साथ साथ ही हमारे जलस्तर में बहुत सुधार करने का काम करते हैं। इस लिए 9 जुलाई को जनपद के 2000 ग्रामसभाओं तथा नगर पंचायतों में हरी शंकरी वृक्ष लगा कर समाज और राष्ट्र को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

इसी क्रम में हम सभी गंगा जल लेकर संकल्प लेते हैं कि हरिशंकर वृक्ष का देखभाल देव के रूप में करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सहसंयोजक योगेंद्र जायसवाल,जसपाल सिंह विपिन जायसवाल, प्रदीप गोयल पदाधिकारियों सहित मनोहर, परमा,ठाकुर, राजेंद्र, साहबू, हिमांशु, गोविंद, प्रदीप सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

गोरखपुर में 25,000 रुपये के इनामी ठग को पुलिस ने दबोचा, नौकरी के नाम पर करता था धोखाधड़ी

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गोरखपुर राज करन नय्यर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। स्वाट और एसओजी की संयुक्त टीम ने 25,000 रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त आनंद कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया है। यह अभियुक्त सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर कूटरचित दस्तावेजों के जरिए लोगों से ठगी करता था। गिरफ्तारी थाना पीपीगंज क्षेत्र में की गई, जहां अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज था।पुलिस अधीक्षक (नगर) और पुलिस अधीक्षक (अपराध) के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई हुई। स्वाट प्रभारी उपनिरीक्षक मनीष यादव और एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक सूरज सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने आनंद कुमार वर्मा को धर दबोचा। अभियुक्त के खिलाफ थाना पीपीगंज में मुकदमा संख्या 303/2023, धारा 406, 420, 467, 468, 504, 506 भादवि के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

घटना का विवरण- आनंद कुमार वर्मा ने वादी को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर विश्वास में लिया। इसके बाद उसने जाली दस्तावेजों के जरिए धोखाधड़ी कर वादी से पैसे ऐंठ लिए। शिकायत मिलने पर थाना पीपीगंज में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के दौरान अभियुक्त को फरार घोषित कर उस पर 25,000 रुपये का इनाम रखा था। लंबे समय से फरार चल रहे इस ठग को आखिरकार पुलिस ने पकड़ लिया।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास- गिरफ्तार अभियुक्त आनंद कुमार वर्मा, पुत्र महेंद्र कुमार वर्मा, बलिया जिले के अशोक नगर, थाना कोतवाली का निवासी है। वह नौकरी के नाम पर लोगों को ठगने का पुराना खिलाड़ी है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ताकि उसके अन्य अपराधों और ठगी के शिकार लोगों का पता लगाया जा सके।

गिरफ्तारी करने वाली टीम- इस ऑपरेशन में स्वाट प्रभारी मनीष यादव, एसओजी प्रभारी सूरज सिंह, उपनिरीक्षक राजमंगल सिंह, हेड कांस्टेबल राम इकबाल राव, अरुण खरवार, दुर्गेश मिश्रा, करुणापति तिवारी, कांस्टेबल रवि चौधरी और राजेंद्र कुमार शामिल थे।एसएसपी ने इस सफलता पर पुलिस टीम की सराहना की और कहा कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जनता से अपील की गई है कि वे नौकरी के नाम पर ठगी करने वालों से सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

परिषदीय विद्यालय में लगा मोटर पंप चोरी

स्वतंत्र प्रभात

रतनपुर/महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरसिया मसर्की टोला पिपरवास के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने परिषदीय विद्यालय में लगा दो मोटर पंप चोरी कर ले गए। मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत सिरसिया मसर्की के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के पेय जल के लिए मोटर पंप लगा हुआ था। शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के बाउंड्री वॉल को लांघकर मोटर चोरी को अंजाम दिया। अज्ञात चोर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय का मोटर पंप चुरा ले गए। वहीं जब शनिवार की सुबह प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राज शर्मा व उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्विनी भंडारी विद्यालय पहुंचे तो देखा कि मोटर पंप चोरी हो गया है। मामले में दोनों स्कूलों के प्राध्यापकों ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर जांच-पड़ताल कर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने कहा

कि शिकायती पत्र मिला है जांच-पड़ताल कर कार्यवाही की जाएगी।

घर के सामने अतिक्रमण का आरोप

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा निवासी इंदल यादव पुत्र तीरथ ने शनिवार को नौतनवां सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंच कर अपने पड़ोसी पर घर के सामने अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच अतिक्रमण हटाने को लेकर सुलह-समझौता हुआ था लेकिन पड़ोसी द्वारा आजतक अतिक्रमण को नहीं हटाया गया बल्कि दिन प्रतिदिन अतिक्रमण को और बढ़ावा जा रहा है। पीड़ित ने समाधान दिवस में पहुंच कर जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग करते हुए कार्यवाही की मांग किया है।

ग्राम देवरिया कला निवासी युवक राकेश लापता, परिजन परेशान

स्वतंत्र प्रभात

गोंडा। खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवरिया कला निवासी युवक राकेश (उम्र लगभग 20 वर्ष), पुत्र जयलाल, बीते 24 जून 2025 से अचानक लापता हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ है और बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गया।लापता युवक का रंग सावला है तथा उसकी लंबाई लगभग 5 फीट 3 इंच है। घटना के समय वह हल्का पीला शर्ट, जीन्स पैंट और पैरों में चप्पल पहने हुए था। परिजनों द्वारा युवक की काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।परिजनों की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी गई है। थाना खरगूपुर व क्षेत्राधिकारी गोंडा द्वारा मामले में गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि यदि किसी को भी राकेश के बारे में कोई जानकारी प्राप्त हो तो दिए गए नंबरों पर संपर्क करें- 8303397906 , 8052052790, थानाध्यक्ष खरगूपुर- 9454403487, क्षेत्राधिकारी गोंडा- 9415442935 परिजनों ने प्रशासन व आम लोगों से सहयोग की अपील की है।

स्वास्थ्य विभाग के कार्यवाही में अवैध मिले दो पैथालॉजी सेंटर सील

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शुक्ला के निर्देशन में डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश द्विवेदी ने बरगदवा व ठूठीबारी में स्थित पैथालॉजी केन्द्रों का जांच किया। जांच में दोनों पैथालॉजी सेंटर अपंजीकृत मिले। जिसे विभाग द्वारा सील कर दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश द्विवेदी ने बताया कि चार जुलाई को निचलौल के ठूठीबारी रोड मंडी गेट के 100 कदम उत्तर स्थित डी के पैथालॉजी सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पैथालॉजी सेंटर पर ग्राम विशुनपुरा पोस्ट निचलौल निवासी दिनेश गुप्ता उपस्थित मिले। पंजीकरण के संबंध में दस्तावेज की मांग पर प्रस्तुत नहीं किया गया। बिना पंजीकरण के पैथालॉजी सेंटर संचालित किए जाने के कारण पैथालॉजी सेंटर को सील कर दिया गया। इसी प्रकार बरगदवा बाजार मेन रोड पर सेंट्रल पैथालॉजी सेंटर का निरीक्षण किया गया। सेंटर पर रामलगन चौधरी निवासी निवासी विशुनपुरा पोस्ट दोगघरा उपस्थित मिले। इनसे भी पैथालॉजी सेंटर के पंजीकरण के सम्बन्ध में दस्तावेज मांगने पर प्रस्तुत नहीं किया जा सका। बिना पंजीकरण के

पैथालॉजी सेंटर संचालित किए जाने के कारण सेंटर को सील कर दिया गया।

नगर पंचायत चायल में ईओ की तैनाती न होने से विकास कार्य ठप

●सभासदों ने ईओ नियुक्ति की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात

चायल, कौशाम्बी। जनपद की नगर पंचायत चायल में अधिशासी अधिकारी (ईओ) की नियुक्ति न होने के कारण स्थानीय विकास कार्यों की गति पूरी तरह से थम गयी है। बीते आठ से नौ महीनों से यह पद रिक्त है, जिससे नगर की मूलभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वर्तमान सभासदों ने इस गम्भीर स्थिति को लेकर जिलाधिकारी से मांग की है। सभासदों का कहना है कि या तो नगर पंचायत चायल में एक स्थायी अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति की जाए, या फिर निकटवर्ती सराय अकिल नगर पंचायत के ईओ को अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाये ताकि ठप पड़ी योजनाओं को गति मिल सके। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चायल नगर पंचायत, जो कि जनपद की सबसे छोटी नगर इकाई है, वह मूलभूत सुविधाओं के लिहाज़ से सबसे उपेक्षित है। पूर्व में नगर के दस वार्डों में लगाई गई मर्करी व हाईमास्ट लाइटें हटवा दी गई हैं, जिनका कहीं कोई हिसाब-किताब नहीं है। अब उनकी जगह साधारण बल्ब लगाये जा रहे हैं, जिससे प्रकाश व्यवस्था बेहद खराब हो गयी है। सभासदों ने इस मामले की जांच कर जिम्मेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

साथ ही यह भी बताया गया कि नगर में सड़कों और नालियों के निर्माण हेतु टेण्डर तो पूर्व में हो चुके हैं, लेकिन आज तक कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। बरसात के मौसम में कच्चे और जर्जर रास्तों के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कीचड़ और जलभराव से लोगों का निकलना दूभर हो गया है। विशेष रूप से वार्ड नम्बर 5 नईम मियां का पूरा (पूर्वी भाग) पूरी तरह नगर पंचायत की प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। इस क्षेत्र में न तो एक भी स्ट्रीट लाइट लगाई गयी है और न ही सड़क निर्माण के लिये कोई कार्यवाही हुई है। क्षेत्रवासी आज भी अन्धेरे और गड्ढायुक्त कच्चे रास्तों में जीवन बिताने को मजबूर हैं।

जिला कांग्रेसकी नवनिर्वाचित कमेटी का शपथ ग्रहण हुआ सम्पन्न

●बूथ,न्याय पंचायत,और ब्लॉक तक कांग्रेस की विचाधारा को पहुंचाना हमारा संकल्प- राजेश तिवारी

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद में आज जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी की नवनिर्वाचित कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आज चायल विधानसभा के मूरतगंज में नाइट क्वीन गेस्ट में धूम धाम से सम्पन्न हुआ । शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री राजेश तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कौशाम्बी कांग्रेस के प्रभारी मनीष मिश्रा एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव राजेश साहनी जी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में सर्वप्रथम वन्दे मातरम का गान किया गया उसके पश्चात सभी अतिथियों द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कांग्रेस का गमछा पहनाकर तथा मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया तथा मनोनयन पत्र वितरण के पश्चात समस्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता तथा उत्तरदायित्व की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के पश्चात समारोह को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि राजेश तिवारी ने कहा कि आप सब की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गयी है आज समाज में सत्तासीन भाजपा सरकार स्वयं संस्थाओं एवं सरकारी तन्त्रों पर कब्जा करके विपक्षी दलों के नेताओं के ऊपर फर्जी मुकदमे दर्ज कर जेल भेजने की साजिश कर रहे हैं और खुलेआम संविधान का उल्लंघन कर रहे वो बहुत ही खतरनाक

है आज समाज में धर्म के नाम पर जातिवाद के नाम पर भाई भाई को लड़ाने का काम कर रही है और हम कांग्रेसी नेताओं की जिम्मेदारी बनती है कि हमें बीजेपी के इस षडयन्त्र के खिलाफ हमें लड़ना है। शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा ने कहा कि जिस राज्य में विधानसभा का चुनाव होता वहां बीजेपी अलोकतांत्रिक तरीके से काम करते हुए चुनाव जीतने का काम करती है उदाहरण के तौर आगामी बिहार के चुनाव में वोटर लिस्ट में जांच के नाम पर गड़बड़ी कराना चाहती है इसी तरह महाराष्ट्र के चुनाव में भी वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की शिकायतें आई थीं । शपथ ग्रहण समारोह को कौशांबी कांग्रेस के प्रभारी राजेश साहनी ने भी सम्बोधित किया । कौशाम्बी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने आये हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया । महिला कांग्रेस की संयोजक रजिया बेगम भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन हस्द्ध के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने किया। शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों में कोषाध्यक्ष आदिल जाफरी शम्मू, उपाध्यक्ष में राजेंद्र त्रिपाठी, श्याम मूर्ति तिवारी, कौशलेश द्विवेदी, आशीष मिश्रा पप्पू, मनोज सिंह पटेल, राजनरायन पासी, दीपक पांडे बाबू जी, मो0 अकरम , उदय यादव, अलकमा उस्मानी, श्रीमती मीनू मिश्रा, कुलदीप शुक्ला, राम सूरत रैदास, महासचिव बरसाती लाल पंडा, संतोष शुक्ला, शशि प्रताप त्रिपाठी , मो0 आरिज, सुरेंद्र शुक्ला, राजबहादुर चौधरी, कालिका सिंह , नसीमुद्दीन, अर्श खुर्शीद, श्याम सिंह भदोरिया, नूरत जमा, शहनाज अली, श्री मती रूबी, सचिव राम प्रकाश आबिद बेगम, ज्ञान सिंह लोधी, हेमंत रावत , नरेंद्र सिंह, फोजिया, जितेंद्र यादव आसिफ अल्वी, राजेश पासी, बालेंद्र यादव, अमृत लाल, इंद्रपाल, रामबाबू गौतम, गोकुल प्रसाद मौर्य, प्रभात नारायण त्रिपाठी, श्रीमती पिंकी देवी, श्रीमती शांति देवी, श्रीमती सुषमा देवी सूर्यबली आदि पदाधिकारियों ने पद की शपथ ली।

संक्षिप्त खबरें

स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन

मैलानी आदर्श नगर पचायत में स्थित सेंट मार्टिन कॉन्वेंट स्कूल में स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह बंजारा थे।जिला उपाध्यक्ष ने श्याम प्रसाद मुखर्जी के जीवन काल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके मार्ग दर्शन पर सभी युवा और जन समूह चले।इतिहास इनके कार्यो को कभी नहीं भूलेगा।इस अवसर पर बीजेपी के महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू लता श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष संजीव वर्मा. मंडल महामंत्री मिथिलेश मिश्रा. युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन बाजपेई. सभी पदाधिकारीगण और शक्ति केंद्र के संयोजक सहित यूथ अध्यक्षगण और कार्यकर्तगण तथा हरिदत्त मिश्र,सुरेंद्र मिश्र. प्रताप सिंह रावत. आसमा बानो. अमित शर्मा. शिव गोविंद कुशवाहा. राबर्ट विलियम सैमसन आदि लोग उपस्थित रहे।

नगर पंचायत नेत्र शिविर का आयोजन

मैलानी नगर पंचायत सभागार में सीतापुर आंख हॉस्पिटल द्वारा नेत्र शिविर लगाया गया नेत्र शिविर में आने वाले मरीजों का सीतापुर आँख हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा आंख के मरीजों का लेंस वाला ऑपरेशन मुफ्त किया जाएगा और नेत्र परीक्षण कर जिन मरीजो को ऑपरेशन की सलाह दी जाएगी उन्हें गाड़ी के माध्यम से सीतापुर आँख अस्पताल ले जाया जाएगा और ऑपरेशन के बाद मरीजो को आपस उनके घर भी छोड़ा जाएगा सीतापुर आँख हॉस्पिटल के डॉ राहुल वर्मा के द्वारा नगर पंचायत सभागार में लगभग 150 मरीजो की जांच की गई जिसमे 50 मरीजो को ऑपरेशन की सलाह दी गयी और बहुत से मरीजो जो दवा और चश्मा मुफ्त में दिया गया नगर पंचायत अध्यक्षा कीर्ति माहेश्वरी, समाज सेवी भवानी शंकर माहेष्वरी और अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर के प्रयासो से नगर पंचायत में नेत्र शिविर लगवाया गया सीतापुर के कैम्प ऑर्गनाइजर शैलेन्द्र शुक्ला,आप्टोमेटिक आलोक वर्मा,आप्टिशियन जूही सिंह के साथ सीतापुर आँख हॉस्पिटल के स्टाफ नेत्र शिविर में मौजूद रहे।

धूम धाम से मना मोहर्रम, कस्बे व ग्राम में निकला भव्य ताजिया जुलूस

सिंगाही खीरी। मोहर्रम की दसवीं तारीख को शहीद-ए-आजम हजरत सैयदना इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत को याद करते हुए कस्बे व ग्राम में ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ ,जहां शहीदाने कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश करने के बाद ताजियों को सुपुर्दे खाक किया गया। मातमी माहौल में कस्बे के कर्बला में ताजिया को कर्बला में दफन किया गया।

कर्बला के शहीदों की याद में मुहर्रम के दशवीं को रविवार की सुबह इमाम चौक पर फातिहा पढ़ने के बाद ताजिया को कर्बला के लिए ले जाया गया। इस दौरान पुलिस फोर्स की तैनाती रही। सभी ताजियादार अपने- अपने ताजियों को शांतिपूर्ण माहौल में देर शाम तक कर्बला में ठण्डा करने में जुटे रहे। कस्बे के आस पास के गांव से सभी ताजिये सिंगाही चौक पर आए। उसके बाद सभी ताजिये कर्बला को रवाना हो गए यहां सभी ताजिया को सुपुर्दे खाक किया गया। मुहर्रम को ध्यान में रखकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। जिन इलाकों से जुलूस को गुजरना था, वहां पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। इस दौरान क़य्यूम अली, आफताब हुसैन, मोहम्मद लतीफ, मक़बूल हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत नरहर में मनरेगा में मची लूट की जांच कराए जाने की मांग

● शिकायत कर्तागणों में आसाराम व धीर सिंह ने जिला अधिकारी खीरी से शपथ पत्र पर की शिकायत

फर्जी हाजिरी व पुरानी फर्जी फोटो अपलोड कर लाखों के बारे न्यारे किए जाने के लगाए गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी ग्राम पंचायत नरहर में अरसे से चला आ रहे भ्रष्टाचार घोटाले की लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद आज तक जांच व कार्रवाई न किया जाना जन चर्चा का विषय बना है। और जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत होने की ओर संदेह पैदा होता है ।सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नरहर में प्रधान पति मुन्नालाल और पंचायत सचिव की मिली भगत से कागजों पर विकास की गंगा बहाकर जमकर सरकारी धन का बंदर बांट किया गया है। मामला चाहे नल रिबोर एवं मरम्मत का हो या फिर स्ट्रीट लाइट व ग्राम पंचायत में साफ सफाई और दवा छिड़काव का हो अधिकांश कार्य कागजों पर करवाकर भुगतान निकाल लिए जाने के आरोप लगाए गए हैं।

जिला अधिकारी को दिए गए शपथ पत्र में शपथकर्ता आसाराम व धीर सिंह ने आरोप लगाए हैं कि ग्राम पंचायत नरहर में अधिकांश शौचायलयों का निर्माण कराए बगैर ही फर्जी फोटो अपलोड कर पैसा निकालकर हजम कर लिया गया है। आसाराम ने मनरेगा योजना में पंचायत मित्र और पंचायत सचिव सहित प्रधान की मिली भगत से अमृत सरोवर के नाम पर तथा मनरेगा से कराए गए कच्चे पक्के कार्यो में ऐसे लोगों के नाम फर्जी हाजिरी भरे जाने के आरोप लगाए हैं जो कभी मनरेगा खोदने गए ही नहीं और उक्त साधन संपन्न तथा गांव के बड़े आदमियों के खातों में पैसा डालकर बंदर वाट किया गया है।जांच के समय उक्त नाम की सूची देने की बात शिकायतकर्ता ने ऑन कैमरा मीडिया से कही है । शपथकर्तागणों द्वारा उक्त मामले की जांच कराए जाने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही एवं सरकारी धन की रिकवरी कराए जाने की मांग की है। उक्त मामले पर जब खंड विकास अधिकारी फूल बेहड से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया मामला मेरे संज्ञान में नहीं है हाल ही में मैंने चार्ज लिया है शिकायत मिलते ही जांच कार्रवाई की जएगी।

सांसद ने ब्लॉक प्रमुख के साथ दो स्थानों पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/बरेली लोकसभा सीट से सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने आज भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार के साथ विकासखंड के अंतर्गत दो स्थानों पर बड़े कार्यक्रम आयोजित कर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन मनाया गया यहीं पर वृक्षारोपण कार्यक्रम को भी किया गया सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने वरखन मटका पुर आदि स्थानों पर सांसद ने बैठक कर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रकाश डाला गया।

यहीं पर भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने सभाओं को संबोधित करते हुए कहा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस की पावन बेला पर हम सभी मिलकर वृक्ष लगाए और उनको तैयार करने के लिए उनकी संतान जैसी सेवा करके तैयार करा जाए तो वृक्ष हमारे जीवन में वृक्ष भी अपनी अहम भूमिका निभाकर हमारी सुरक्षा करता है जिसके तहत गर्मी में हमको छांव देता है शुद्ध हवा जैसे अनेकों लाभ इन पेड़ पौधों से मिलते हैं। परिवार की शोभा बच्चों से होती है तो धरती की शोभा वृक्षों से होती है इसलिए हम सब मिलकर वृक्षारोपण करें और उनको सुरक्षित बनाए रखने में अपना दायित्व निभाएं सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने भी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा हम सभी को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर कार्य करने का संकल्प लें और एक वृक्ष मां के नाम लगाकर अपनी मां का नाम रोशन करें।

यहां पर उपस्थित सुंदरी मंडल के अध्यक्ष ठाकुर जयदीप सिंह एडवोकेट भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार केहरी सिंह गंगवार शशि कपूर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव गंगवार कमलेश गंगवार अजय चौहान सुरेंद्र चौहान बलराम सिंह पुष्पेंद्र यादव देव्पल पटेल आंगनलाल गंगवार रणबीर गंगवार अनुज गंगवार श्यामा चरण पटेल गुरु प्रकाश जमुना प्रसाद कश्यप प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार प्रधान सनी सत्येंद्र गंगवार भदपुरा मंडल अध्यक्ष खेमकरण लाल गंगवार मुकेश दिवाकर कृष्ण कुमार राठौर अजय चौहान ठाकुर विनय सिंह हरपाल फौजी राकेश पंडित पीतांबर सिंह देवेंद्र कुमार जितेंद्र पाल गंगवार सतीश राठौर समेत पार्टी के अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर राज्य महिला आयोग की सदस्य ने एक वृक्ष मां के नाम रोपित

● राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीत कुमारी ने लक्ष्य 2027 पर भी हुई चर्चा।

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर- खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी की विधानसभा कस्ता में राधे रमण सोना देवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पंडित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मंडल संगठन के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में के वृक्ष मां के नाम पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुचिता कुमारी ने रोपित किया। बैठक की मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का विशेष स्थान रहा है, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो बलिदान देश की संस्कृति को जीवित रखने के लिए किया उसके लिए सदैव भारतवासी ऋणी रहेंगे। विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीत कुमारी ने कहा भारतीय जनता पार्टी वह पार्टी है जहां पर आज भी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श जीवित है उन्हीं के आदर्शों पर चल करके पार्टी ने आज विश्व में अपना विशेष स्थान स्थापित किया है, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने साकार होते हुए योगी मोदी की सरकार में दिखाई पड़ रहे हैं।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला कार्यक्रम संयोजक कौशल किशोर बाजपेई महामंत्री नारायण त्रिवेदी मंडल उपाध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा मंडल मंत्री ऋषि मिश्रा मंडल मंत्री आदर्श मिश्रा प्रदीप वर्मा सुरेश वर्मा शत्रुघ्न लाल मिश्रा विमल मिश्रा बहादुर सिंह मैं गुप्ता राधा देवी सुखराज सिंह राम किशोर तिवारी कामता राठौर गंगाराम मौर्य राकेश तिवारी क्रांति भूषण सहित संगठन के काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला ने कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम संयोजक कौशल किशोर बाजपेई ने सभी कार्यकर्ताओं मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का आभार व्यक्त किया।

विक्रम भल्ला ने स्वास्थ्य केंद्रों के प्रसूति वार्डों में उपयोगी वस्तुओं का निशुल्क किया वितरण

स्वतंत्र प्रभात

बेलरायां खीरी-मातृ व शिशु की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसोसिएशन ऑफ फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया के सौजन्य से निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा तिकुनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूति वार्ड में उपयोग होने वाले समस्त वस्तुओं को निःशुल्क दिया जिससे इलाके के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है।इस मौके पर मुख्य अतिथि खीरी जिलाधिकारी दुर्गा नागपाल व विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी संतोष गुप्ता के किन्हीं कारणों से न आने पर निघासन डिप्टी एसपी महक शर्मा,खंड ब्लाक अधिकारी निघासन ज्येष्ठ कुमार,फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पंकज वत्स साथ ही एरिया नाइन के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह,एरिया फाइव के अध्यक्ष अंजुम अरोड़ा इसके अलावा क्लब के सदस्यों पीलीभीत,कानपुर,लखनऊ,मुरादाबाद और दिल्ली के सदस्य भी उपस्थित रहे।फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया के डायरेक्टर प्रगतिशील किसान व समाजसेवी विक्रम प्रसाद भल्ला ने बताया कि लोगों से मालूम हुआ कि हमारे निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा तिकुनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसूति वार्ड में पुराने हो चुके बेड तथा अन्य वस्तुओं की कमी है जबकि क्षेत्र बड़ा है इसलिए फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया की तरफ से निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा तिकुनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बारह प्रसव बेड गद्दे सहित, परीक्षा टेबल गद्दे, रक्तचाप मशीन, स्टेटेस्कोप,शिशु मापने की मशीन,सेक्शन मशीन सिंगल जार,सेक्शन मशीन डबल जार,प्रसव उपकरण सेट,बेबी वॉरमर/भ्रूण डॉपलर,थ्री पास एनआईबीडी मॉनिटर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर निशुल्क दिए गए जिससे क्षेत्र की जनता को लाभ मिले।

कार्यक्रम का तथा फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय अधिकारियों ने फीता काटकर किया ने अपने संबोधन में फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया के द्वारा निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा तिकुनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव वॉर्ड में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं को निशुल देना ये क्षेत्र की जनता के लिए गौरवान्वित करने जैसा है।

वहीं उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया की टीम के इस सराहनीय योगदान के लिए बधाई दी और आगे इसी तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ के हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

वहीं फोर्टी वन क्लब ऑफ इंडिया के डायरेक्टर प्रगतिशील किसान तथा समाजसेवी विक्रम प्रसाद भल्ला ने आए हुए सभी मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों व उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब लोग अगर समाज के लिए कुछ अच्छा करने की ठान ले तो कोई मुश्किल नहीं है श्री भल्ला ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सब लोग आज इस प्रेरणा से जाएं कि हमें समाज के किए कुछ अच्छा करना है।इस मौके पर इमरान खान, वेद प्रकाश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, डॉ एन यू खान, जंग बहादुर राणा, सुनील बत्रा, नवीन अग्रवाल, पद्म अग्रवाल, मयंक अग्रवाल उर्फ चीनू, अजय अग्रवाल, शफीक अहमद प्रधान, सरताज खान, रियाज खां, पप्पू वर्मा, रामजीत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

हैदराबाद थाना पीस कमेटी बैठक से पत्रकार नदारद, संवादहीनता पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ खीरी। मोहर्रम जैसे संवेदनशील पर्व के मद्देनज़र हैदराबाद थाना परिसर में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक बुलाई गई, परंतु इस महत्वपूर्ण बैठक में स्थानीय पत्रकारों को आमंत्रित नहीं किया गया। इस रवैये ने थाना प्रशासन और मीडिया के बीच संवादहीनता को उजागर कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, थाना स्तर पर आयोजित होने वाली पीस कमेटी की बैठकें क्षेत्रीय सौहार्द और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बेहद अहम होती हैं। इनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, समाजसेवियों और मीडिया की मौजूदगी अपेक्षित रहती है। ऐसे में पत्रकारों की अनुपस्थिति ने न केवल पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि पुलिस-मीडिया संबंधों की स्थिति को भी कटघरे में ला खड़ा किया है। विशेष रूप से तब, जब पुलिस विभाग अक्सर अपने "गुडवर्क" यानी उपलब्धियों को प्रमुखता से मीडिया में प्रचारित करने के लिए प्रेस नोट्स और वार्ताएं आयोजित करता है। ऐसे में जब संवेदनशील अवसरों पर संवाद की आवश्यकता होती है, तब पत्रकारों को दरकिनार किया जाना, एक चिंताजनक संकेत माना जा रहा है।

संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रेस को सूचना प्राप्त करने और उसे प्रसारित करने का अधिकार प्राप्त है। इसके साथ ही प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेस वार्ता जैसे औपचारिक मंच भी स्थापित हैं। इसके बावजूद पत्रकारों को बिना किसी पूर्व सूचना के बाहर रखा जाना, प्रशासनिक प्रक्रिया में एकतरफा निर्णय और संवादहीनता को दर्शाता है।स्थानीय पत्रकार संघों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताया है। उनका कहना है कि अगर पुलिस प्रशासन पारदर्शी ढंग से कार्य नहीं करेगा, तो इससे जनता के बीच भ्रम और अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

हरगांव क्षेत्र में राज्यमंत्री की अगुवाई में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया

● नौनिहालों ने कारागार राज्यमंत्री के साथ किया वृक्षारोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर। जनपद के विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत बेनी वाईजपुर और नकुरी कला में कारागार राज्यमंत्री व हरगांव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं खण्ड विकास अधिकारी की मौजूदगी में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान के तहत हरिशंकरी माला के रोपण समेत सैकड़ो की संख्या में नौनिहाल बच्चों ने एक पेड़ माँ के नाम रोपित किया। कारागार राज्यमंत्री ने बच्चों को पौधों को संरक्षण करने का संकल्प दिलाया।गौरतलब हो विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत बेनी वाईजपुर एवं नकुरी कला के मजरा पेमनपुरवा में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही व हरगांव प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा एवं खण्ड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी की मौजूदगी में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के बाद नकुरी कला में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने आमजनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाएं क्योंकि धरा का श्रृंगार हरियाली ही है आज धरती सिमटती जा रही है और पेड़ों की संख्या कम होती जा रही है जिससे वातावरण भी दूषित होता जा रहा है। वातावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए आज की ज़रूरत है की पौधों का वृहद स्तर पर रोपण कर धरती को हरा भरा बनाने का संकल्प लें और उसका संरक्षण भी सुनिश्चित करना है ताकि हम आने वाली अपनी नस्लों को अच्छा वातावरण दे सके। क्योंकि आज हम ऑक्सीजन भी खरीदना पड़ रहा है। जिससे समस्याएं आने वाले कल में बड़ी हो सकती है। इस अवसर पर नकुरी कला के प्रधान प्रतिनिधि शुभम सिंह, स्वपनिल सिंह, अजीत सिंह, लेखराज सिंह, संतोष सिंह, श्रीराम, विनोद कुमार, रामनाथ, क्योटी कला प्रधान कौशलेंद्र सिंह उर्फ चकरु सिंह समेत ब्लॉक से एपीओ अभिषेक सिंह, टीए संजय कुमार अवस्थी, संतोष कुमार शर्मा, जेई आरईएस शैलेश वर्मा, सचिव कौशलेंद्र वर्मा आदि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

इस सम्बंध में नकुरी कला प्रधान प्रतिनिधि सुभम सिंह ने ग्राम पंचायत व आम जनमानस का आह्वाहन करते हुए कहा कि जुलाई माह मानसून का सत्र होता है इस अवसर एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाएं और उसकी देख रेख करने का संकल्प अवश्य लें। ताकि आने वाले कल में हमारी नस्लो को स्वछ व सुंदर वातावरण के साथ ऑक्सीजन की प्राप्ति हो सके।

विधवा महिला ने लगाया फाँसी

स्वतंत्र प्रभात

मैलानी थाने के अंतर्गत आने वाले सुआबोझ ग्राम सभा के नकहा घाट में एक विधवा महिला ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली महिला का नाम अनिता देवी पत्नी स्व.धरम सिंह है अनिता देवी के पति की मौत लगभग तीन वर्ष पूर्व में ही हो गयी थी महिला अपने पीछे पांच बच्चों छोड़ गई पांच बच्चों में चार बेटिया सुधा (बारह वर्ष),शीतल(दस वर्ष), ऋतु(आठ वर्ष), सुनैना(छः वर्ष),और एक बेटा प्रदीप(चार वर्ष) है बड़ी बेटी सुधा ने बताया कि घर पर महिला की सास और चार बच्चे सभी लोग पास के ही खेत मे धान लगाने गए थे और छोटा बेटा प्रदीप घर पर ही था और महिला के ससुर अपने किसी रिस्तेदारी में किसी का स्वर्गवास हो गया था वहाँ गए थे घर पर कोई एक छोटे बच्चे के अलावा कोई नही था खबर लिखे जानेतक महिला के फाँसी लगाने के कारणों का अभी तक कोई खुलासा नही हुआ और न ही महिला के मायके वालों की तरफ से थाने में कोई तहरीर दी गयी।

एसपी खीरी द्वारा मोहर्रम त्योहार के अवसर पर भारी पुलिस बल सहित भ्रमणशील रहकर फ्लैग मार्च किया गया

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। रविवार को मोहर्रम त्यौहार के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखते हुए संपूर्ण जनपद खीरी में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है। त्योहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा स्वयं भारी पुलिस बल सहित जनपद में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए अधिनस्थों को कड़े निर्देश दिये गये।

किसान संगठन का धूमधाम से केक काटकर मनाया स्थापना दिवस

● भव्य बाइक रैली निकाल कर नैमिषारण्य में किया देवी दर्शन, मिया पूजन अर्चन

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा का स्थापना दिवस पांच जुलाई को जरिगवां स्थित जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ अजय पाल के नेतृत्व में धूम धाम से मनाया गया वही स्थापना दिवस के मौके पर किसान जगरूकता बाइक रैली धूमधाम से निकाली गई जिसकी अगुवाई जिलाध्यक्ष डॉक्टर अजय पाल के द्वारा की गई। तदुपरांत रैली नैमिषारण्य पहुंची और मां ललिता देवी के दर्शन कर रैली पुनः जरिगवां जिला कार्यालय वापस आ गयी। प्राप्त समाचार के अनुसार सीतापुर जनपद में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस पर जरिगवां स्थित जिला कार्यालय पर संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा.अजय पाल ने बडी धूमधाम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। उसके उपरांत किसान जागरूकता रैली का आयोजन हुआ इस रैली में कई दजन बाइकें कई चार पहिया वाहन शामिल रहे जो जरिगवां से चलकर नैमिषारण्य पहुंचे और मां ललिते के दर्शन पूजन किये। और पुनः बाइक रैली वहां से प्रस्थान करते हुए मिश्रिख औरंगाबाद होते हुए सुंदरानंद आश्रम संदना में एक समारोह में परिवर्तित हो गई। जहां पर केक काट कर एक दूसरे का मुह मीठा कराया और संघर्ष मोर्चा के नेताओं ने किसानों को संबोधित किया। इस अवसर पर इमरान भाई, सचिन यादव, रामसागर पाल, अमित अर्कवंशी, विजय, अवधेश, अमरेंद्र पाल, पंकज पाल, अनुराग पाल, मुंशी लाल समेत हज़ारों पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

सनातन का डंका आज पुरे विश्व में बज रहा है- विनोद माधव ज़ी महाराज

भदोही। कोइरौना क्षेत्र सदाशिवपट्टी में में विशाल शतचंडी महायज्ञ और श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया गया हैं। जहां पर कथा व्यास आचार्य विनोद माधव ज़ी महाराज ने अपने कथा के माध्यम से लोगों को सनातन संस्कृति और संस्कार के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति का आज पुरे विश्व में अपना डंका बज रहा हैं, आचार्य विनोद माधव महाराज ने कहा कि जो धर्म की रक्षा करते हैं धर्म उनकी रक्षा करता हैं इसलिए लोगों को अपने धर्म के प्रचार प्रसार में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कहा कि धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य विश्व कल्याण होता हैं क्योंकि भारत में सनातन धर्म को मानने वाले विश्व के कल्याण की कामना करते हैं, कहा कि लोगों का स्वास्थ्य उत्तम हो इसके लिए भी कामना की जाती हैं। आचार्य विनोद माधव ने बताया कि सदाशिवपट्टी पंडित चंद्रशेखर द्विवेदी की तपस्थली हैं जहां पर शत चंडी महायज्ञ और श्रीमदभगवत कथा का आयोजन किया गया हैं। इस आयोजन में योगी आनन्द ज़ी महाराज, जगदुरु आगमचार्य, रंजीत ज़ी महाराज, राम कृष्ण दास ज़ी महाराज, सुशील दास त्यागी ज़ी, श्रीधरानंद ब्रह्मचारी, राजेंद्र तिवारी, विद्या भास्कर ज़ी महाराज, सुशील पाण्डेय, संतोष कुमार दूबे समेत तमाम विद्वान और आचार्यो को आमंत्रित किया गया हैं। विनोद महाराज ने बताया कि आगामी 10 जुलाई को गुरु पूजन और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया हैं।

भारी बारिश से न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज में घुसा उफनाए नाले का पानी

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र में दोपहर तीन बजे शुरू हुई तेज बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए। न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज परिसर से होकर निकले नाले में उफान आ गया। पानी का तेज बहाव होने से नाले का पानी अस्पताल के भीतर तक घुस गया। करीब दो घंटे बाद पहाड़ी नाले में पानी कम होने पर ड्रमंडगंज न्यू पीएचसी से जलजमाव समाप्त हुआ। नाले का पानी अस्पताल के भीतर जाने से कीचड़ और गंदगी फैल गई। न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज में तैनात स्टाफ नर्स प्रीति सैनी ने बताया कि भारी बारिश होने से नाले में उफान आ गया। बारिश का पानी अस्पताल के भीतर जा घुसा। नाले का पानी स्वास्थ्य कर्मियों के आवासों के भीतर चला गया जिससे स्वास्थ्य कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी तरह ड्रमंडगंज तिराहे और देवघाट रोड पर नाले के पानी का सड़क पर तेज बहाव और जलजमाव के चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विधायक ने किया पौधारोपण

चुनार, मिर्जापुर। शुक्रवार को प्रदेश सरकार द्वारा जुलाई माह में चलाए जा रहे वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत आयोजित वन महोत्सव के अवसर पर, 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में विधायक चुनार ने परेड ग्राउंड पर पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक पौधा नहीं, मां के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली भरे भविष्य का प्रतीक है। इस अवसर पर सौ से अधिक पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के दौरान तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, ज्योति प्रकाश सिंह,जिला उपाध्यक्ष भाजपा निर्मला सिंह आनंद, नंदलाल केशरी,नगर अध्यक्ष मंगरू साहनी,सभासद रामलाल,करतार सिंह,चंद्रहास गुप्ता,अभिलाष राय,आलोक सिंह,आलोक श्रीवास्तव,सुरजीत सिंह, ब्रह्मानंद कुशवाहा,जेई सौरभ प्रकाश सिंह, एसआई लालमणि यादव,आरआई रामभवन सिंह, यासीन राईन,विजय गिरी, राम आसरे यादव, राजन अवस्थी, आशीष पांडेय,महेंद्र अभय आनंद आदि उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी भदोही शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

भदोही- जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह आज श्याम धर स्मारक, कठौता गोपीगंज में गरिमामयी रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी श्री राजेश तिवारी जी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कोऑर्डिनेटर सत्यवीर सिंह जी एवं दयाशंकर पांडेय जी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष श्री वसीम अंसारी ने की। समारोह में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर तथा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय सचिव श्री राजेश तिवारी जी ने अपने संबोधन में कहा,

» "भारतीय जनता पार्टी इस देश की जनता को धर्म, जाति और भाषा के नाम पर बांटने का कार्य कर रही है। उनका उद्देश्य संविधान की मूल आत्मा को नष्ट करना है। कांग्रेस पार्टी इस विभाजनकारी राजनीति का डटकर विरोध करती है और हर मंच पर संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी।"

उन्होंने यह भी कहा कि

» "आज देश को एकजुटता, समानता और भाईचारे की जरूरत है, जिसे केवल कांग्रेस ही मजबूत आधार प्रदान कर सकती है। कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करें और जनता को जागरूक करें।"

इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, नेता विपक्ष लोकसभा श्री राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिनके नेतृत्व में संगठन सशक्त रूप से आगे बढ़ रहा है।

कॉर्डिनेटर प्रभारी सत्यवीर सिंह जी व दया शंकर पांडेय जी ने कहा-

» "कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन अभियान पूरे जनपद में तेज गति से चल रहा है। हर ब्लॉक, न्याय पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि आगामी 15 अगस्त तक हर सक्रिय बूथ पर कांग्रेस की प्रभावी और मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित हो।"

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी व पूर्व अध्यक्ष डा राजेंद्र कुमार दूबे राजन जी ने कहा कि संगठन ही सर्वोपरि है, कांग्रेस पार्टी के एक एक कार्यकर्ता पार्टी को आगामी चुनाव के तैयारियों के लिए शसक्त रूप से खड़े हैं। कांग्रेस पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भदोही के तीनों सीट पर जीत दर्ज कर जनता के लिए पूरी ताकत से काम करेगी।

इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं सहित फ्रंटल संगठनों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस एवं सेवादल के कार्यकर्ताओं, नौजवानों और छात्रों की भारी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण वातावरण मिला और संगठन की जमीनी मजबूती का प्रमाण मिला। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित विनोद श्यामधर मिश्रा, दीनानाथ दुबे, राजेश्वर दुबे, सुरेश गौतम, मुशीर इकबाल, सुरेश मिश्रा, राकेश मौर्य,त्रिलोकी नाथ बिन्द, सिद्धार्थ मिश्रा,नाजिम अली,राजेश दुबे, संतोष बघेल,प्रभात मालवीय शुबूक्तगीन अंसारी, जजलाल राय, अवधेश पाठक,सुनीता पाठक,संजू मौर्य, सुरेश चौहान,शिवपूजन मिश्र, महेश मिश्रा, संतोष धोबी,धीरज मिश्र, राजेंद्र मौर्य, प्रेम बिहारी उपाध्यक्ष,काशी नाथ, राज बहादुर सिंह, मृत्युंजय सिंह टोनी,दुर्गेश मिश्रा, रमाशंकर बिंद, शमशीर अहमद, धर्म राज बिंद, रमेश दुबे स्वालेह अंसारी, दिलीप मिश्रा,स्वालेह अंसारी,राजेंद्र मौर्या, मनोज गौतम, राजेश पाल, संतोष पाल,राजाराम दूबे, मुन्ना तिवारी, श्लोक मिश्रा, शारदा सरोज सनाउल्लाह शाह,मीना देवी,सुनीता पाठक, चिंटू शुक्ला, विष्णुजी उपाध्याय, राजाराम दुबे,अवधेश पाठक, रामसजीवन गौतम, उपेंद्र कुमार, सरफराज अहमद, अनीश शेख, शक्ति मिश्रा, संजय जायसवाल, शबाना खातून, शाहिना तस्लीम, रूही पाठक, इज़हार अहमद, आज़ाद हुसैन,श्लोक मिश्रा, मुन्ना तिवारी, राम बाबू गुप्ता, राजदेव बिंद,शीला देवी, रमेश बिंद,खिलाड़ी बिंद, आकाश बिंद, रमेश बिंद, रामबाबू गुप्ता, मुनेंद्र बिंद, चंद्रजीत बिंद विमलेश बिंद, बबलू पाल, सीता देवी,गंगा देवी, गुरुजी, लक्ष्मी नारायण, बलिराम,उषा देवी, मदन बिंद, सुशीला देवी, सुनीता देवी, आरती देवी, संगीता, सरस्वती, इत्यादि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सुबह की हवा सौ रोगों की दवा- राम श्रृंगार चौधरी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई। अताउल अंसारी की अध्यक्षता में निकली साइकिल यात्रा को बिरनई प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुश्ताक अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर कांजी हाउस, झिलियापुल, गोपपुर, अमवा होते हुए सारीपुर पहुंची। वहां पहुँचने पर प्रधान पति अधिवक्ता राम श्रृंगार चौधरी बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहें और सभी साइकिल चालकों का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। अधिवक्ता राम श्रृंगार चौधरी ने कहा कि सुबह की हवा बहुत शुद्ध होती है जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है। सभी को सूर्योदय से पहले उठना चाहिए। आसपास के कार्य साइकिल से या पैदल करे। इस तरह से हम कार और मोटर साइकिल से होने वाले प्रदूषण को कम कर सकते है। शरीर को स्वस्थ रखने के साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है।

अधिवक्ता राम श्रृंगार चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए। साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर सारीपुर, लोहरा खास, पर्वतपुर, हिराचक डेहरिया, चक दफ्तरबंद के आस पास का भ्रमण करते हुए "वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम" का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए अमवा ब्रिज के नीचे इसका समापन हुआ।

साइकिल यात्रा में एडवोकेट शमीउद्दीन अंसारी, विराट चौधरी, सरफराज अहमद, हेमंत चौधरी, कमलेश कश्यप, आजाद चौधरी, अबरार हाशमी, सुंदरम चौधरी, राजीव जायसवाल, महमूद आलम, प्रमोद मौर्या, फैज आलम, अजीत यादव, कमलेश चौधरी, आजम अंसारी, अनिल बिंद, महेंद्र यादव, अबू हुरैरा अंसारी, आलोक चौधरी समेत आदि रहे।

भदोही में तीन लुटेरे गिरफ्तार, दो तमंचा और कारतूस बरामद

स्वतंत्र प्रभात

भदोही। औराई पुलिस और सर्विलांस टीम ने शनिवार की रात में औराई चीनी मिल के पास से अंर्तजनदीय तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो तमंचा और कारतूस, चार मोबाइल, 22 हजार 500 रुपये और घटना में शामिल ऑटो बरामद किया। घटना के खुलासे पर एसपी ने टीम को 25 हजार ईनाम देने की घोषणा किया।

जानकारी के मुताबिक बीते 30 जून 2025 को औराई क्षेत्र के घोसिया निवासी एकलाख अहमद ने तहरीर दिया कि वह पीएनबी से 49 हजार निकाला। उसी दौरान दो लड़के मिले और कहा कि चाचा हमे भी दो लाख पोस्ट आफिस में जमा करना है। उसे आप जमा करा दें। उसके बाद मेरी स्कूटी पर बैठकर जाने लगे। कुछ दूर जाने पर मेरा 49 हजार लेकर भाग गए। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन की। सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाला गया। शनिवार की रात में मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने लुटेरों को औराई चीनी मिल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम पर लूटेरों ने फायरिंग भी किया। पुलिस ने तमंचा बरामदगी एवं फायरिंग करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया। लुटेरे अपने आर्थिक, भौतिक और दुनियावी लाभ के लिए संगठित गिरोह चलाते हैं। कट्टा और कारतूस अपने बचाव के लिए रखते हैं। इससे से डरा धमका कर भाग जाते हैं। उक्त घटना का खुलासा करने पर एसपी ने टीम को 25 हजार पुरस्कार देने की घोषणा किया है।

मोहर्रम पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा ताजिया जुलूस हेतु निर्धारित रूट का किया गया निरीक्षण

- ताजिया मार्ग में बिजली के तारों को हटवाने व साफ सफाई की व्यवस्था आदि के सम्बंध में सम्बंधित को दिए गए निर्देश

जुलूस के दौरान शस्त्रों का प्रदर्शन पूर्णतया रहेगा प्रतिबंधित

ताजियादारों/सर्वसमुदाय के धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त/गणमान्य व्यक्तियों आदि से सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्वक त्योहार मनाने के लिए की गई अपील

अफवाहों/भ्रामक सूचनाओं के प्रचार-प्रसार से बचने हेतु किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

भदोही- आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा संयुक्त रुप से थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत मोहर्रम त्योहार से संबंधित ताजिया जुलूस हेतु निर्धारित रूट का निरीक्षण किया गया। मोहर्रम त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत माधोसिंह कर्बला एवं घोसिया में सुन्नी शाही जामा मस्जिद पर आयोजको, ताजियादारों, आखाडादारों को शांतिपूर्ण व परम्परागत ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की गयी।

ताजियादारों/धर्मगुरुओं व मिश्रित आबादी के लोगों के साथ संवाद कर जुलूस के दौरान आने वाली समस्याओं को सुना गया व उनसे सुझाव भी मांगे गये। मार्ग की साफ-सफाई व बिजली तारों को ठीक कराने आदि के संबंध में संबंधित को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। लोगों से त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की गई, साथ ही हिदायत दी गई कि जुलूस में शस्त्रों के प्रदर्शन को पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया है। डीजे/माइक/लाउडस्पीकर को निर्धारित संख्या व निर्धारित डेसीबल में ही बजाने की अनुमति दी गई है। ताजियादारों से किसी भी नए ताजियामार्ग के निर्माण न करने व किसी नई परंपरा से बचने की अपील की गई। सरकार द्वारा जारी किये गये गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी लोग आपस में मिलजुल कर आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ अपना अपना त्योहार मनाएं। असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति के संज्ञान में ऐसा कोई मामला आता है तो तुरंत सम्बंधित थाना पुलिस को अवगत कराएं, जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए।

सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक,भ्रामक व अफवाह पोस्ट करने वालों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कठोरतम विधिक कार्यवाही की जा रही है। ऐसा कृत्य करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी औराई बरखा सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात राय, चेयरमैन घोषिया व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जनपद मीरजापुर की तहसील मड़िहान में सुनी गई जन समस्याएं

- सम्बन्धित को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के दिए गए निर्देश

जमीन सम्बन्धी मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम कराये निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। शनिवार को शासन के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु परिक्षेत्र के समस्त तहसीलों पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल "बालकृष्ण त्रिपाठी" व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षत्र, मीरजापुर "आर.पी. सिंह" द्वारा जनपद मीरजापुर के तहसील मड़िहान में फरियादियों की समस्या सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया तथा अधीनस्थों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए, समाधान ऐसा करें कि फरियादी संतुष्ट हो जाए और उन्हें दोबारा शिकायत करने की जरूरत न पड़े एवं यह भी निर्देश दिया कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। राजस्व से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाए तथा शिकायतों का निस्तारण कागजों तक सीमित ना हो, शिकायतकर्ता की शिकायत का वास्तविक निस्तारण हो।

भूमि विवाद, चकरोड व अवैध कब्जा आदि की शिकायतों का निस्तारण राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करें। संबंधित थाना प्रभारी को असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन, उपजिलाधिकारी मड़िहान, क्षेत्राधिकारी मड़िहान, मीरजापुर सहित पुलिस एवं राजस्व के अन्य अधिकारीकर्मचारीगण मौजूद रहे।

पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। वन महोत्सव सप्ताह के तहत वनविभाग द्वारा ड्रमंडगंज वनरेंज के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के पूर्व गृह सचिव व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सलाहकार सेवा निवृत्त आइएएस मणि प्रसाद मिश्र ने ग्रामीणों व वनविभाग की टीम के साथ पौधरोपण कर लोगों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की। पूर्व गृह सचिव ने ग्रामीणों संग मछेहुआ नाले के किनारे पीपल, आंवला, पाकड़,गूलर का पौधरोपण किया। इसके बाद वनविभाग की टीम के साथ बबुरा रघुनाथ सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय परिसर में नीम और पीपल का पौधरोपण किया। पूर्व गृह सचिव ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और पौधारोपण के लिए प्रेरित किया।कहा कि पेड़ पौधे हमें सिर्फ आक्सीजन ही नही देते हैं बल्कि फल, फूल, औषधि और इमारती लकड़ियां भी देते हैं।पौधारोपण और वनों को बचाकर ही पर्यावरण को संतुलित रखा जा सकता है। ग्रामीणों से कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना सबका दायित्व है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। पर्यावरण असंतुलित होने के कारण ही वर्षा कम होती है।पूर्व गृह सचिव ने पर्यावरण की सुरक्षा एवं शुद्ध प्राण वायु के लिए ग्रामीणों से संकल्पित होकर अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की।इस दौरान बाल कृष्ण मिश्र वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी, सर्वेश्वर पटेल, वनकर्मी महेंद्र सिंह, सियाराम पाल, राजेंद्र मिश्र प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र कुमार,मदन सिंह, नृपेन्द्र सिंह, राजेंद्र चौरसिया, अमित सिंह आदि ग्रामीणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

RSS की नरायनपुर इकाई का वन विहार कार्यक्रम

- स्वयंसेवकों ने खेलकूद के साथ वार्षिक योजना बनाई, संघ गुरु पूर्णिमा पर चर्चा

स्वतंत्र प्रभात

मिर्ज़ापुर, नारायणपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की नारायनपुर इकाई ने शनिवार को कैलहैट स्थित बड़े हनुमान गढ़ी मंदिर में वन विहार कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इसी दौरान संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों को क्रियान्वयन पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम के वक्ता विंध्याचल के विभाग प्रचारक कौशल किशोर ने बताया कि वन विहार कार्यक्रम से स्वयंसेवकों में पूरे वर्ष काम करने की ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने वनवासी क्षेत्रों में जाकर अपनी सेना का निर्माण किया। वनवासियों के साथ मिलकर मुगलों से युद्ध कर विजय प्राप्त की। व्यक्ति नहीं, संगठन श्रेष्ठ होता है और संगठन से राष्ट्र श्रेष्ठ बनता है। अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में भेदभाव मिटाने और एकजुटता बढ़ाने में मदद करते हैं। उन्होंने संगठित होने की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में शक्ति होती है। कार्यक्रम में दिनभर कबड्डी समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। संघ गुरु पूर्णिमा पर चर्चा , वार्षिक कार्य योजना के साथ संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों को सफल बनाने की योजना बनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रणव चेतन महाराज एवं संचालन प्रिंस ने किया।

कार्यक्रम में विभाग कार्यवाह सच्चिदानंद, राम बालक, जगदीश, गौतम, गोविंद, रामशकल, दिनेश सिंह, डॉ शशांक, अनमोल सिंह, संजय भाई पटेल, राम सिंह, अमित, राकेश श्रीवास्तव, अवनींद्र, हरिशंकर सिंह, आदित्य, आलोक, अशोक समेत कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

विंध्याचल मां विंध्यवासिनी देवी के गर्भगृह में दो तीर्थपुरोहित आपस में भीड़े

- वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दे रही है दबिश

स्वतंत्र प्रभात

विंध्याचल, शुक्रवार की रात बताया गया कि रात को आरती के बाद मां का शयन लगने वाला था कि इसी दौरान पांच से सात लोगों को दर्शन पूजन करने के लिए आए और इसी दौरान दोनों पक्ष में कहा सुनी करते करते एक दूसरे से भीड़ गए। शुक्रवार की रात्रि समय करीब 12 बजे माँ विन्ध्यावासनी मंदिर में रात्रि आरती के लिये मंदिर के मुख्य श्रृंगारी शिवजी मिश्रा द्वारा आरती की कार्यवाही प्रचलित थी।

इसी दौरान विपक्षी अमित पांडे व अन्य साथियों द्वारा अपने साथ जजमानों को लेकर आये तथा दर्शन कराने की बात को लेकर नोकझोक की गयी तथा अमित पांडे व अन्य साथियों द्वारा मुख्य श्रृंगारी शिवजी मिश्रा के साथ झंगडा किया गया। थाना विन्ध्याचल पर प्राप्त शिकयती पत्र के आधार पर सुसंगत धाराओं में 03 नाजद व अन्य के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए, पुलिस द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दी जा रही है, अन्य कार्यवाही प्रचलित है । मौके पर कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

वहीं श्रृंगारिया पंडित शिव जी मिश्र का कहना है कि मंदिर बंद होते समय लगभग 11ः55 पर वह अपने भाइयों के साथ पहले से ही प्लानिंग बनाकर के अंदर आकर मंदिर को बंद करने को लेकर जबरन मारने पीटने लगे और इस दौरान मेरे गले की माला और जंजीर था जो उसी दौरान गिर गया और उसका पता नहीं चला। यह आए दिन उक्त व्यक्ति द्वारा श्रृंगार करते समय परेशान किया जाता रहा है। इससे पहले पुलिस अधीक्षक डॉ. धर्मवीर के समय भी यह दुर्व्यवहार हमारे साथ कर चुका है। उक्त समय भी उस पर कार्यवाही किया गया था। बीच बीच में भी आए दिन उस व्यक्ति द्वारा आरती के समय ही हमें और आरती में रहने वाले सहयोगियों को परेशान किया जाता है।

सुमित पांडे ने कहा कि मेरे बड़े भाई अमित पांडेय प्रतिदिन की भांति बीती रात भी अपने समय पर मां की पूजा करने के लिए पहुंचे थे कि उसी समय श्रृंगारिया महराज के लड़कों ने दस बारह लोगों की संख्या में पहुंचकर मां का चरण स्पर्श कराने लगे जो कि चरण स्पर्श पूरी तरह से प्रतिबंधित है और वह श्रृंगारिया होते हुए पंडा बनकर जबरन चरण स्पर्श कराने लगे जिसका विरोध मेरे बड़े भाई ने किया इस पर वह लोग हाथ में लिए थाली को नीचे गिरा दिया और धर पकड़ पर उतर आए जबकि मौके पर ड्यूटीरत पुलिस ने चरण स्पर्श कराने को लेकर मना किया गया लेकिन उनके कहने पर भी नहीं माने और जबरन मार पीट करने लगे।

भारी बारिश से ड्रमंडगंज घाटी में भूस्खलन होने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरा मलबा

स्वतंत्र प्रभात

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी में शनिवार दोपहर में तेज बारिश के बाद पहाड़ से हो रहे पानी के रिसाव के कारण आधा दर्जन से अधिक जगहों पर भूस्खलन होने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलबा और पत्थरों के टुकड़े गिर पड़े। राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरे मलबे को हटाने के लिए देर शाम तक एनएचएआई की टीम नही पहुंची। राष्ट्रीय राजमार्ग पर फैले पत्थरों के टुकड़े और मिट्टी के मलबे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन कर रहे वाहनों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान से बरम बाबा मोड़ के बीच में करीब आधा दर्जन जगहों पर भूस्खलन होने से मलबा नेशनल हाईवे पर बिखर गया है। बारिश के मौसम में ड्रमंडगंज घाटी में पहाड़ से भूस्खलन का खतरा बना हुआ है।

संक्षिप्त खबरें

नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, कूटरचित नम्बर प्लेट तथा अवैध तमंचा कारतूस बरामद

प्रयागराज। पुलिस आयुक् व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक् पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-05.07.2025 को 02 अभियुक्त 1. कपिल पाण्डेय पुत्र दीपक पाण्डेय निवासी फतेहपुर कायस्थान थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज 2. राजाबाबू यादव पुत्र स्व0 शोभा लाल यादव निवासी ग्राम फतेहपुर कायस्थान थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शहजादपुर स्थित अन्डरपास के पास से चोरी की 01 हीरो स्प्लेण्डर मोटर साइकिल, 01 कूटरचित नम्बर प्लेट व 01 अवैध तमंचा .315 बोर व 02 कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-312/2025 धारा-317(2)/ 319(2)/ 338/ 336(3)/ 340(2) भा0न्या0सं0 व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

प्रयाग सिटीजन लॉ कॉलेज सिरहिर मे किया गया वृक्षारोपण

कोराव प्रयागराज। बलराम ग्रुप के द्वारा संचालित प्रयाग सिटीजन लॉ कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ0 विरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार लॉ कॉलेज के प्रांगण में आज दिनांक 05/07/2025 को विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे सागौन, नीबू, आँवला, नीम इत्यादि के पौधे लगाये गये। पर्यावरण संवर्धन की दृष्टि से यह प्रक्रिया बेहद सराहनीय और मानवीय जीवन के लिये अत्यन्त उपयोगी है। इस अवसर पर प्रयाग सिटीजन लॉ कॉलेज के शिक्षक शिक्षणेत्तर एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

बादलों में गरज के साथ हुई बारिश तापमान में आई गिरावट

कड़ी धूप और उमस से मिली राहत।

प्रयागराज। मौसम में बदलाव का सिलसिला लगातार जारी है। इसके कारण होने वाली उमस प्रयागराज के लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई। शनिवार को भी सुबह से ही आसमान में बादलों के आने-जाने का सिलसिला बना हुआ है। बीच-बीच में निकलने वाली कड़ी धूप लोगों के लिए परेशानी बनी हुई है।ऐसे में लोगों को उम्मीद है कि भारी उमस से शाम तक बारिश के आसार बन सकते हैं। दोपहर में अचानक बादलों ने अपना असर दिखाया और करीब दो बजे से जोरदार बारिश शुरू हो गई।उमस भरी गर्मी के बीच प्रयागराज में शनिवार को दिन का तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले पांच दिनों तक इसी प्रकार की स्थिति बनी रहने की संभावना है। हालांकि बीच-बीच में तापमान बढ़ने की उम्मीद भी है। मौसम विभाग के अनुसार, अभी तीन से चार दिनों तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होगी। 10 जुलाई के बाद से प्रयागराज में तेज बारिश के आसार बने हुए हैं।प्रयागराज में अभी रुक-रुक कर ही बारिश होगी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जलवायु और समुद्र अध्ययन केंद्र के प्रो.शैलेंद्र राय ने बताया- अभी कुछ दिनों तक आसमान आमतौर पर बादलों से घिरा रहेगा। रुक-रुक कर गरज-चमक के बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

स्वर्गीय रामविलास पासवान की 79वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। लोक जनशक्ति पार्टी व दलित सेना के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री, पद्म विभूषण रामविलास पासवान की जयंती धूम धाम से होटल साकेत गंगे झूंसी प्रयागराज में मनाई गई। जयंती सामरोह के मुख्य अतिथि लोक जनशक्तिपार्टी(रामविलास) पूर्वांचल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष (एडवोकेट) राजीव पासवान सदस्य दूरसंचार, रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति भारत सरकार श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सभी छोटे से छोटे कार्यकर्ता गांव की बड़ी आवाज बन कर हमारे नेता के किए गए कार्यो को घर घर बताने का काम करें।

नेता जी ने डॉ0 भीम राव आंबेडकर साहब की तस्वीर संसद भवन में लगवाने का काम किया। अम्बेडकर की जयंती 14-अप्रैल को अवकाश के रुप घोषित कराने तथा उनके नाम से डाक टिकट जारी कराने का काम किया। हमारे नेता दूरसंचार मंत्री रहते हुए कहा करते थे कि एक दिन मोबाइल, (टेलीफ़ोन) बैगन के भाव बिकेंगे। उनकी कहीं गयी बात आज सच साबित हो रही हैं जो आज हर घर में मोबाइल (टेलीफ़ोन) उपलब्ध है वो श्रद्धेय रामविलास पासवान की देन है। नेता जी जब कोयला खनन मंत्री थे तब कोयला खदान में कमर तोड़ मेहनत करने वाले कर्मचारियों को इलाज कराने के लिए अपोलो अस्पताल की सुविधा उपलब्ध करायी। रसायन व उर्वरक मंत्री रहते हुए दवा का दाम कम करा कर छोटे छोटे व्यापारियों को डीलर बनाने का काम किया। वीपी सिंह के सरकार में मंडल कमीशन लागू कराने काम किया। रेल मंत्री रहते हुए रेलवे के कुलियों को एक साथ 75 हजार कुलियों को परमानेंट करने का काम किया। कोरोना काल जैसे महामारी में भी नेता जी अपने स्वास्थ्य की चिंता न करते हुए गरीबों की चिंता की। कोई भूखा ना रहने पाए इसलिये प्रति यूनिट 5द्यद्द अनाज गरीबों को निःशुल्क में दिलाने का काम किया। उपरोक्त कार्य नेता जी ने किया नेता जी ने कहा था कि मैं उस घर में दिया जलाने चला हूं। जहां सदियों से अंधेरा रहा। इन्हीं सब कार्यों को लेकर कार्यकर्ता गांव गांव एवं जन जन तक बताने का काम करें। और प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रदेश में 100 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जिसमें बदलापुर प्रमुख है जहां से पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव / प्रवक्ता विकास पाण्डेय होंगे जो लगभग हजार लाखों वोट से बदलापुर सीट जीत एक अलग परचम लहराएंगे तो वही पंचायत चुनाव उत्तर प्रदेश में अपने बल बूते पर चुनाव लड़ेगी।

प्रदेश प्रधान महासचिव/ प्रवक्ता विकास पाण्डेय ने स्वर्गीय रामविलास पासवान 79 जन्म दिन पर उन्हें माल्यार्पण अर्पण किया और कहा कि जहाँ पीडीए तो केवल बाबा साहेब व संविधान के नाम लोगों को भड़काकर वोट लेने का काम करती है वहीं पर स्वर्गीय रामविलास पासवान जी ने बाबा साहेब का संसद भवन में फोटो लगाने का काम किया था श्रद्धेय नेता जी के अधूरे सपने को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान साहब केंद्रीय मंत्री भारत सरकार पूरा करने का काम करेंगे। वही इसी कार्यक्रम में वीरेन्द्र कान्त पाण्डेय को प्रयागराज मण्डल प्रभारी, संजीव कुमार पाण्डेय को महानगर मंडल अध्यक्ष व कमलेश तिवारी को विधि प्रकोष्ठ गंगा पार का अध्यक्ष बनाया गया एवं कई अन्य दल के लोगों ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की सदस्यता ली। जयंती सामरोह में मुख्य रूप से विजय नारायण पाण्डेय, विकास पाण्डेय प्रधान महासचिव,आशीष पासवान विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष,जितेंद्र पासी प्रदेश महासचिव, करन सोनकर प्रदेश उपाध्यक्ष, कलमेश तिवारी, रामविलास पासी,सर्वज्ञ पांडेय, राधेश्याम पासी, रत्नेश सिंह प्रदेश सचिव, विनय कुशवाहा जिलाअध्यक्ष प्रयागराज ,टीपी पांडेय जिला अध्यक्ष यमुनापार, सुनील जयसवाल जिलाअध्यक्ष कौशांबी, विजय पाल सरोज जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़, मनोज सिंह जिलाध्यक्ष वाराणसी, विकास दुबे जिलाध्यक्ष भदोही, धनंजय दुबे मंडल प्रभारी मिर्जापुर, नन्द कुमार सोनी महानगर अध्यक्ष प्रयागराज, आनंद पाण्डेय, ब्रजेश उपाध्याय, धीरेंद्र दुबे, आर्यन सिंह,आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रयागराज में बुजुर्ग ने फर्राटा बाइक चलाने से रोका, युवकों ने घर में घुसकर की मारपीट व फायरिंग

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। यमुनापार स्थित एडीए कालोनी स्थित सी ब्लाक में रहने वाले बुजुर्ग उमाकांत से घर में घुसकर मारपीट की गई थी। मामला सिर्फ इतना था कि उन्होंने कालोनी में बेतरतीब और फर्राटा बाइक चलाने से दो युवकों को मना किया था। बस इसी बात को लेकर पहले विवाद फिर उनसे मारपीट की गई। फायरिंग का भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में नैनी थाने में दो युवकों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों के साथ और भी कई युवक थे, जिनकी पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है। पुलिस का दावा है कि दोनों आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एडीए कालोनी स्थित सी ब्लाक में शुक्रवार शाम किराए पर रहने वाले प्रियांशु और हिमांशु बेतरतीब तरीके से बाइक चला रहे थे। यही के रहने वाले उमाकांत ने देखा तो विरोध किया और फटकार लगाई। जिस पर दोनों युवकों से उनका विवाद हो गया। उस समय आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच बचाव करते हुए मामले को शांत कर दिया। प्रियांशु और हिमांशु वहां चले गए। कुछ देर बाद दोनों कई साथियों के साथ उमाकांत के घर पहुंचे और अपशब्द कहते हुए घर में घुसकर मारपीट की। इस दौरान हवाई फायरिंग भी किए जाने की बात सामने आई थी। खबर पाकर नैनी पुलिस मौके पर पहुंची थी,

लेकिन हमलावर हाथ नहीं लगे थे।

नैनी इंस्पेक्टर बृज किशोर गौतम का कहना है कि मारपीट घटना हुई है, लेकिन फायरिंग नहीं की गई। उमाकांत की पत्नी नीतू की तहरीर पर प्रियांशु और हिमांशु को नामजद करते हुए कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हमलावरों की तलाश की जा रही है।

चोरी के अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्त थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा गिरफ्तार

● कब्जे से चोरी की गई 02 भैंस, 01 पड़िया व 09 अवैध देशी जिन्दा बम बरामद।

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0-127/2025 धारा 303(2) बी0 एन0 एस0 से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01. मो0 सलमान पुत्र हबीबउद्दीन निवासी ग्राम असरौली थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज व 02. कासिफ उर्फ बाडूम पुत्र तौफीक निवासी भरेठा मरियाडीह थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 05.07.2025 को मुखबिर की सूचना पर क्राईस्ट ज्योति स्कूल के आगे हमराह गार्डन के पास थाना क्षेत्र पूरामुफ्ती से गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 01 पिकप में लदी हुई चोरी की 02 भैस, 01 पड़िया व 09 अवैध देशी जिन्दा बम बरामद किया गया।

गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बी0एन0एस0 की बढ़ोत्तरी की गई व पिकअप रजि0 नं0-UP70MT5458 को धारा 207 एम0वी0 एक्ट में सीज किया गया तथा थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-128/25 धारा 4/5 विस्फोटक पादर्थ अधिनियम पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड किया प्रदान

● तहसील दिवस में ही लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर किया गया वितरित

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज तहसील दिवस चायल में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों-गुलाब, राम कुंजल, शिवकुमारी, अशोक कुमार, दक्खिनी हरज्ञान सिंह, सर्वेश कुमार, बनवारी लाल, गया प्रसाद एवं ऋषि कुमार पाण्डेय को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संजय कुमार उपस्थित रहे।

जिला समन्वयक आयुष्मान भारत डॉ.ओम त्रिपाठी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के इन लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड आज तहसील दिवस में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये कैम्प में स्क्रीनिंग कर पात्रता पाये जाने पर तत्काल बनाया गया। उन्होंने बताया कि तहसील दिवस में आने वाले 25 फरियादियों की स्क्रीनिंग की गयी जिसमें 10 फरियादी आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत प्राप्त पाये गये जिनके आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जारी किये नोटिस

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत उत्तर प्रदेश राज्य के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से वर्ष 2024 (06 वर्षों) के मध्य आयोग द्वारा आयोजित निर्वाचनों में एक भी चुनाव नहीं लड़े जाने के फलस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी के क्रम में अपर मुख्य निर्वाचन आयोग अधिकारी, उत्तर प्रदेश के द्वारा जनपद मथुरा की 'भारतीय सत्यार्थ संगठन पता 3 भारत नगर, प्रेम विद्यालय-रेलवे कासिंग, राधापुरम हाउसिंग कॉलोनी के सामने, बिरला मन्दिर के पास, वुन्दावन रोड, जीटीवी-3, मथुरा-281003 (उत्तर प्रदेश) पार्टी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कारण बताओ नोटिस के संबंध में पार्टी के अध्यक्ष, महासचिव अपना प्रत्यावेदन, हलफनामा एवं सुसंगत अभिलेखों के साथ दिनांक 14 जुलाई 2025 तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश चतुर्थ तल विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ 226001 को उपलब्ध करा सकते है एवं सुनवाई के लिए नियत दिनांक 21 जुलाई, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के समय के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो सकते है। यदि पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और पार्टी को राजनैतिक दलों की सूची से हटाये जाने के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की ओर से संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जायेगा।

"हर पौधा बने पेड़, हर व्यक्ति बने प्रहरी" के संकल्प के साथ कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज में किया गया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। वन महोत्सव के अंतर्गत शंकरगढ़ नगर क्षेत्र के कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज में "हर पौधा बने पेड़, हर व्यक्ति बने प्रहरी" के संकल्प के साथ वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मनी शंकर दुबे ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडे, मनी शंकर दुबे,मनोज तिवारी, इमरान अहमद, धर्मराज कुशवाहा,पंकज श्रीवास्तव, राजेश गोस्वामी, पंकज मिश्रा, अखिलेश पांडेय, नरेश श्रीवास्तव, अनुभव पांडेय, राजेश गोस्वामी, मीरा श्रीवास्तव, रीना गोस्वामी, वंदना शुक्ला,रीतू सुसारी, सोमवती विश्वकर्मा,सिम्मी गुप्ता, मधु केसरवानी, प्रीति सेन, निहारिका सेन,अंजू गुप्ता,सीमा सिंह,कोमल त्रिपाठी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

एम.बी.बी.एस. छात्रा के सम्मान में किया गया वृक्षारोपण।

एन.एस.के.इंटर कॉलेज शंकरगढ़ प्रयागराज के पुरा छात्र जितेश समददार पुत्र सत्यरंजन समददार निवासी वाय सिंधीटोला शंकरगढ़ प्रयागराज ने अभी हाल में ही डॉ राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस लखनऊ से एम. बी. बी. एस की पढ़ाई साढ़े चार वर्ष पूर्ण कर ली है अब उपर्युक्त संस्था से एक साल का इंटर्नशिप कर रहे हैं जितेश समददार सन 2013 में एन.एस.के इंटर कॉलेज से उत्तीर्ण हुए हैं जैसा कि ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश सरकार संपूर्ण प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा है इसी लक्ष्य में सहयोग करने के लिए आज एनएसके इंटर कॉलेज में पूरा छात्र जीतेश समददार के सम्मान व उत्साहवर्धन के लिए एक वृक्ष मां के नाम के साथ एक वृक्ष पुरा छात्र जितेश समददार के नाम रोपित किया गया उपर्युक्त कार्यक्रम में सत्य रंजन समददार मुन्ना मिश्रा प्रबंधक संतोष त्रिपाठी प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह ज्ञानेंद्र मिश्रा अशोक त्रिपाठी विजय शंकर मिश्रा उत्तम सिंह बघेल कमलाकर सिंह राजेश सिंह पुष्पराज सिंह लक्ष्मी नारायण वर्मा दीपक विश्वकर्मा रावेन्द्र कुमार प्रदीप कुमार मिश्रा अनिल कुमार सोमेशशुक्ला शिवेंद्र सिंह संदीप सिंह कामिनी सिंह अर्चना सिंह अनीता सिंह माया सिंह सोनाली पांडे प्रतिमा सिंह व समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

यात्री का मोबाइल छीनने की फिराक में शातिर चोर कर रहा था रेकी, जीआरपी प्रयागराज ने किया गिरफ्तार!

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। रेलवे स्टेशनों और चलती ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल पर नजर गड़ाए शातिर चोर पिंटू साकेत की मंशा पर जीआरपी ने पानी फेर दिया। शनिवार सुबह करीब 11ः15 बजे प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक के पास इंटरसिटी साइड लाइन पर रेलवे कालोनी जाने वाले रास्ते के गेट पर वह यात्रियों की रेकी कर रहा था। मौका मिलते ही मोबाइल छीनकर भागने की योजना थी, लेकिन जीआरपी की सतर्क टीम ने उसकी संदिग्ध हरकतों को भांप लिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन उपाध्याय के नेतृत्व में उप-निरीक्षक राजकुमार चौहान और उनकी टीम ने उसे घटना को अंजाम देने से पहले ही धर दबोचा।

पूछताछ में पिंटू ने पहले खुद को निर्दोष बताने की कोशिश की, लेकिन कड़ाई से पूछताछ में वह टूट गया। उसके कब्जे से दो चोरी के टच स्क्रीन मोबाइल बरामद हुए। ढ्ढरूश्वढ्ढ नंबर जांचने पर पता चला कि ये मोबाइल चोरी के दर्ज मुकदमों से संबंधित हैं। इनकी कीमत करीब 50,000 रुपये है। पिंटू ने कबूला कि वह चलती ट्रेनों और स्टेशनों पर यात्रियों के मोबाइल छीनता या चुराता था, फिर उन्हें बेचकर ऐशो आराम की जिंदगी जीता था।

32 वर्षीय पिंटू साकेत, मऊगंज (रीवा, मध्य प्रदेश) का रहने वाला है और इसका आपराधिक इतिहास भी लंबा है। इसके खिलाफ जीआरपी प्रयागराज में आर्म्स एक्ट और चोरी से संबंधित पांच मामले दर्ज हैं। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे और

पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार पाठक के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई हुई। जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम अब पिंटू को न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। इस कार्रवाई ने यात्रियों में सुरक्षा का भरोसा जगाया है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील चायल में सुनी जनशिकायतें

● योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के दिये निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने तहसील चायल में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर सम्बन्धित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य,राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कोईलहा से दूरभाष पर वार्ता कर तहसील दिवस में आयी राधिका यादव निवासी-ग्राम मलाक मोईनउद्दीनपुर का प्रवेश विद्यालय में कराने के निर्देश दिये। तहसील दिवस में शिकायतकर्ता वीरेन्द्र कुमार निवासी-खोपा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के ही दबंग व्यक्ति ने रास्ते पर कब्जा कर लिया है तथा बंटवारे का मुकदमा उप जिलाधिकारी चायल के कोर्ट में चल रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 59 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील मंझनपुर में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील सिराथू में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुई, 04 जिसमें से शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं उप जिलाधिकारी आकाश सिंह सीओ चायल अभिषेक सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

प्राइवेट स्कूलों को टक्कर देगा मुख्यमंत्री अभ्युदय आदर्श कम्पोजिट विद्यालय- जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद में विधानसभा मंझनपुर के गवारा तैयबपुर में मुख्यमंत्री अभ्युदय आदर्श कम्पोजिट विद्यालय प्री प्राइमरी का बतौर विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया। जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भूमिपूजन कर बताया कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय में प्री नर्सरी से इण्टर तक की पढ़ाई होगी इसमें कक्षा 12 तक के छात्र/छात्राओं को आधुनिक शैक्षणिक परिवेश में शिक्षा दी जायेगी विद्यालय में बेहतर कक्षाएं बनाई जायेंगी भवन के साथ साथ खेल का मैदान एवं कौशल विकास के संसाधन को विकसित करेगा इन विद्यालयों की सबसे खास बात यह है कि इनमें प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की सभी कक्षाएं एक ही

परिसर में संचालित होंगी। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट स्कूल की निम्न सुविधाएं होंगी जिसमें साफ-सफाई के लिए कर्मचारी और सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड तैनात होंगे स्कूल में एक मल्टीपर्पज रूम होगा, जिसमें जिम और प्लेग्राउण्ड शामिल होगा रेनवाटर कलेक्शन सिस्टम और सोलर पैनल भी स्कूल में लगाए जायेंगे।

स्कूल में बच्चों को मिड-डे मील मिलेगा और इसके लिए डायनिंग हॉल भी होगा. साथ ही आरओ वाटर प्लान्ट, हाथ धोने की जगह भी बनाई जायेगी।आग से सुरक्षा के लिए मॉडर्न उपक्रम लगाए जायेंगे ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर,राज्य महिला आयोग सदस्य प्रतिभा कुशवाहा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुशवाहा,मण्डल अध्यक्ष रमेश सिंह लोधी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिलाष मौर्य,रामप्रकाश सरोज आदि लोग उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील चायल परिसर में किया पौधारोपण

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने आज तहसील चायल परिसर में पौधारोपण कर जनपदवासियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के प्रति जागरूक किया कि पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए हम सभी को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिये और उसका संरक्षण भी करना चाहिये।

ज्ञातव्य है कि पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन बनाये रखने तथा हमारे जीवन के लिए धरातल पर अधिक से अधिक पेड़-पौधों का होना अत्यन्त आवश्यक है। पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकतीं। वह प्रत्येक तत्व, जिसका उपयोग हम जीवित रहने के लिए करते हैं, वह सभी पर्यावरण के अन्तर्गत आते हैं। हमारा पर्यावरण धरती पर स्वस्थ्य जीवन को अस्तित्व में रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सुरक्षित जीवन के लिए धरातल पर मानक के अनुसार 33 प्रतिशत वन आच्छादित होना चाहिये। हम सभी को

पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप जीवन शैली अपनाना चाहिये। हम सब अपने दिनचर्या में बदलाव लाकर भी पर्यावरण का संरक्षण कर सकतें हैं।

संक्षिप्त खबरें

नहर के गुल पर चकबंध निर्माण से करीब चार सौ किसान पानी से वंचित

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुअवा नम्बर एक के किसान ने नहर के गुल की जगह चकबन्ध निर्माण का आरोप लगाकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में फिर से गुल की सफाई कर 400 किसानों को नहर से पानी मुहैया कराने की मांग किया है। जानकारी के मुताबिक नौतनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत महुअवा नम्बर एक निवासी गंगाराम पुत्र बुद्धिराम ने दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि दुर्गापुर गांव के सीमा से नहर का पानी गुल के माध्यम से चार मजरों के लगभग 400 किसानों के खेत की सिंचाई का मात्र एक साधन है। रोहिन बैराज निर्माण होने से पुनः एक बार फिर पानी मिलने की आस जग गई है लेकिन गांव के जिम्मेदारों ने नहर के गुल को कागज में बिना सिंचाई विभाग के एनओसी के उसका स्वरूप परिवर्तित कर रास्ता बना दिया है। किसान ने जिलाधिकारी से गुहार लगाया है कि गुल की सफाई के लिए पंचायती राज विभाग को निर्देशित करें जिससे 400 किसानों को पुनः पानी मिल सके।

देवशयनी एकादशी पर ठा. द्वारकाधीश के फूल बंगला दर्शन आज

मथुरा। देवशयनी एकादशी के दिन रविवार 6 जुलाई को ठाकुर मंदिर द्वारकाधीश में फूल बंगला में विराजमान होकर प्रभु द्वारकानाथ अपने भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर में फूल बंगले बनाने की तैयारी पिछले लगभग 15 दिन से चल रही थी। फूल बंगला सजाने के दिल्ली, कोलकाता और विभिन्न जगहों से फूल मंगाए गए हैं। पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया के मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण तृतीय पीठाधीश्वर कांकरोली नरेश व मंदिर के गोस्वामी डॉ. वागीश कुमार महाराज के द्वारा किया जाता है। इसी के तहत फूल बंगला मनोरथ का आयोजन हो रहा है। मान्यताओं के अनुसार यह एकादशी देवशयनी एक बहुत ही प्रमुख एकादशी है आज के दिन से देवता 4 महीने के लिए शयन को चले जाते हैं और हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 4 महीने तक कोई भी शुभ कार्य नहीं होंगे। इस संपूर्ण कार्यक्रम को आयोजित करने वाले मनोरथी श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक हैं। श्री तिवारी ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि वह इस भव्य मनोरथ के विशेष दर्शन जो सांयकाल 6.30 बजे से 8 बजे तक करके अपने जीवन को धन्य कर पुण्य के भागी बने।

सत्ताधारी पार्टी के फर्जी पदनाम से भ्रम फैला रहे लोग

प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की

मथुरा। शहर में कुछ लोग बिना किसी अधिकृत नियुक्ति के स्वयं को महानगर अध्यक्ष जैसे जिम्मेदार पदों पर घोषित कर भ्रम फैला रहे हैं। हाल ही में एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें वाहन पर महानगर अध्यक्ष लिखा पाया गया। जबकि संबंधित व्यक्ति की कोई आधिकारिक नियुक्ति नहीं है। सूत्रों के अनुसार, यह व्यक्ति न तो किसी राजनीतिक दल से अधिकृत है और न ही उसके पास किसी प्रकार का वैध प्रमाण पत्र है, फिर भी वह समाज में एक पदाधिकारी की तरह व्यवहार कर रहा है। इससे आम जनता और प्रशासन दोनों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए, फर्जी पदनाम का उपयोग करने वाले लोगों की जांच कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि ष्पद की गरिमा और प्रशासन की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ऐसे फर्जीवाड़ों पर तत्काल रोक जरूरी है। एक भाजपा कार्यकर्ता राम ने प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि ऐसे सभी वाहनों और व्यक्तियों की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में कोई व्यक्ति बिना अधिकृत नियुक्ति के पदनामों का दुरुपयोग न कर सके।

गोवर्धन में हुई चोरी का हुआ खुलासा

स्वतंत्र प्रभात

चोरी के बरामद हुए सामान के साथ पकडे गये आरोपी।

मथुरा। गोवर्धन पुलिस ने ब्रह्मणान कालोनी में एक मकान से नकदी और सोने चांद के जेवर आदि चोरी करने वाले तीन चोरों को गिरफ्तार करके चोरी किए जेवरात और नकदी बरामद की है। गांव खोरी थाना डीग राजस्थान के रहने वाले नेत्रपाल सिंह ने गोवर्धन के ब्राहम्णान कालोनी में मकान बना रखा है। 28 जून की रात को चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बना लिया। घर लौटने पर मकान के कमरों के ताले टूटे हुए देख कर नेत्रपाल सिंह के परिवार के होश उड़ गए। चोर घर में रखे दस हजार की नकदी और जेवरात आदि चोरी कर ले गए थे। इस मामले में पुलिस नेत्रपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल बदमाशों की तलाश की पुलिस को चोरों के बारे मे सूचना मिली। पुलिस ने महमदपुर चौराहे से पैंठा की ओर बनी पार्किंग के समीप से अभियुक्त योगेंद्र उर्फ ओपी नायक निवासी नारायणपुर रसूलपुर नगला बंजारा थाना छतारी जिला बुलंदशहर, दिनेश निवासी खलौरी थाना जहांगीराबाद, बुलंदशहर व तोजपाल उर्फ तेजा निवासी कालाशपुर निकट सेक्टर 15 सोनीपत जिला सोनीपत, हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों से एक हार पीली धातु, एक चेन पीली धातु, एक जोड़ी कुंडल पीली धातु एक एंड्राइड मोबाइल, एक देशी तमंचा कारतूस, छह हजार रुपये की नकद व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है।ह्य

भोजपुरी फिल्म देगी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

चित्रकूटः सूजन मीडिया फिल्म प्रोडक्सन के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की शूटिंग इन दिनों जनपद चित्रकूट के बनाड़ी व सिद्धपुर गाँव में चल रही है। फिल्म में नायक की भूमिका बबलू चक्रवर्ती व नायिका की भूमिका भोजपुरी सिनेमा जगत की अभिनेत्री निज्ञा सिंह निभा रही हैं। अन्य कलाकारों में हीरा यादव, अनीता ओझा, मुन्ना तिवारी, राजू खान, अंगद राजा, सत्यप्रकाश सिंह, आकांक्षा आदि प्रमुख भूमिका में है। फिल्म के लेखक संदीप सिंह, निर्देशक शाशिकान्त पाण्डेय और सह निर्देशक इन्द्रमोहन सिंह राजपूत है। यह फिल्म ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों के प्रति भेद-भाव और अन्य सामाजिक बुराइयों से ऊपर उठकर नारी जाति के आत्मसम्मान और समानता को दर्शाती है। फिल्म के दृश्य हर किसी को प्रभावित करते हैं।

प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में बीएल पांडेय ने जीता गोल्ड

प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में बीएल पांडेय को मेडल पहनाते श्याम सिंह यादव।

● तीन दिन चली प्रतियोगिता में करीब एक हजार प्रतियोगियों ने लिया भाग

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के खेल मैदान पर तीन दिन चली प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में बीएल पांडेय ने गोल्ड मेडल जीता। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें लगभग एक हजार बच्चों ने सहभागिता किया। 10 मीटर एयर पिस्टल में मथुरा के बीएल पांडेय ने 251 का स्कोर बना कर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। स्टेट क्वालीफाई कर स्टेट में जगह बनाई तो वही देवेंद्र गोस्वामी ने 151 स्कोर बना कर बढ़त बनाई। चार जुलाई को हुए पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्याम सिंह यादव प्रेसिडेंट यूपी राइफल एसोसिएशन एवं जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, एसपी सिटी राजीव कुमार और सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी जीते हुए खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्राउन मेडल देकर सम्मानित किया। वही मथुरा के बीएल पांडेय को श्याम सिंह यादव ने गोल्ड देकर सम्मानित किया और आपके उज्जवल भविष्य की कामना किया। वही उन्होंने कहा कि मथुरा में जल्द एक और ऐसा आयोजन किया जाएगा। बीएल पांडेय ने बताया कि वह आगरा में अपने कोच आदर्श चौधरी के निर्देशन में तैयारी कर रहे हैं।

गुरुग्राम के मानेसर में आयोजित सम्मेलन में पार्षद प्रियंका चौधरी ने लिया भाग

स्वतंत्र प्रभात

गुरुग्राम के मानेसर में आयोजित सम्मेलन के दौरान पार्षद प्रियंका चौधरी।

मथुरा। मथुरा वृंदावन नगर निगम के वार्ड 57 (बालाजीपुरम) की पार्षद श्रीमती प्रियंका चौधरी को उत्तर प्रदेश शासन के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया गया। यह राष्ट्रीय नगर निकाय सम्मेलन मानेसर (गुरुग्राम), हरियाणा में आयोजित हुआ। जिसमें देशभर के नगर निकायों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस सम्मेलन में महापौर विनोद अग्रवाल के साथ प्रतिनिधित्व करते हुए पार्षद श्रीमती प्रियंका चौधरी ने मथुरा वृंदावन की ओर से स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, नगरीय स्वच्छता, अधोसंरचना विकास एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर महत्वपूर्ण विचार रखे। सम्मेलन में उनकी सक्रिय सहभागिता ने मथुरा वृंदावन नगर निगम की सकारात्मक छवि को राष्ट्रीय पटल पर सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती चौधरी ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मथुरा वृंदावन नगर निगम के प्रतिनिधित्व के लिए आमंत्रित किया जाना मेरे लिए अत्यंत गौरव का विषय है। यह अवसर न केवल मेरे लिए, बल्कि पूरे नगर निगम और मथुरा वासियों के लिए गर्व की बात है।

बाहुड़ा रथ यात्रा में शामिल हुए हजारों भक्त

● भगवान जगन्नाथ मौसी के घर से वापस लौटे मंदिर

भजन कीर्तन के साथ जगन्नाथमय हुआ रिफाइनरी नगर

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। कान्हा की नगरी अंतर्गत मथुरा रिफाइनरी नगर में इन दिनों भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा से समूचा नगर भक्तिमय हो गया है। पिछले दिनों 27 जून आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ श्रीगोकुलेश्वर महादेव मंदिर से रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकले थे, जो नगर भ्रमण करते हुए भगवान जगन्नाथ अपनी मौसी देवी गुंडिचा के यहां पहुंचे। भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की यहां 9 दिनों तक विशेष पूजा अर्चाना की गई एवं नित्य विशेष व्यंजनों के भोग अर्पित किए गए। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की दशमी को भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र रथ में विराजमान होकर वापस अपने श्रीमंदिर की ओर लौटे। इस वापसी रथ यात्रा को बाहुड़ा रथ यात्रा भी कहते हैं। बाहुड़ा रथ यात्रा ने भजन-कीर्तन के साथ समूचे नगर को भक्तिमय वातावरण में बना दिया। रथ यात्रा में शामिल हुए भक्तों ने कहा कि उन्हें कान्हा की नगरी में ही जगन्नाथ पुरी की रथ यात्रा का अद्भुत संगम देखने को मिला है, ऐसे अद्भुत भक्तिमय वातावरण को भक्तों ने अपनी स्मृतियों में संजोया है। उड़िया समाज मथुरा रिफाइनरी द्वारा निकाली गई भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में राजा का दायित्व मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने निभाया। रथ यात्रा में राजा ने रथ के चहुंओर सोने की सोहनी से झाड़ू लगाई एवं भगवान की आरती कर राजा के साथ भक्तों ने मिलकर भगवान जगन्नाथ का रथ खींचा। बाहुड़ा रथ यात्रा में हजारों की संख्या में नगर वासियों ने बढ चढ़कर भाग लिया। समूचा नगर जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान हो गया। बाहुड़ा रथ यात्रा में मुम्बई से आए बॉलीवुड एक्टर राजा कापसे ने कहा कि उन्हें कान्हा की नगरी में भगवान जगन्नाथ का रथ खींचकर पुरी की जगन्नाथ यात्रा का आनंद मिल रहा है। इन्द्रदेव ने भी रिमझिम-रिमझिम बारिश कर भक्तों को प्रफुल्लित कर दिया, बारिश देखकर भक्तों में जोश व उत्साह और बढ गया। रथ यात्रा के वापस मंदिर पहुंचने पर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की आरती की गई एवं ठाकुरजी को मंदिर में विराजमान किया गया। इस पावन पर्व पर यात्रा में शामिल हुए हजारों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ की प्रसादी भी ग्रहण की।

बाहुड़ा रथ यात्रा में शामिल हुए हजारों भक्तगण।

नगर आयुक्त ने किये पार्कों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

नगर आयुक्त जग प्रवेश पार्कों का निरीक्षण करते हुए।

मथुरा। नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा वार्ड संख्या 19 स्थित आनंदपुरम पार्क एवं राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क की साफ सफाई, हरियाली, रख रखाव एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं का अवलोकन का किया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिये कि पार्क के समुचित मेंटेनेंस के लिए उमेश कुमार, अवर अभियंता (निर्माण) को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश। झूलों की पेंटिंग, बाउंड्री वॉल पर वॉल पेंटिंग, एवं मुख्य द्वार व बोर्ड की रंगाई पुताई कराने के निर्देश दिये। फुटपाथ की इंटरलॉकिंग टाइल्स की मरम्मत के लिए भी निर्देशित किया गया। पार्क में स्थित पेड़ पौधों एवं घास की नियमित कटाई छंटाई कर हरियाली को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। पार्क परिसर में नियमित साफ सफाई एवं हरित वातावरण बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। नगर निगम का निरंतर प्रयास है कि ऐसे सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा भरा बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान पार्षद यतेंद्र माहौर एवं उमेश कुमार (अवर अभियंता निर्माण) उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने डालगढ़ी, एदलगढ़ी में चौपाल लगाकर जनसंवाद किया

स्वतंत्र प्रभात

ग्रामीणों से संवाद करते जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर।

मथुरा। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में संगठन सृजन अभियान के तहत मांट विधानसभा के नौहझील ब्लॉक के गांव डालगढ़ी, एदलगढ़ी में चौपाल लगाकर जनसंवाद किया गया। इसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। जिसमें कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और विस्तृत करने पर गहन चर्चा हुई। श्री धनगर ने कहा कि ग्राम पंचायत के किसानों की समस्याओं को सुना। किसानों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि गांव डालगढ़ी, एदलगढ़ी में किसानों को डीएपी यूरिया नहीं मिल रहा है नौहझील ब्लॉक में ही डीएपी यूरिया की कालाबाजारी चरम सीमा हो रही है गांव में जल निकासी की कोई भी व्यवस्था नहीं है जल भराव की समस्या निरंतर बनी हुई है और गांव में बिजली की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है क्योंकि 24 घंटे में केवल चार से पांच घंटे बिजली मिल रही है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और मथुरा प्रशासन से अपील की कि गांव डालगढ़ी, एदलगढ़ी में जल्द से जल्द किसानों को डीएपी यूरिया उपलब्ध कराए नहीं तो जल्द ही रूपरेखा बनाकर आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। जन संवाद चौपाल का संचालन जिला कांग्रेस के सचिव चौधरी ज्ञान सिंह ने किया। कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि, मनोज गौड़ ,राहुल पाठक ,ओम गुप्ता ,रनवीर सिहं हवलदार, प्रशांत चौधरी, सुरेश चौधरी, ओमप्रकाश पाठक, इस्लाम खान, सौनू चौधरी, कालीचरण, भोला सेठ, कालीचरन पाठक, लोकेश, रामवीर प्रमुख, लोकेंद्र सरपंच, भूरालाल पाठक, करे सिंह चौधरी, डॉ राजा बाबू , आजाद ,ओमवीर सिंह, हुकम सिंह, अंकुर, जितेंद्र, कमल, कृष्ण पाल, सुरेश, हरि सिंह चौधरी, शिवराज चौधरी, गोपीचंद सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन एवं किसान उपस्थित थे।

तहसील औराई में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर किया निस्तारण

● जिलाधिकारी ने 09 मामलों का त्वरित निस्तारण, शेष में संयुक्त टीम स्थलीय निरीक्षण कर समय-सीमा में कराये समाधान

राजस्व कार्य में लापरवाही व शिथिलता बरतने पर रामपुर कायस्थान के लेखपाल रायडी आनन्द को जिलाधिकारी ने किया निलम्बित

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 05 जुलाई 2025- शासन के मंशानुरूप जनशिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील औराई में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी औराई बरखा सिंह, तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, उप जिलाधिकारी शिवप्रकाश यादव, तहसील भदोही में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल, उप जिलाधिकारी अरुण गिरी, अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फ़रियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुन कर निस्तारण किया गया। सभी तहसीलों में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में लगायें गये विभिन्न कैम्पो- बाल विकास पुष्टाहार विभाग, आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, परिवार नियोजन, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्यन हेतु विविध योजना मिशन शक्ति, राजस्व विभाग हेल्प डेस्क, जागरूकता हेतु लगाये गये। तहसील औराई में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण करते हुयें उनके द्वारा लाभार्थियों को दी जाने वाली योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली।

तहसील औराई सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादी सुबाष राय ने भूमिधरी जमीन पर कब्जा करने एवं अतिक्रमण करने, रामसजीवन ने भमिधरी जमीन की पैमाईश कराकर कब्जा दिलाने, विनोद सिंह ने आराजी की सरसरी पैमाईश कराकर सब हिस्सेदारों का हिस्सा कायम करवाने, प्रवीण कुमार दूबे द्वारा कच्चा रास्ता को खड़न्जा/इण्टरलॉकिंग कराये जाने हेतु बासमती द्वारा भूमिधरी भूमि पर विपक्षी द्वारा किये कब्जे को हटवाने के सम्बन्ध सहित अन्य फरियादियों द्वारा दिये गये आवेदनों पर गम्भीरता से सुनते हुए निस्तारण का निर्देश दिया। जगन्नाथपुर निवासी विमला देवी सहित 09 मामलों में त्वरित निस्तारण किये गये, शेष प्रकरण में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाते हुए समय-सीमा में समाधान करने का निर्देश दिया। राजस्व कार्य में लापरवाही व शिथिलता बरतने पर रामपुर कायस्थान के लेखपाल रायडी आनन्द को जिलाधिकारी ने निलम्बित करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि आज तहसील दिवस में अधिकांश शिकायतें भूमि पैमाइश को लेकर रही जिसके लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट लगाएंगी तथा प्रभावी क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करेंगे। केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस व अंत्योदय तक पहुंचे, इसके लिए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार अपने-अपने कोर्टो के लंबित मुकदमों का गुणवत्तापरक व ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मुकदमे के सुनवाई के लिए आम इंसान व किसान दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी आशा के साथ आते हैं,उनके केसों को जल्द ही डिस्पोजल किया जाए।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि राजस्व संबंधित मामलों में कानूनगो ,लेखपाल व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण,सत्यापन कर एक हफ्ते के अन्दर निस्तारण करने का निर्देश दिया। संयुक्त टीम मौके पर जाकर दोनो पक्षों व गवाहों के साक्ष्य लेते हुए स्पॉट नोट तैयार कर उसपर हस्ताक्षर कराये। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि जो मामले या विवाद बार बार आ रहे है,उनकी सूची बनाकर पुलिस के साथ मिलकर मामले का निस्तारण करना सुनिश्चित करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तीनों तहसील में उपर्युक्त अधिकारियों द्वारा कुछ फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करते हुए शेष निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

ठेकेदार नहीं दे रहा सब्जी विक्रेता का पैसा

चित्रकूटः जिला मुख्यालय के बल्दाऊ गंज निवासी राजेश कुमार पुत्र चुन्ना प्रसाद ने उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में बताया कि उसकी फल एवं सब्जी की दुकान है।

जहां से अप्रैल 2024 से अक्टूबर 2024 तक एक ठेकेदार से माध्यम से राजकीय संप्रेषण गृह किशोर न्यायालय बोर्ड में सब्जी वितरण का कार्य किया गया था, जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। पैसे मांगने पर ठेकेदार एक साल से टालमटोल कर रहा है। पीड़ित ने भुगतान कराने की मांग की है।

जिला सहकारी बैंक लि. मथुरा में मनाया सहकारिता दिवस

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। आज अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष और सहकारिता मंत्रालय की स्थापना होने के दृष्टिगत, जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के मुख्यालय पर सतरंगा सहकारी झण्डा फहराकर हर्षोल्लास के साथ सहकारिता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बैंक के मुख्यालय पर एक गोष्ठी भी सम्पन्न हुई। जिसमें बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सुधारों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड द्वारा बताया गया कि शेड्यूल्ड बैंक का उद्देश्य जहाँ लाभ कमाना होता है, वहीं सहकारी बैंकों एवं संस्थानों का उद्देश्य कृषि एवं सहकारिता क्षेत्र से जुड़े हर व्यक्ति को लाभान्वित किया जाना है। ग्रामीण क्षेत्र में सहकारिता भागीदारी 50 प्रतिशत तक रही है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा इस दिशा में विशेष पहल की जा रही है, जिसके अन्तर्गत ग्रामीण स्तर पैक्स समितियों का गठन, दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों एवं उनसे जुड़े सदस्यों को लाभान्वित किया जाना, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के तत्वावधान में साझा सेवाओं के माध्यम से सहकारी बैंकों में यू.पी.ई. नेट बैंकिंग सेवाओं आदि की ओर कार्य किया जा रहा है, जिसका परिणाम आगामी समय में देखने को मिलेगा। इस अवसर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य पीयूष धनगर द्वारा अन्त्योदय सिद्धान्त पर कार्य किये जाने हेतु सहकारिता विभाग एवं बैंक को उचित माध्यम बताते हुए भारत सरकार द्वारा आज के दिन वर्ष 2021 में भारत सरकार द्वारा सहकारिता मंत्रालय का गठन किये जाने और अमित शाह को सहकारिता मंत्री बनाये जाने पर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। श्री पीयूष द्वारा उपस्थित बैंक अधिकारियों कर्मचारियों से सहकारिता से जुड़े बन्धुओं एवं जनपद के सम्मानित हर उन कृषकों को सरकारी योजनाओं से वंचित हो रहे हैं को लाभान्वित किये जाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि जिला सहकारी बैंक लि. मथुरा एवं जिला पंचायत सदस्य पीयूष धनगर, बैंक के उपमहाप्रबन्धक सुमित कुमार शर्मा, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड अभिषेक शुक्ला, संजीव द्विवेदी, भूपेन्द्र सिंह, रामनाथ, भारत गर्ग, विनोद कुमार गौतम, अरुण कुमार यादव आदि उपस्थित थे। सहकारिता दिवस जिला सहकारी बैंक लि. मथुरा की समस्त शाखाओं के साथ साथ जनपद के सभी सहकारी समितियों में सहकारी झण्डा फहराकर मनाया गया।

संक्षिप्त खबरें

हाईवे पर मजदूरों को ले जा रहे ऑटो को रौंदा

अज्ञात वाहन की टक्कर से पलटा ऑटो, दस मजदूर घायल

मथुरा। मजदूरों को लेकर जा रहा एक ऑटो राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर दुर्घटना का शिकार हो गया। ऑटो में सवार दस मजदूर हादसे में घायल हो गये हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा रविवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर कोसीकला क्षेत्र में में चेतक एकेडमी के पास हुआ। यहां किसी वाहन ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो में सवार मजूदर इधर उधर गिर पडे और ऑटो पलट गया। टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है। इसके बाद हाईवे पर चीख पुकार मच गई और वाहन रूक गये जिससे जाम लग गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और यातायात का सुचरू कराया। सीओ आशीष सिंह ने बताया कि हादसे में 10 मजदूर घायल हुए है, इसमें एक की हालत गम्भीर है। ये छाता से टेम्पो में बैठकर रोजाना की तरह खेतों में काम करने जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक कार सहित 7,52 लाख रुपए के साथ 5 लोगों को पकड़ा

सिद्धार्थनगर। मोहाना थाना पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 43वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने नेपाल से अवैध तरीके से भारत में रुपए लाने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एसएसबी और पुलिस के जवानों ने सीमा चौकी ककरहवा के चेक पोस्ट पर 7.52 लाख रुपए के साथ 5 लोगों को पकड़ा है।जांच के दौरान नेपाल से आ रही एक कार को रोका गया। कार की तलाशी में 6 लाख रुपए और एक व्यक्ति की जेब से 1.52 लाख रुपए बरामद हुए। पकड़े गए लोगों के पास इस राशि से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले।पकड़े गए लोगों में मऊ जिले के प्रवीण कुमार यादव (27), मुकेश तिवारी (28), अभिषेक तिवारी (26), गोरखपुर के वसीम अहमद (27) और मऊ के अरुण यादव (28) शामिल हैं। एसएसबी ने बरामद राशि और कार को जब्त कर सभी आरोपियों को सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा के हवाले कर दिया है।

विधायक सलिल विशनोई ने किया

विकास कार्यों का शुभारंभ

कानपुर। आज विधायक सलिल विशनोई जी ने अपनी विधायक विकास निधि द्वारा कराये जा रहे फूलबाग स्थित पं0 दीनदयाल वाटिका के सुन्दरीकरण के कार्य का भूमिपूजन व शिलान्यास करके सुन्दरीकरण के कार्य का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मा0 सलिल विशनोई सहित मण्डल अध्यक्ष दीपक शुक्ला, पार्षद यशपाल सिंह, दीपक शर्मा, अमित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता (मोनू), गोल्डन सिंह, मनीष रावत, सन्दीप शर्मा, सौरभ कौशल, मनीष निगम, सौरभ शुक्ला, श्रीमती सन्ध्या मिश्रा, एन.डी. तिवारी, शिवम कुरील आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अतिकुपोषित परिवार को सहभागिता योजना में दूधारू गाय देगी सरकार

देवरिया। विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत स्थापित अस्थाई निराश्रित गौआश्रय स्थल बलटिकरा का पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने निरीक्षण के दौरान जानकारी दिया कि कुपोषित बच्चों के स्वजन को मुख्यमंत्री निराश्रित व बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार दुधारू गाय देगी। इसके लिए अभियान चलाकर परिवार वालों का चयन किया जाएगा। कुपोषण को दूर करने के लिए सरकार की पहल पर अतिकुपोषित बच्चों के परिजनों को गोशाला से निःशुल्क गाय उपलब्ध करायी जाएगी। इतना ही नहीं गो-पालन के लिए 1500 रुपए प्रतिमाह भी दिए जाएंगे। अतिकुपोषित परिवार के लिस्ट में जिस भी परिवार का नाम है वो तत्काल पशु चिकित्सालय से संपर्क कर आवेदन देकर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

लापरवाही पड़ेगी भारी: जिला अस्पताल में खुले में पड़ा बायो मेडिकल वेस्ट

● वार्डों से निकले मेडिकल वेस्ट एवं अन्य सामान हो रहा अस्पताल में डंप

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। बायो मेडिकल वेस्ट का प्रबंधन इस तरह होना चाहिए कि वह आम लोगों की पहुंच से दूर रहे और बात बायो मेडिकल वेस्ट की हो तो इसका विशेष ध्यान रखना जरूरी है। जिला अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन को लेकर लापरवाही देखने मिल रही है।

जिला अस्पताल के अंदर ही एक ग्राउंड पर वार्डों से निकले मेडिकल वेस्ट एवं अन्य चीजों को डंप किया जा रहा है। प्रबंधन का दावा है कि बायो मेडिकल वेस्ट उठाने के लिए नगर निगम से अनुबंधित किया गया है, वह सप्ताह में दो बार वेस्ट उठा रहा है। व एजेंसी के कचरा उठाने के बाद भी कचरे का ढेर लगा हुआ है और भोजन की तलाश में पहुंच रहे जानवर कचरे को फैलाने का काम कर रहे हैं। इससे बीमारियां फैलने का खतरा भी बना हुआ है। मरीजों के कपड़े और खाने की थालियां भी है। बायो मेडिकल वेस्ट में ग्लव्स के अलावा मरीजों के कपड़े, उपयोग किए गए डिस्पोजेबल बर्तन, खाने की डिस्पोजेबल थालियां एवं अन्य सामग्री शामिल हैं।

जिला अस्ताल में समय से नहीं पहुंच रहे डॉक्टर और कर्मचारी

जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद भी जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नजर नहीं आ रहा है। आए दिन चिकित्सकों का अस्पताल से नदारद रहना और लेट लतीफी लोगों के इलाज में बाधा बन रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल की पड़ताल में अस्पताल खुलने के समय से एक घंटा बीत जाने के बाद भी अधिकांश चिकित्सकों के चेंबर पर ताला लटका रहा। हालांकि कुछ स्वास्थ्य कर्मी समय से पहुंचे। जिला अस्पताल में अलग से बनाया गया राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पर सुबह 10 बजे ताला लटका रहा। वहीं आयुष ब्लाक भी बंद रहा। सुबह नौ बजे आठ नंबर कमरे में एमएस ईएनटी का चेंबर बंद रहा, जबकि मरीज बाहर चिकित्सक के आने का इंतजार करते रहे। 10:12 मिनट पर डेंटल सर्जन के चेंबर का ताला तो खुला रहा, लेकिन दरवाजा बंद रहा। 10.16 मिनट पर वरिष्ठ नेत्र सर्जन के चेंबर का ताला खुला रहा, लेकिन चिकित्सक अपनी सीट पर नहीं दिखे। जबकि नेत्र परीक्षण अधिकारी अपने चेंबर में मरीजों का इंतजार करते दिखे। वहीं नान कम्यूनिकेबल डिसीज क्लीनिक भी बंद रहा। हालांकि एंटी रैबिज का इंजेक्शन लगाने के लिए चेंबर में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। जिला अस्पताल में हर रोज एक हजार से अधिक की ओपीडी है। लेकिन चिकित्सकों के समय से अस्पताल न पहुंचने के कारण मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों को समय से अस्पताल में पहुंचने और समुचित इलाज के लिए चेताया था। लेकिन जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी अधिकारियों के आदेश का पालन करते दिखाई नहीं दे रहे हैं।

खुले में पड़ा वायो मेड़िकल वेस्ट- छाया)

डाक्टरों का इंतजार करते मरीज- छाया

मां-बेटे पर दोबार की फायरिगं,पुलिस कार्यवाही के नाम पर मौन

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। थाना हरदुआगंज क्षेत्र के गांव भवनगढ़ी गांव में महज चार दिन के अंतराल पर दोबारा से फायरिंग करके दहशत फैलाई गई जिसमें युवक और उसकी मां बाल-बाल बच गए। हफ्तेभर पहले हुई मामूली नोकझोंक के बाद बेखौफ युवकों ने दूसरी बार फायरिंग कर दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि यदि तीन दिन पहले के मुकदमे में पुलिस कार्रवाई करती तो शायद आरोपी दूसरी बार यह जुर्रत नहीं करते। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों से पूछताछ की है। पीड़िता भवनगढ़ी निवासी बीना देवी का कहना है कि बीती 27 जून को वह अपने बड़े बेटे आकाश के साथ मायके गई थीं, उसी दिन छोटे बेटे शिवम के साथ साधु आश्रम के रास्ते पर चेंचू व प्रवीन निवासी ग्वालरा ने मारपीट कर दी। लौटने पर उन्होंने दोनों युवकों के घर शिकायत की तो आरोपियों ने बेटों को जान से मारने की धमकी दी। इसी रंजिश के तहत बीती 30 जून की रात 11:30 बजे चेंचू व प्रवीन गांव भवनगढ़ी के भूपेंद्र उर्फ बॉबी के साथ हथियार लेकर घर आ गए और गालीगलौज करने लगे, इसके बाद हवाई फायरिंग की।

बीती 1 जुलाई को उन्होंने हरदुआगंज थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। इसके बाद से ही आरोपी नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने का अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे थे। 4 जुलाई की रात 11:30 बजे जब दोनों बेटे गांव की एक बरात से घर लौट रहे थे तभी घात लगाए बैठे भूपेंद्र, चेंचू व प्रवीन आदि ने तमंचे से फायर झोंक दिया।

एक गोली आकाश से छह इंच की दूरी पर दीवार में लगी, जबकि दूसरी गोली आंगन की दीवार में लगी, जिसमें वह बाल-बाल बच गई। पड़ोसियों को आता देखकर आरोपी धमकी देकर गए कि जान से मारकर ही चैन से बैठेंगे। गौर हो कि चेंचू और प्रवीण पर कई मुकदमे दर्ज हैं। सीओ अतरौली राजीव द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमे की कार्रवाई की जा रही है।

मुडिया मेला: गुरू शिष्य परंपरा को समर्पित विशालतम आयोजन

● गुरू पूर्णिमा 10 जुलाई को, गिरिराज तहलहटी में बनने लगी मानव श्रंखला

मठ आश्रमों में शिष्यों का आगमन शुरू, शिष्य परंपरा का अनूठा उदाहरण गोवर्धन का मुड़िया मेला

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। गुरु शिष्य परंपरा का अनूठा पर्व है गुरु पूर्णिमा को सनातनी दुनियाभर में मनाते हैं लेकिन कान्हा की नगरी में यह उत्सव को अनूठे अंदाज में मनाया जाता है। लाखों की भीड़ ब्रज धरा की ओर रुख करती है। श्रद्धालुओं की भीड़ का केन्द्र भले ही गोवर्धन में रहता हो लेकिन ब्रज के समूचे मठ मंदिर और आश्रम गुरु शिष्य परंपरा के साक्षी बनते हैं। अब तक लम्बी छुट्टियों के बाद शिक्षण संस्थाओं में भी चहल पहल हो जाती है। शिक्षण संस्थानों में भी गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धाभाव से मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरू पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है।शिष्य इस दिन अपने गुरु की शरण में पहुंचते हैं। देश विदेश के कौने कौने से तमाम लोग गुरू के प्रति कृतज्ञता जातने के लिए अपने गुरू स्थान पर आते हैं। विधि विधान से पूजा अर्चना कर दीक्षा ग्रहण करते हैं। परंपरा का निर्वहन करने के लिए शिष्यों का रूख गुरु आश्रमों की ओर होने लगा है। आश्रमों में इस समय तैयारियां चल रही हैं। चहल पहल है, भीड भाड है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार यह प्रथा सदियों से चली आ रही। इस परंपरा का निर्वहन आज भी चैतन्य महाप्रभु के परम शिष्य श्रीपाद सनातन गोस्वामी के अनुयायी करते हैं। आषाढ़ पूर्णिमा को मुड़िया पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। सनातन गोस्वामी चौतन्य महा प्रभु के कृपा पात्र शिष्य थे। सन् 1515 में चौतन्य महाप्रभु ब्रज में पधारे। कुछ समय ब्रज में इधर उधर व्यतीत करने के उपरांत वह बंगाल वापस चले गए। महाप्रभु के परम शिष्य गौड़ेश्वर संप्रदाय के आचार्य श्रील श्रीपाद सनातन गोस्वामी गुरू के आदेशानुसार 1516 ई. में ब्रज में लुप्त तीर्थों के उद्धार, ब्रज भक्ति के संवर्धन और भगवत सेवा प्रसाद के लिए वृंदावन आए। ब्रज में यदा कदा भजन करते हुए विरक्त संन्यासी के रूप में सनातन गोस्वामी गिरिराज जी की परिक्रमा का संकल्प लेकर कमलेश्वर महादेव पर झोपड़ी में रहने लगे। यहां उन्होंने भागवतामृत ग्रंथ की रचना की। 1558 ई. में अखंड ब्रजवास के बाद गुरु पूर्णिमा के दिन उन्होंने निकुंज लीला धरा धाम में प्रवेश कर गए। वह प्रतिदिन मुंडन किए हुए गिरिराज परिक्रमा करते थे। इसलिए उनके बाद उनके विरह में शोकाकुल ब्रजवासी व उनके अनुयायी शिष्य श्रद्धालुओं ने सिर मुड़ाकर मानसी गंगा में स्नान कर विमान निकालकर परिक्रमा लगाई थी। तबसे यह मेला मुड़िया पूर्णिमा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। प्रतिवर्ष इस तिथि में मुड़िया संकीर्तन के साथ शोभायात्रा निकाली जाती है। जिसका गोवर्धन वासी जगह जगह स्वागत करते हैं। यह प्रसिद्ध शोभायात्रा इस बार 10 जुलाई को श्रीपाद सनातन गोस्वामी के अनुयायी शिष्यों द्वारा गोवर्धन के चकलेश्वर स्थित श्री राधा श्याम सुंदर मंदिर से संत राम कृष्ण दास के नेतृत्व में निकाली जाएगी। राजकीय मुड़िया मेला की शोभा यात्रा निकालने के लिए संत तैयार हैं। आज प्रातः मुड़िया संत श्री राधा श्याम सुंदर मंदिर में सिर मुंडन कराकर परंपरा का निर्वहन करेंगे। 10 जुलाई को अनुयाई शिष्य गुरु पूजन कर मुडिया शोभायात्रा वाद्य यंत्रों के बीच नाचते गाते निकालेंगे।

कुपोषित बच्चों की माताओं को वितरित किए सहजन के पौधे

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। मण्ड़लायुक्त संगीता सिंह ने ब्लॉक अकराबाद के ग्राम पंचायत बरहद में विशाल वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए लगभग 16 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले तालाब के चारों ओर बांस, अर्जुन और जामुन के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया। आयुक्त संगीता सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ दाऊजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर मंदिर प्रांगण में कदंब के पौधे लगाकर किया। इसके साथ ही हरिशंकरी साइट पर पीपल, बरगद और पिलखन के पौधों का रोपण कर जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का आह्वान किया।

मंडलायुक्त ने कहा कि तालाबों और उनके आसपास वृक्षारोपण करने से जलस्तर में सुधार के साथ पर्यावरण को शुद्ध करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर कुपोषित बच्चों की माताओं को सहजन के पौधे वितरित किए गए। आयुक्त ने माताओं से आग्रह किया कि सहजन लगाकर वे अपने बच्चों और स्वयं अपने लिए भी पोषण का स्थायी स्रोत तैयार करें और समाज में कुपोषण को जड़ से समाप्त करने में योगदान दें।

ग्रामीणों को पौधा बांटती मण्ड़लायुक्त

कार्यक्रम में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य, संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, उपायुक्त मनरेगा अरून सक्सेना, जिला कार्यक्रम अधिकारी के0के0 राय, बीडीओ अकराबाद सुरेश चन्द्र गुप्ता सहित कई विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं के स्वयं सहायता समूह और मनरेगा श्रमिकों ने मिलकर तालाब के चारों ओर पौधारोपण कर कार्यक्रम को वृहद रूप प्रदान किया। मनरेगा योजना के अंतर्गत 'जल-जंगल-जमीन' के संरक्षण के सिद्धांत के अनुरूप किए गए इस वृक्षारोपण से बरहद क्षेत्र में पर्यावरण सहेजने के साथ ही ग्रामीण आजीविका को भी मजबूती मिलेगी। इस अभियान के माध्यम से वनों के महत्व और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया।

कृषक अपनी कृषि रक्षा संबंधी समस्या का फोटो व विवरण व्हाट्सएप करें

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। विशेष संचारी नियंत्रण अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा ग्राम कैथवारी, विकास खंड लोधा में कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के एडीओ कृषि रक्षा खरग सिंह ने किसानों को चूहा, छछूंदर और मच्छरों से होने वाले नुकसान और उनसे संचरित रोगों के बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि खेतों और आवासीय क्षेत्रों की नियमित साफ-सफाई, चूहों के प्राकृतिक शत्रु जैसे बिल्ली, उल्लू और सांप का संरक्षण, सुरक्षित भंडारण, चूहेदानी का प्रयोग व विषाक्त चारे (ब्रोमोडियोलॉन अथवा जिंक फास्फाइड मिश्रण) के उपयोग से चूहों-छछूंदरों को नियंत्रित किया जा सकता है।

जागरूकता गोष्ठी में भाग लेते किसान

उन्होंने खरीफ फसलों धान, मक्का, ज्वार, बाजरा की बुवाई से पूर्व भूमि एवं बीज शोधन की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि किसान भाई 2 से 2.5 कि.ग्रा. ट्राईकोडरमा फफूंदनाशक को गोबर की सड़ी खाद में मिलाकर खेत तैयार करते समय डालें और बीज उपचार में प्रति किलो बीज 4 ग्राम ट्राईकोडरमा या 2 ग्राम कार्बेन्डाजिम/2.5-3 ग्राम थीरम का उपयोग अवश्य करें, जिससे बीज व भूमि जनित बीमारियों से फसल सुरक्षित रह सके। उन्होंने बताया कि कृषक अपनी कृषि रक्षा संबंधी समस्याओं का समाधान पाने के लिए अपनी समस्या का फोटो अथवा विवरण व्हाट्सएप नंबर 9452247111 व 9452257111 पर भेज सकते हैं, जिनका समाधान 2 दिन के भीतर उपलब्ध कराया जाएगा।

जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंप भाजपा के तुगलकी फरमान को वापस लेने की सपा रखेगी मांग

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने बताया की परिषदीय विद्यालययों को मर्ज करने का सरकारी फरमान पूरी तरह से अव्यवहारिक व दुर्भाग्यपूर्ण है, भारतीय जनता पार्टी की इस साजिश से देश का शैक्षणिक भविष्य व लोकतंत्र दोनों तबाह हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी विद्यालयों को बंद कर आम लोगों के पहुंच से शिक्षा को दूर कर देश के दलित, पिछड़े, गरीब बच्चों को शिक्षा से तथा अपने विरोधी मानसिकता से मतदाताओं को मतदान से वंचित करना चाहती है।

समाजवादी पार्टी इस प्रयास को सफल नही होने देगी, इसके खिलाफ सपा कार्यकर्त्ता जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर कर इस तुगलकी फरमान को वापस लेने की मांग करेंगे। समाजवादी पार्टी के सभी नेता कार्यकर्ता साथी गण से जिलाध्यक्ष ने अपील किया है कि 10 बजे दिन में जिला पार्टी कार्यालय उपस्थित होकर ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनावे।

सपा की मासिक बैठक आज

देवरिया। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी कार्यालय पर दिन में 10 बजे से होगी। उक्त आशय की सूचना जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने दी है। यादव ने सभी सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान परिषद सदस्य, पूर्व विधान परिषद सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्य गण, नगर पालिका/ नगर पंचायत के अध्यक्षगण, जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी गण, विधानसभाओं के अध्यक्ष एवं सभी ब्लॉको के अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष व विशेष आमंत्रित सदस्य एवं सभी फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी गण और पार्टी के नेता, पदेन सभी सदस्य गण एवं पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता साथियों से बैठक में समय से पहुँचने की अपील की है।

व्यापारियों ने किया एसपी सिटी कार्यालय पर प्रदर्शन

● 48 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग अन्यथा होगा बड़ा आंदोलन

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उ प्र एवं अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उ प्र अलीगढ़ द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया तथा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा की अगुवाई में एसपीसिटी मृगांक शेखर पाठक को ज्ञापन देकर नाम दर्ज अभियुक्तों को यथाशीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई। प्रदेश संगठन मंत्री हरिकिशन अग्रवाल ने कहा कि वैश्य व्यापारी समाज को किसी भी दशा में कमजोर न समझा जाएं। उन्होंने कहा कि जयगंज के पीतल व्यवसायी प्रमोद कुमार गुप्ता के साथ उनके भतीजे गौरव से मारपीट कर व व्यापारी के पुत्र दीपेश को चाकू मारकर रू. 1600 रंगदारी वसूली गई तथा रू= 5000 प्रतिमाह रंगदारी मांगी गई, जिसकी एफ.आई.आर. थाना सासनीगेट दर्ज है, पुलिस द्वारा किसी की भी गिरफ्तारी न होना अफसोस जनक है।

एसपी सिटी कार्यालय पर प्रदर्शन करते व्यापारी- छाया

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने कहा कि उपरोक्त घटना से व्यापारी का परिवार भयभीत है तथा क्षेत्र के सभी व्यापारी दहशत के माहौल में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल सशक्त रुप से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करता है अगर आरोपी तुंरत गिरफ्तार नही किये गये तो व्यापार मंडल एवं वैश्य समाज अलीगढ़ वन्द कराने से भी पीछे नहीं हटेगा। महानगर अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि घटना में शामिल सभी अभियुक्तों की तुरन्त गिरफ्तारी की जाये। एवं व्यापारी प्रमोद कुमार गुप्ता व उसके परिवार की जान-माल की सुरक्षा के लिए व्यवस्था की जाए । व्यापार मण्डल सदैव प्रशासन के सहयोग की भूमिका में रहता है अगर हमारी मांगों पर त्वरित कार्यवाही नही हुई तो उस दशा में आन्दोलन के लिए बाध्य होगा। प्रर्दशन व ज्ञापन देने वालों में संजय वार्ष्णेय अध्यक्ष अलीगढ़ मैटल ऐसोसिएशन, हरिकिशन अग्रवाल प्रदेश संगठन मंत्री, आलोक प्रताप सिंह महानगर अध्यक्ष, अमित शेखर सर्राफ प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष संगीता वार्ष्णेय,राहुल वार्ष्णेय युवा प्रदेश वरिष्ठ मंत्री, योगेश आदि दर्जनों व्यापरी नेता मौजूद थे।

जनसमस्याओं की गहन समीक्षा कर ड़ीएम ने सुना

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को कोल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम ने अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की गहन समीक्षा कर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही कई मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने-अपने हल्कों में लेखपालों का क्षेत्रीय भ्रमण सुनिश्चित कराएं ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सके। उन्होंने लेखपालों को सप्ताह में कम से कम एक दिन ग्राम पंचायत सचिवालय पर बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने और निस्तारित करने के निर्देश भी दिए। लेखपालों को ग्राम सचिवालय पर अपनी उपस्थिति का दिवस और दिनांक अंकित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

फरियादियों की समस्या सुनते ड़ीएम व एसएसपी

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान क्षेत्रीय विधायक कोल अनिल पाराशर एवं छर्रा विधायक ठा0 रवेंद्र पाल सिंह द्वारा भी शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। इस अवसर पर एसएसपी संजीव सुमन, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, डीडीओ आलोक आर्या, सीवीओ डॉ दिवाकर त्रिपाठी, एसडीएम कोल महिमा राजपूत, पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार समेत विभिन्न विभागों से जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में सास का जला हुआ शव बरामद, जाँच में जुटी पुलिस

देवरिया। जनपद के सलेमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के पिपरा मोहन गांव में किराये के मकान में अपने बेटे व बहु के साथ रहने वाली सास सुनीता देवी का संदिग्ध परिस्थितियों में जला हुआ शव को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील सिंह ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। फॉरेंसिक टीम व डाग स्क्वायड ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

खेत में तालाब खुदवाये 52500 रूपये का अनुदान पायें-भूमि संरक्षण अधिकारी

प्रतापगढ़। भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम व द्वितीय चमन सिंह ने बताया है कि कृषि विभाग में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानो के लिए वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना का संचालन किया जा रहा है। खेत तालाब योजनान्तर्गत कृषक द्वारा स्वयं के खेत पर 22 मी0 लम्बाई म 20 मी0 चौड़ाई म 3 मी0 गहरा तालाब खुदवाने पर पक्का कार्य सहित कुल लागत रूपये 105000 का 50 प्रतिशत अधिकतम धनराशि रूपया रूपये 52500 का अनुदान डीबीटी के माध्यम से कृषकों को दिया जाता है साथ ही स्प्रिंकलर ड्रिप सिंचाई पद्धति लगवाना अनिवार्य है, जिस पर 90 प्रतिशत का अनुदान उद्यान विभाग से दिया जायेगा एवं पम्पसेट खरीदने पर अधिकतम धनराशि रूपया 15000 का अनुदान प्रति लाभार्थी देय होगा। खोदे गये तालाब से कृषक जीवनदायिनी सिंचाई एवं मत्स्य पालन सिंगाड़ा की खेती कर आय एवं रोजगार में वृद्धि कर सकते हैं। योजना का लाभ पाने के लिए कृषि विभाग के पोर्टल https://agridarshan.up.gov.in पर पंजीकरण एवं बुकिंग करना अनिवार्य है। बीएसए ने कहा कि किसानों को किसी भी समस्या के निदान के लिए कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम/द्वितीय, कृषि भवन, कटरा रोड, प्रतापगढ़ या राजकीय कृषि बीज भण्डार अथवा कृषि विभाग के कर्मचारियों से सम्पर्क कर उक्त योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मो0 नं0- 7839882340, 7839882341 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

45 नवजात शिशुओं के माता पिता को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट व पौधा भेंट किया गया

प्रतापगढ़। वृक्षारोपण अभियान 2025 के अन्तर्गत 01 जुलाई से 07 जुलाई 2025 (वन महोत्सव) के अवधि में जन्मे नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट व एक पौधा उपहार स्वरूप में देने के निर्देश थे। जिला महिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ एवं समस्त सीएससी/पीएससी में प्रभागीय निदेशक जगदम्बिका प्रसाद के निर्देशानुसार वन दरोगा एवं वन रक्षक द्वारा भेट के स्वरूप में ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट व एक पौधा शनिवार को दिया गया। जनपद में 03 जुलाई को कुल 45 नवजात शिशुओं के माता-पिता को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट व एक पौधा भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।

जनपद के युवा रचनाकार कहानी, कविता एवं निबन्ध प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि 01 सितम्बर तक भेजे

प्रतापगढ़। 18 से 30 वर्ष के युवा रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा कहानी, कविता एवं निबन्ध प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित है। युवा रचनाकार कहानी, कविता एवं निबन्ध प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टियां 01 सितम्बर तक निदेशक उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान राजर्षि पुरूषोत्तमदास टण्डन हिन्दी भवन 6- महात्मा गांधी मार्ग हजरतगंज लखनऊ के पते पर भेज सकते है। प्रविष्टि के लिफाफे पर कहानी, कविता व निबन्ध प्रतियोगिता लिखना अनिवार्य है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के युवा रचनाकारों के लिये है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार, तृतीय पुरस्कार 4 हजार तथा दो सांत्वना पुरस्कार 2 हजार रूपये निर्धारित है। कहानी, कविता एवं निबन्ध तीन प्रतियों में कम्प्यूटर टाइप ए-4 आकार में भेजनी होगी। कहानी अधिकतम 2500 शब्द व कविता अधिकतम 500 शब्द हो। निबन्ध ''भारतीय संस्कृति और कुम्भ'' विषय पर केन्द्रित होगा जो अधिकतम 2500 शब्द का होगा। कहानी, कविता भारतीय सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों पर केन्द्रित होनी चाहिये। कहानी, कविता एवं निबन्ध पर शीर्षक के अतिरिक्त लेखक का नाम व पता अंकित नहीं होना चाहिये। अलग पृष्ठ पर कहानी, कविता एवं निबन्ध के शीर्षक के साथ प्रतिभागी का नाम, पता, दूरभाष संख्या सहित हाईस्कूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। पूर्व में पुरस्कृत रचनाकार की प्रविष्टि उसी विधा में स्वीकार नहीं की जायेगी।

जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक 08 जुलाई को

प्रतापगढ़। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड अरविन्द वर्मा ने बताया है कि जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक 08 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय सिंचाई खण्ड प्रतापगढ़ में आयोजित की गयी है। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियन्ता/सचिव सिंचाई बन्धु द्वारा की जायेगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषणगण आमंत्रित है।

अपर जिला जज ने राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के सम्बन्ध में लोगों को किया जागरूक

● बाह्य न्यायालय सिविल कोर्ट कुंडा में अपर जिला जज ने किया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को बाह्य न्यायालय सिविल कोर्ट कुंडा में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत प्रचार प्रसार हेतु विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के संबंध विस्तार से लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार सामग्री भी वितरित की गई। सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का विशेष अभियान 01 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा। इस अवसर पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आकृति गौतम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशान्त कुमार, उप जिलाधिकारी कुंडा वाचस्पति सिंह, बार एसोसिएशन कुंडा अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पाण्डेय, पंकज उपाध्याय महामंत्री, विश्वनाथ त्रिपाठी एडवोकेट मीडिएटर, पैनल एडवोकेट आशीष कुमार ओझा ,रोशन लाल, शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पी एल वी सहित भारी संख्या में वादकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

बाह्य न्यायालय सिविल कोर्ट कुंडा में आज सुमित पंवार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं ए सी जे एम कुंडा आकृति गौतम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशान्त कुमार ने जामुन, छीदवन, चम्पा, अमरूद, कंजी, नीम, पीपल आदि के 50 से अधिक वृक्ष लगाए। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी के जन्मदिन पर धरती को हरा भरा करने के लिए कुंडा न्यायालय परिसर में संयुक्त रूप से अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समित पंवार एवं एसीजेएम कुंडा आकृति गौतम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशान्त कुमार ने अलग से एक वृक्ष लगाए। इस अवसर पर भारी संख्या में वादकारी अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

लापता बेटे को लेकर रंगदारी की मांग, जांच में जुटी पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। गायब युवक को लेकर अज्ञात कॉल द्वारा रंगदारी की मांग को लेकर परेशान पिता ने पुलिस से शिकायत दर्ज करायी है। लीलापुर थाने के रघवापुर निवासी मोहर अली के पुत्र फकरूददीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो जुलाई को उसका पुत्र मकसूद घर से किसी काम को लेकर बाहर गया हुआ था। देर शाम तक वह नहीं लौटा तो परेशान परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। तहरीर में पीड़ित पिता ने कहा है कि बीती पांच जुलाई को रात आठ बजे एक फोन नंबर से उसके घर में कॉल आयी। फोन पर बेटे को छोड़ने के एवज में सात लाख रूपये की मांग सुनकर परिजनों के होश उड़ गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अनहोनी की आशंका जतायी है। लीलापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आईएएस में चयन के बाद प्रथम नगर आगमन पर सौम्य शर्मा का हुआ भव्य स्वागत

आईएएस सौम्य शर्मा

स्वतंत्र प्रभात

प्रतापगढ़। आईएएस में इस वर्ष चयनित होने वाले रूपापुर निवासी सुरेन्द्र शर्मा एडवोकेट के पुत्र सौम्य शर्मा जी का रविवार को चयन होने के बाद अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ में प्रथम आगमन हुआ।सबसे पहले सौम्य शर्मा का स्वागत बाजे-गाजे के साथ सैकड़ों लोगों ने चिलबिला बाजार में श्री हनुमान जी मन्दिर प्रांगण में किया।उसके बाद उनका काफिला चौक घंटाघर होते हुए ट्रेज़री चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में आकर पूजा पाठ के बाद विकास भवन स्थित शंकर जी मन्दिर रूपापुर स्थित काली जी मन्दिर और गायत्री जी मन्दिर में पूजा पाठ के बाद अपने आवास पर पहुंचा।आवास पर स्वागत के लिए सैकड़ों लोगों का तांता सायंकाल तक लगा रहा।

विशिष्ट लोगों में कैबिनेट मंत्री श्री अरविन्द शर्मा के ओएसडी,डा.आरसी शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री ब्रजेश शर्मा, पूर्व विधायक बृजेश सौरभ, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला महामंत्री भाजपा राजेश सिंह, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा विजय मिश्र, प्रबन्धक नरेन्द्र नाथ शर्मा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग)के जिला अध्यक्ष अशोक राय, जिला महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय, अध्यक्ष श्री भट्ट ब्राह्मण सभा कैप्टन ओंकार नाथ शर्मा,ध्रुव शर्मा,अरविन्द शर्मा, रूप नारायण शर्मा एडवोकेट, राजेश शर्मा पंडित एवं प्रधानाचार्य मदन पाण्डेय आदि रहे।

राइजिंग स्टेडियम ने स्टेडियम ब्ल्यू को चार विकेट से हराया

स्वतंत्र प्रभात

प्रतापगढ़। स्टेडियम में खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के 7वे दिन राइजिंग स्टार और स्टेडियम ब्ल्यू के बीच खेला गया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्टेडियम ब्ल्यू की टीम ने 10 विकेट खोकर प्रथम के 20 और प्रांजल के 22 रनों की बदौलत 116 रन ही बना सकी।राइजिंग स्टेडियम के लिए आवान ने मात्र 17 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि वरद ने 2 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग स्टेडियम ने आरव के 56 और शुभ के 17 रनों की बदौलत 6 विकेट खोकर ही लच्छा प्राप्त करते हुए विजय श्री प्राप्त की।स्टेडियम ब्ल्यू के लिए शिवांश ने 3 विकेट और आयुष्मान ने 1 विकेट लिए। आवान को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।उक्त मौके पर जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश त्रिपाठी उर्फ मुन्ना ,पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह सहित बहुत सारे खेलप्रेमी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने दी है।

जनपद के सभी समितियों में एक से दो दिन के अन्दर डीएपी होगी उपलब्ध

प्रतापगढ़। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता ने बताया है कि जनपद में किसानो द्वारा उर्वरकों की लगातार मांग के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा शून्य स्टाक वाले 50 सहकारी समितियों में प्रीपोजीसनिंग स्टाक से 500 मैट्रिक टन डीएपी का आवंटन किया गया है। एक से दो दिन के अन्दर इन समितियों में डीएपी पहुंच जायेगी। इसके अतिरिक्त जनपद को 1350 मैट्रिक टन डीएपी की हाफ रैक प्राप्त हो रही है। अवशेष समितियों को जिलाधिकारी के स्तर से आवंटन कराकर डीएपी का प्रेषण कर दिया जायेगा। एक से दो दिन के अन्दर जनपद की सभी समितियों में डीएपी उपलब्ध हो जायेगी। किसान गण अपनी सुविधानुसार समितियों से उर्वरक प्राप्त कर सकते है।

शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया मुहर्रम का त्यौहार, सुपुर्द-ए-आब हुए ताजिए

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट ब्यूरो: जिले में मुहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। इस दौरान 72 ताजिए जुलूस के साज्ञ निकाले गए और मुस्लिम समाज के लोगों ने 43 स्थानों पर अलाव जलवाकर अंगारों से खेलकर मुहर्रम का मातम मनाया। राजापुर में पुलिस की कड़ी चौकसी के बीच कस्बे के शाही इमाम बाड़े से मुस्लिम समाज के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत में मोहर्रम की मध्य रात्रि में जलते हुए अंगारों में कूदकर मातम मनाया गया और कस्बे के निर्धारित रास्तों से ताजिया जुलूस निकाला गया जिसमें दोनों समुदाय के लोगों ने सौहार्दपूर्ण तरीके से भाग लिया। मुस्लिम समाज की महिलाओं ने भारी संख्या में शरीक होकर मुस्लिम वर्ग के लोगों ने मोहर्रम के अगले दिन रविवार को ताजिया जुलूस में शामिल होकर मातमी धुन के साथ निर्धारित मार्गों से निकाली गई और देर शाम कर्बला में सुपुर्द-ए-आब किया गया। मुस्लिम कमेटी के मो साबिर बताते हैं कि मोहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना है और इसे मुस्लिम धर्म के लोग विशेष रूप से शोक व बलिदान के रूप में मनाते हैं। यह दिन पैगम्बर मोहम्मद के पोते इमाम हुसैन की शहादत की याद दिलाता है जो कर्बला की लड़ाई में शहीद हुए थे। इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मातम मनाते हैं। ताजिया जुलूस निकालते हैं और उन्हें दफनाते हैं। मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष अतहर नईम ने बताया कि इस्लामी मान्यता के अनुसार सन् 61 हिजरी 680 ईसवी में इराक के कर्बला में पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और कर्बला में इस्लाम के हित में जंग करते हुए हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार के लोग मोहर्रम की दसवीं तारीख में शहीद हुए थे। हुसैन की उसी कुर्बानी को याद करते हुए मोहर्रम की दसवीं तारीख को मुसलमान अलग-अलग तरीके से शोक जाहिर करते हैं तभी से मोहर्रम का त्यौहार गमसीन होकर मुस्लिम समाज के लोग बनाते चले आ रहे हैं।

जुलूस में नाजमा बेगम, नूरी खान, रेशम खान, गूंजा खान, रईस अहमद, मो0 अली उर्फबाबू जी, आबिद अली व साबिद अली तथा मो0 रफीक कुरैसी व मो0 मेराजुल हक, मजीद कुरैसी के दरवाजों पर वृहद लंगर का आयोजन किया गया और जुलूस की व्यवस्था में ताजियेदार शाबिर अली, मोहम्मद अली के अलावा इस्लाम नईम, मोहम्मद शफीक, वसीम कुरैसी, अकबर अली, हैदर अली, मो0 अली, रईस अहमद, मदार कुरैसी, लाली खां, मुख्तार अली, मो महबूब, शमीम कुरैसी, मजीद कुरैसी, लाल मोहम्मद, मो0, हारून, मो0 नौसाद आदि लोग ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस में शामिल रहे और सुरक्षा व्यवस्था में क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह, थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह, एसआई सुरेन्द्र सिंह, परशुराम पाण्डेय आदि मौजूद रहें भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

इसी प्रकार मऊ नगर पंचायत क्षेत्र में मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जुलूस इमामबाड़ा से शुरू होकर कस्बा मऊ के बाजार होते हुए नेशनल हाईवे तक निकाला गया। दो अलग-अलग मार्गों से जुलूस निकाला गया। एक ताजिया का जुलूस इमामबाड़ा से मऊ बस स्टैंड तक गया। दूसरा जुलूस छिपिहा से मऊ बस स्टैंड तक निकाला गया। इस अवसर पर हिंदू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। मुस्लिम समुदाय के जुलूस में हिंदू समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूस का समापन इमामबाड़े में हुआ। कार्यक्रम में मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी और बहादुर खान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, नायब तहसीलदार हिमांशु द्विवेदी, तहसीलदार राम सुधार, क्षेत्राधिकारी मऊ और थाना प्रभारी दुर्विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

कांग्रेस के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट ब्यूरो: कांग्रेस समिति के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों और ब्लॉक अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को जिला मुख्यालय स्थित केशरवानी धर्मशाला बस स्टैंड में आयोजित कियास गया। समारोह कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद सभी नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि कांग्रेस पार्टी को जिले में मजबूत करने का काम करेंगे। संगठन सृजन अभियान के तहत गांवों पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने का काम किया जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि विभाजनकारी सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए आप सभी को कड़ी मेहनत करना है और गांव-गांव में कांग्रेस का संगठन मजबूत करना है। जिस तरह से भाजपा सरकार सभी संस्थाएं बेचने व बंद करने का काम कर रही है। ऐसे में सभी जनता के बीच जाकर सरकार की दमनकारी नीतियों को बताएं और पार्टी को मजबूत करने का काम करें। इस दौरान समन्वयक आदित्य स्वरूप पांडेय ने कहा कि सभी लोग मिलकर जिले में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के विचारों को जनता तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल नेकहा कि सभी लोग जिले में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करते हुए आगामी पंचायत चुनाव में जीत हासिल की जाएगी। इस मौके पर पीपीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडेय, कांग्रेस नेता गज्जू प्रसाद फौजी, दिनेश द्विवेदी, शिव गुलाम वर्मा, अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, विनय सिंह चौहान, कालीचरण राजपूत, विजयमणि त्रिपाठी, कामता प्रसाद द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह, नरबेश सचान, हीरालाल मिश्रा, सविता पाल, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, इंद्रपाल कोल, पंचवटी कोल, भगवान दीन समदरिया, प्रशांत गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश सिंह पटेल, चंद्रशेखर सिंह, हरिहर साहय विश्वकर्मा, कमलाकांत शुक्ला, नरेंद्र सिंह यादव, ललक पाल, मोहन सिंह, दयाशंकर निषाद, ज्ञानमती वर्मा, मेहंदी हसन, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र रैकवार, जग जाहिर पटेल, शिव शंकर खंगार, रामकृपाल वर्मा, अतुल राजपूत, शंकर शुक्ला, आलोक शुक्ला, उपेंद्र द्विवेदी, अंकित शुक्ला, गोरेलाल द्विवेदी, इंद्रजीत उपाध्याय, हरिओम पांडेय, चंद्र मोहन ओझा, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

भाजपाईयों ने मनाई जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट ब्यूरो: भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद के सभी 11 मंडलों में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ श्यामा मुखर्जी द्वारा किए गए जनकल्याण के कार्यों पर चर्चा करते हुए उन्हें याद किया गया। कर्वी नगर मंडल में आयोजित कार्यक्रम में कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी दीप अवस्थी ने कहा कि कहा कि डॉ मुखर्जी का जन्म ब्रिटिश भारत में छह जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू की कैबिनेट में मंत्री के रूप में भी काम किया, किन्तु बैचारिक मतभेद के कारण इस्तीफा दे दिया। डॉ मुखर्जी ने आजीवन देश को प्राथमिकता में रखकर काम किया तथा कभी अपने विचारों से समझौता नहीं किया।

गनीवां मण्डल में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि डॉ मुखर्जी महान विचारक, दूरदर्शी, शिक्षाविद थे। आज उनकी जन्म जयंती कार्यक्रम सभी मंडलों में मनाया जा रहा है। भाजपा पूर्णतया उनके विचारों पर चल रही है। डॉ मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक की और कश्मीर में विना बीजा के प्रवेश कर देश में चल रहे दोहरे मापदंड को खत्म करने का काम किया।

इसी प्रकार मऊ मंडल में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पहाड़ी मण्डल में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, ऐंचवारा मंडल में पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, भरतकूप मण्डल में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मानिकपुर मंडल में रंजना उपाध्याय, रामनगर मंडल में चेयरमैन करवी नरेंद्र गुप्ता, बरगढ मंडल में ब्लाक प्रमुख मऊ सुशीला वर्मा, सरधुआ मंडल में राजापुर चेयरमैन संजीव मिश्रा व शिवरामपुर मंडल में पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी की उपस्थित में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन्मजयंती कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, रामनगर गंगाधर मिश्रा, चेयरमैन मऊ अमित द्विवेदी, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, भाजपा नेता अश्विनी अवस्थी, अंजू वर्मा, मनोज तिवारी, हीरो मिश्रा, उज्वल गुप्ता, सुरेश अनुरागी, धीरेन्द्र सेंगर, सुमित मिश्रा, बृजेन्द्र शुक्ला, साधना सिंह, सुशील द्विवेदी, राकेश कोल, मनीष सिंह, बालाजी, फूलचंद राजपूत, राजा मिश्रा, महेश पांडेय, दीपक द्विवेदी, सोनू खंगार, मुन्नालाल प्रजापति, शिवाकांत पांडेय, राधेश्याम गुप्ता, मोहित मिश्रा, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, प्रमोद पटेल, श्रवण पटेल आदि मौजूद रहे।

टीबी, दमा व हृदय रोग के लिए वक्ष स्थल शक्ति विकासक योग क्रिया है रामबाण- योगाचार्य

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट ब्यूरो: जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने योगाभ्यास करते हुए बताया कि वक्ष स्थल शक्ति विकासक योग क्रिया वक्ष स्थल अथवा छाती को पुष्ट, मजबूत और विस्तार देने वाला सूक्ष्म योग है।

योगाचार्य ने बताया कि इस योग क्रिया को करने से फेफड़ों के संपूर्ण दोष दूर हो जाते हैं, हृदय के रोग मिटने लगते हैं और हृदय को असीम बल मिलता है। इसकी निरंतरता से क्षय रोग (टीबी), दमा, खांसी तथा समस्त कफसंबंधित रोग दूर होते हैं। हृदय रोग से पीड़ित या कमजोर हृदय वाले लोग इस क्रिया को शौच व स्नान के बाद प्रतिदिन पांच मिनट करके हृदय के समस्त कष्टों पर निश्चित ही विजय प्राप्त करके जीवन को स्वस्थ और खुशहाल बना सकते हैं। इस योग क्रिया से छाती के साथ-साथ हाथों को भी विशेष बल मिलता है। जो अत्यधिक कमजोर हैं और जिनकी पीठ तथा सीने की हड्डियां दिखती हैं इस क्रिया को करने से वह मांसल होकर पुष्ट हो जाते हैं और जीवन पर्यंत कमर टेढ़ी नहीं होती है। मानव के फेफड़ों में मौजूद लगभग 7.5 करोड़ छिद्र, जिनसे प्रतिक्षण वायु का संचार होता रहता है। फेफड़ों का मुख्य काम रक्त से कार्बन डाइऑक्साइड को हटाना और रक्त में ऑक्सीजन मिलाना है। इन सभी छिद्रों के शोधन और विकास के लिए यह सूक्ष्म योग परम आवश्यक है। इस सूक्ष्म योग को दो भागों में करते हैं। इसके प्रथम भाग में साम्यावस्था में पैरों से कमर तक का भाग सरलता से सीधा रखते हुए दोनों से हाथों की मुट्ठियों को खोलकर किंतु उंगलियों को आपस में सटाकर और करपृष्ट सामने रखते हुए खड़े होते हैं। नासिका से श्वास भरते हुए दोनों हाथों को कोहनी से बगैर मोड़े आवृत्ताकार आगे से उठाकर वक्ष स्थल को पूर्ण रूप से पीछे झुका कर कमर से ऊपरी भाग को यथा साध्य पीछे की ओर ले जाते हैं।

इस अवस्था में थोड़ी देर रुकते हैं और श्वास को नाक से बाहर निकालते हुए पूर्व स्थिति में वापस आते हैं। इस क्रिया को पांच बार दोहराते हैं। इसके दूसरे भाग में नाक से श्वास भरते हुए केवल कमर से ऊपरी भाग को यथा साध्य पीछे की ओर झुकाते हैं और हाथों को यथा साध्य पीछे जमीन की ओर खींचते हैं, कुछ देर इस अवस्था में रुकने के बाद नाक से सांस छोड़ते हुए साम्यावस्था में वापस आते हैं। इसे भी पांच बार दोहराते हैं। सावधानी के तौर पर सीने की किसी गंभीर समस्या के होने पर योग्य योग गुरु की देखरेख में करें।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया रबर पौधरोपण कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

चित्रकूट ब्यूरो: रबर बोर्ड भारत सरकार और महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के मध्य माह मई में हुए अकादमिक एमओयू के परिपेक्ष्य में कृषि प्रक्षेत्र रजौला में फिजीबिलिटी स्टडी ऑन रबर प्लांटेशन इन मध्य प्रदेश के अंतर्गत 1.7 एकड़ जमीन पर रबर प्लांटेशन का शुभारंभ किया गया। प्लाटिंग सेरमनी के अवसर पर 300 की संख्या में रबर के पौधों का रोपण हुआ। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने रबर प्लांटेशन और प्रोडक्शन के इस प्रोजेक्ट को परिवर्तन कारी कार्यक्रम बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति में मजबूती के साथ साथ क्षेत्र की जलवायु में भी परिवर्तन होगा। रबर बोर्ड भारत सरकार के कार्यकारी निदेशक एम. वसंथागेशन (आई.आर.एस.) ने बताया कि रोपित रबर के पौधे छह वर्ष उपरांत प्राकृतिक रबर का उत्पादन करेंगे। जमीन में रोपित रबर के पौधे सामान्य गमलों में रोपित पौधों से कई गुना अधिक रबर उत्पादन करने में सक्षम होंगे। प्राकृतिक रबर का मूल्य और गुणवत्ता भी अधिक होती है। रबर प्लांटेशन में संलग्न इस क्षेत्र के किसानों की आर्थिक दशा में भी सुधार होगा। प्रारंभिक वर्षों में रबर प्लांटेशन कर रहे किसान अपने खेतों में सहफसली खेती भी कर सकेंगे। कार्यक्रम संयोजक प्रो एचएस कुशवाहा और सह संयोजक डॉ शिवशंकर सिंह ने आयोजन की पृष्ठभूमि और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस मौके पर रबर बोर्ड के वैज्ञानिक पदाधिकारी,ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

पेट्रोल पंप पर मारपीट का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

सिद्धार्थनगर। उसका बाजार थाना क्षेत्र के पकड़ी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल पंप के कर्मचारी और ग्राहक से हुई जमकर मारपीट का वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि स्वतंत्र प्रभात अखबार वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। बताया जाता है कि पेट्रोल पंप कर्मचारियों द्वारा गैलन में कम तेल देने के आरोप में पेट्रोल पंप के कर्मचारी से मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस मारपीट के मामले की जांच कर रही है।वायरल वीडियो आज का बताया जा रहा है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि मामले की जानकारी है जांच की जा रही है।

सांसद हेमा का वायरल वीडियो वर्ष 2024 का है: जनार्दन शर्मा

सांसद प्रतिनिधि ने कॉरिडोर पर सांसद के बायन पर दी प्रतिक्रिया

प्रतिनिधि ने कहा कि सांसद रखती है ब्रजवासियों के प्रति श्रद्धा भाव

मथुरा। इन दोनों सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा ठाकुर बांकेबिहारी कॉरिडोर के संबंध में दिया गया सांसद हेमा मालिनी का बयान चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल बयान में हेमा मालिनी कह रही हैं कि जो लोग बाके बिहारी मंदिर कॉरिडोर का विरोध कर रहे हैं वह बृज छोड़कर बाहर चले जाएं। इस बयान से कुछ बृजवासी के दिलों में ठेस लगी और उन्होंने सोशल मीडिया पर सांसद हेमा मालिनी को ट्रोल करना शुरू कर दिया तथा उन्हें बाहरी बताकर ब्रज छोड़ने का सुझाव दिया। चारों और से घिरती देख सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने मीडिया को सफाई पत्र जारी करते हुए कहा है कि सांसद हेमा मालिनी का जो वीडियो वायरल हो रहा है वह लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व का है जिसके संपादित अंश दिखाई जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांसद हेमा मालिनी का कहना है कि श्री बांके बिहारी कॉरिडोर निर्माण प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय के अंतर्गत लंबित है। इसलिए कॉरिडोर का निर्माण होना या न होना सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार होगा। सांसद का कहना है कि मैं बृजवासियों के प्रति पूर्ण रूप से श्रद्धा का भाव रखती हूं और मेरे द्वारा किसी भी बृजवासी के प्रति प्रतिकूल नहीं बोला गया है।

चोरी के 1.52 लाख रूपये के साथ तीन चोर पकड़े

थाना शेरगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

मथुरा। थाना शेरगढ पुलिस टीम व स्वॉट टीम की संयुक्त कार्यवाही में तीन अभियुक्तों को चोरी किये गये माल (कुल 1,52,000 रूपये, तीन अदद मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड) व दो तमंचे .315 बोर व दो जिन्दा कारतूस .315 बोर, एक अदद अवैध छुरा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना शेरगढ पुलिस व स्वाट टीम द्वारा लक्ष्मीनारायण उर्फ बत्तन पुत्र नन्दलाल निवासी नर्गदा जंग सिंह थाना बेलघाट जिला गौरखपुर, करमपाल उर्फ कर्मपाल उर्फ चिरागन पुत्र राजमन निवासी नर्गदाजंग सिंह थाना बेलघाट जिला गौरखपुर उम्र करीब 18 वर्ष 6 माह व निखिल उर्फ बन्टी पुत्र लालचन्द निवासी नर्गदा जंग सिंह थाना बेलघाट जिला गोरखपुर उम्र करीब 20 वर्ष को छाता रोड पर बनी तुलाराम की बन्द पडी धर्मशाला थाना शेरगढ मथुरा से शनिवार को रात्रि गिरफ्तार किया गया। 29 जून की रात्रि मे अज्ञातों द्वारा नौहझील रोड शेरगढ पर स्थित अंग्रेजी शराब व बीयर ठेके से 2,90,000 रुपये व कुछ शराब की बोतल चोरी की गयी थी। घटना के अनावरण के लिए किये गये प्रयासो के फलस्वरुप लक्ष्मीनारायण उर्फ बत्तन, करमपाल उर्फ कर्मपाल उर्फ चिरागन, निखिल उर्फ बन्टी को घटना मे चोरी गये रुपयो में से 1,52,000 रुपये नकद व अन्य के साथ गिरफ्तार किया है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार थाना शेरगढ, निरीक्षक छोटेलाल प्रभारी स्वाट टीम, एसआई सन्दीप सिंह, उप निरीक्षक अंकित शर्मा थाना शेरगढ़ आदि थे।

डीएम व एसपी ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा तिल व मोटे अनाज का मिनीकिट किया वितरित

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने तहसील चायल में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा तिल एवं मोटे अनाज का मिनीकिट वितरित किया। इस अवसर पर उप निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई, जिससे कृषि लागत को कम करते हुए अधिक आय प्राप्त की जा सके तथा रासायनिक उर्वरकों से मृदा को बचाया जा सके।

सिलापथार के पत्रकार मधुर्या शैकिया पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● बेरहमी से हमला किया गया पत्रकार सैकिया को डिब्रुगढ़ के एक निजी अस्पताल किया भर्ती।

स्वतंत्र प्रभात

धेमाजी असम- 6 जुलाई। गत 4 जुलाई को धेमाजी जिले की डिमो में नव गठित सीमेन सीसी टंगानी विकास खंड के कार्यालय में विकास खंड के अंतर्गत पंचायतों के पंचायत प्रधान चयन एवं शपथ ग्रहण के लिए दिन निर्धारित किया था। दुपहर तक शांतिपूर्ण ढंग से चार पंचायतों की शपथ ग्रहण हो चुका था, ख़बर अनुसार डिमो पंचायत के 6वें वार्ड सदस्य की सहमति से मरमी बसुमतारी को पंचायत का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। लेकिन तब एक अफ़वाह फैलाया गया कि

पंचायत सदस्य बिपुल ताये को बदमाशों के एक समूह ने अगवा कर लिया तबी माहौल को गर्मागर्म होने लगी और पंचायत गठन कार्य स्थगित करना पड़ा। इसी दौरान मोबाइल से फूटेज ले हरि सिलापथार के प्राग न्यूज के पत्रकार मधुर्या शैकिया के मोबाइल छीन लिया और एक बदमाशों की दल ने हमला कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से माधुर्य को उद्धार कर सिलापथार थाने ले आया, थाने में माधुर्ज्य ने एक स्थानीय छात्र संगठन टी एम पि के की दो नीता के कहने पर सैकिया के उपर हमला हुए कहकर एक मामला दर्ज कराया।

घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद कल रात को सिलापथार पुलिस ने अरुण चुंगक्रांग, रंजीत इयन, विजय पेगु और चिलचिलाई मिलि को धेमाजी सदर थाने में पूछताछ के लिए लाया गया। दूसरी ओर माधुर्य को आक्रमण करने की आरोप में पूछताछ के लिए धेमाजी सदर थाने में लाया गया लोगों की परिवारों के लोगों का कहना है कि घटना की दिन उपर में नाम उल्लेखित कई भी घटना स्थल में मौजूद नहीं था पुलिस ने गत रात को घरों में से उठा लाया। अब पुलिस की जांच पड़ताल के बाद ही असली हमलावार आरोपियों के नाम सामने आएगा। खबर लिखते वक्त चारों आरोपी को धेमाजी पुलिस ने स्वास्थ्य परीक्षा कराने के लिए धेमाजी सिविल हॉस्पिटल में ले जाते दिखाई दिए।

43 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,सिद्धार्थनगर द्वारा ''एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थ नगर 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिद्धार्थनगर के मुख्यालय में श्री उज्जल दत्ता, कमांडेंट 43 वीं वाहिनी के निर्देशानुसार श्री सारंग चौहान, उप कमांडेंट के नेतृत्व में वाहिनी में उपस्थित कार्मिको द्वारा एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता है पौधे जल चक्र को संतुलित करने में मदद करते हैं, जिससे वर्षा और जल संचयन में सुधार होता है, पौधे मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं, जिससे मिट्टी का क्षरण रुकता है, वृक्ष जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करते हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बना रहता है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिलता है। अतः हम सभी का कर्तव्य है कि वृक्षारोपण करना, वृक्षों को सहेजना, जलवायु प्रदूषण रोकना, स्वच्छता रखना आदि जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को अपने दिनचर्या में शामिल कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। इसी उद्देश्य से बल मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल के निर्देशानुसार 43 वीं वाहिनी द्वारा इस वर्ष कुल 9000 पौधे रोपित किया जाना है जिसका शुभारंभ आज वाहिनी के अधिकारियो और कार्मिको द्वारा वाहिनी परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन करने का एक सफल प्रयास किया गया।

वृंदावन में परिक्रमा मार्ग का नगर आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

नगर आयुक्त जग प्रवेश ने अधिनस्थों के साथ परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करते हुए।

मथुरा। ब्रज नगरी वृंदावन में हर समय श्रद्धालुओं की भरमार रहती है इसलिए सरकार की प्राथमिकता वृंदावन पर रहती है। बांकेबिहारी की नगरी में परिक्रमा मार्ग का नगर आयुक्त जग प्रवेश ने गुरूवार को निररीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कहा कि बांकेबिहारी की नगरी में रोजाना हजारों की संख्या में देश विदेश से श्रद्धालुओं एवं परिक्रमार्थियों आते है, अपने अधीनिस्त चेतावनी देते हुए कहा कि इस नगरी में आने वाले किसी भी श्रद्वालुओं को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

निरीक्षण के दौरान परिक्रमा मार्ग पर स्वच्छता, जल निकासी, अस्थायी अतिक्रमण, प्रकाश व्यवस्था, दीवारों की पेंटिंग, खाली प्लॉटों की स्थिति, सीवर लाइन, पेयजल और बैठने की व्यवस्था जैसी नागरिक सुविधाओं को लेकर समीक्षा की गई। रेलवे क्रॉसिंग के पास व्यू कटर की स्थापना और सड़क समतल करने के अवर अभियंता निर्माण को निर्देश दिए गए। कुछ स्थानों पर खुले नाले मिले, जिन्हें ढकने के लिए स्लैब लगाने के लिए भी आदेश दिए। स्थानीय नागरिकों द्वारा मार्ग में बनाए गए चबूतरे, रैम्प आदि को अतिक्रमण मानते हुए उन्हें हटवाने के निर्देश देते हुए कहा कि जो श्रद्वालु परिक्रमा के समय 10ः00 बैठने के लिए कोई इच्छा करता है तो उनके लिए बैठने की व्यवसथा भी करायी जाए। अपर नगर आयुक्त सी0पी0 पाठक, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, अधिशाषी अभियंता जल राम कैलाश, सहायक अभियंता जल नंद किशोर, अवर अभियंता निर्माण अरुण कुमार, राजस्व निरीक्षक मुकेश सिंह, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी महेश चन्द, सुभाष कर्मचारी मौजूद थे।

प्रथम आम महोत्सव अलंकृत उद्यान पार्क में फीता काटकर उद्घाटन किया गया

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। प्रथम महोत्सव के अवसर पर मा0 जनप्रतिनिधिगण द्वारा विभिन्न स्टाल/प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। विभिन्न प्रजाति के आम के फल, पौधे, आम से बने सामग्री, आदि का स्टाल एवं इसके साथ ही विभिन्न बैंकों द्वारा लगाये गये स्टाल को देखकर मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशंसा की गयी।प्रथम आम महोत्सव का विधायक बांसी श्री जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही, सदस्य विधान परिषद, उ0प्र0 श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 आर0 एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मा0 जनप्रतिनिधिगण को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया मा0 विधायक बांसी श्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में प्रथम बार आम महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। इस आम महोत्सव से जनमानस में जागरूकता बढ़ेगी। इसके साथ ही आम की विक्री होने से किसानों की आमदनी बढ़ेगी। वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है लोग माँ के नाम एक पेड़ अवश्य लगाये। जिन किसान भाईयों के पास भूमि अधिक है आम का पेड़ लगाये। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के वृक्ष पीपल, सहजन, पाकड़, बरगद, नीम आदि के पेड़ लगाये। इससे हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में पहली बार क्रेता विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कराया गया था। अब प्रथम आम महोत्सव का भी आयोजन किया गया है।मा0 विधायक कपिलवस्तु श्री श्यामधनी राही ने प्रथम आम महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन को बधाई दिया। जिलाधिकारी की आम मोत्सव के आयोजन एक सराहनीय पहल है। कल मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश स्तर पर आम महोत्सव का उद्घाटन किया गया। आज सिद्धार्थनगर में आम महोत्सव का शुभारम्भ हो रहा है। जो 02 दिन तक चलेगा। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि इस आम महोत्सव से जनपद में आम की बागवानी बढ़ेगी। मेरा प्रयास होगा कि आम महोत्सव प्रतिवर्ष मनाया जाए। जिससे यहां के किसानो की आय दोगुनी हो। आज 02 प्रतियोगिता का भी आयोजन होना है। जिसमें सबसे अधिक आम खाने की प्रतियोगिता तथा दूसरा महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ आम उत्पादन, आम से बनी सामग्री होगा उसे पुरस्कार दिया जायेगा।

इस अवसर पर उपरोक्त सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौर श्रीवास्तव, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उद्यालन अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, व अन्य सम्बनित अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे, किसान व्यापारी आदि उपस्थित थे।

मुडिया मेला गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में बढने लगी भी

● मुड़िया पूर्णिमा मेला में श्रद्धालुओं को मिलेगा स्वच्छ वातावरण

जिलाधिकारी ने दानघाटी मंदिर के आस पास तथा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर किया श्रमदान

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह गोवर्धन में झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश देते हुए।

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। चार जुलाई से गोवर्धन में मुड़िया मेला शुरू हो गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने गोवर्धन में डेरा डाल दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया है। साथ ही साफ सफाई को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बसें गोवर्धन की ओर चल पडी है। बसों में यात्रियों का दबाव बढने लगा है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सौख स्थित महमदपुर चौराहा तथा दानघाटी मंदिर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने प्लास्टिक मुक्त ब्रज की रज अभियान को आगे बढ़ते हुए शनिवार को गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया। उन्होंने स्वयं झाडू से परिक्रमा मार्ग की सफाई की तथा आस पास के क्षेत्र में फैले कूड़े को एकत्रित करते हुए साफ सफाई की। जिलाधिकारी ने दुकानों, मंदिरों, कुंडों, घरों, होटलों, आश्रमों आदि के आस पास सफाई की। उन्होंने ब्रज को प्लास्टिक मुक्त करने के उद्देश्य से चलाया विशेष सफाई अभियान। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक न केवल वातावरण को नुकसान देती है बल्कि, इसके सेवन से पशु भी बीमार हो रहे है। जिलाधिकारी ने सभी से आवाह्न किया कि अपने दुकानों, मंदिरों, कुंडों, घरों, होटलों, आश्रमों आदि के सामने तथा आस पास सफाई रखे एवं डस्टबिन का प्रयोग करे। जिलाधिकारी ने सभी को सफाई के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों, पर्यटकों तथा आम जनमानस को स्वच्छ परिक्रमा मार्ग का अनुभव होगा। पवित्र मुड़िया पूर्णिमा मेला में श्रद्धालुओं के सुविधाओं का विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा प्रशासन बेहतर से बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। सफाई अभियान में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह, तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल सहित स्थानीय लोगों व माननीय जनप्रतिनिधियों ने सफाई की।

गोवर्धन परिक्रमा लगाने के लिए पहुंच रहे लोग।

24 घंटे में सड़क पर गई पांच लोगों की जान

● कोसीकलां में तीन ट्रक टकराए चालक की मौत, दूसरा घायल

फरह में कोल्ड स्टोर से लौटते बाइक सवार की मौत

बाजना कट पर डीसीएम ट्रक से टकराई 1 की मौत दो घायल

राया में बाइक सवार फूफा-भतीजे को अज्ञात वाहन ने कुचला

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। जनपद में चौबीस घंटे में सडक पर पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। तीन थाना क्षेत्रों में अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में फूफा भतीजा सहित पांच लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। बीती रात गुरुग्राम से मोटरसाइकलों को ट्रोला में लोड करके गांव सकतपुर हरदोई निवासी टीकाराम राष्ट्रीय राजमार्ग पर जा रहा था। हाइवे 19 पर कोसीकलां के कोटवन चौकी के समीप रात को आगे चलते ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। उसके पीछे चल रहा ट्रक सामने वाले ट्रक से टकरा गया। इस ट्रक के पीछे चल रहे टीका राम ने जब अचानक सामने चलते ट्रक को रुकते देखा तो उसने भी गाड़ी को ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन इससे पहले टीकाराम की गाड़ी आगे चल रहे ट्रक में बुरी तरह से घुस गई। जिसके चलते स्टेरिंग पर बैठा टीकाराम की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरे ट्रक के के घायल चालक को निकाल कर हास्पिटल पहुंचा दिया। मृतक टीका राम के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दूसरी दुर्घटना थाना फरह के बेरी गांव के इलाके में हुई। गांव नगला चाहर थाना मर्गोरा निवासी युवक कुशल कल दोपहर को बाइक से कोल्ड पर किसी चीज की जानकारी करने के लिए गया था। बताया गया कि गांव लौटने के दौरान उसकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में कुशल बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रुप से घायल को इलाज के लिए एसएन मेडिकल कालेज आगरा भेज दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना नौहझील के बाजना कट के समीप कानपुर से नोएडा के लिए जाती डीसीएम किसी ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में चालक की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। गांव दौलतपुर जनपद इटावा का रहने वाला युवक पंकज कानपुर से डीसीएम में माल लोड कर नोएडा के लिए जा रहा था। रास्ते में यमुना एक्सप्रेस वे पर नौहझील के बाजना कट पर किसी वाहन ने डीसीएम को टक्कर मार दी। दुर्घटना में डीसीएम चला रहे पंकज की मौके पर ही मौत हो गई। डीसीएम में सवार उसका रिश्तेदार नीलेश और गांव का अनुज घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पकंज के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना राया की बिचपुरी चौकी के समीप पूजा में शामिल होने के लिए बाइक से आते फूफा भतीजे को किसी वाहन ने कुचल दिया। बताया गया कि गांव रामपुरजनपद जेवर निवासी हरकेश नोएडा की शिवराम कपंनी में सर्विस करता था। उसका भतीजा प्रमोद भी नोएडा सेक्टर 35 में किसी कंपनी में काम करता था। गांव परसा गढ़ी थाना राया में पूजा का कार्यक्रम था। दोनों बाइक से से पूजा मे शामिल होने के लिए गांव आ रहे थे। रास्ते में चौकी बिचपुरी के समीप किसी वाहन ने बाइक को रौंद दिया। जिसके चलते दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों की मौत का पता लगने पर घर में खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

भरतिया मे क्षतिग्रस्त की अंबेडकर प्रतिमा, ग्रामीणों में आक्रोश

● दो वर्ष पूर्व आंबेडकर शोभायात्रा के दौरान भी हुआ था विवाद

क्षतिग्रस्त अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर मौजूद ग्रामीण एवं पुलिसकर्मी।

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में आंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने एक नामजद युवक पर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर ग्रामीणों नाराजगी को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह भी बताया जा रहा है कि घटना कारित करने वाला व्यक्ति सीसीटीवी में आ रहा है। थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में आंबेडकर प्रतिमा लगी हुई है। आरोप लगाया जा रहा है कि प्रतिमा को गांव के ही युवक ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह क्षतिग्रस्त प्रतिमा देखकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और इस का विरोध किया। इस संबंध में ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ सदर संदीप कुमार सिंह, थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार, थाना प्रभारी वृंदावन प्रशांत कपिल भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों आरोपी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस के सामने खड़े रहे। पुलिस ने समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया। प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पिछले दो वर्ष से थाना जैंत क्षेत्र के गांव भरतिया में आंबेडकर शोभायात्रा को लेकर दो समुदाय में विवाद बना हुआ है। दो वर्ष वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा शोभायात्रा निकालने को लेकर सवर्ण समाज के लोगों ने विरोध कर दिया था। जिसमें देखते ही देखते दोनों समुदाय की तरफ से पथराव होने लगा था। जिसमें सवर्ण समाज के लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ था। तत्कालीन जैंत थाना प्रभारी अरुण पंवार व उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा मामले में लाइन हाजिर हुए थे। रालोद नेता कुंवर नरेंद्र सिंह के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ था। आंबेडकर प्रतिमा पर दोनों समुदाय ने माल्यार्पण किया था। उसके बाद शोभायात्रा पर पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार रात्रि सवर्ण समाज के युवक द्वारा प्रतिमा क्षतिग्रस्त की सूचना के बाद पुलिस के हाथ पांव फूल गए। सीओ सदर दो थानों के फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उधर ग्रामीण नई प्रतिमा लगवाने की जिद पर अड़े हुए हैं। सीओ सदर संदीप कुमार सिंह ने बताया गांव भरतिया थाना जैंत निवासी कान्हा पुत्र तारा व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

किसानों ने काली पट्टी बांध कर किया प्रदर्शन

● किसानों की मांग है कि नगर निगम के रेट पर मिले मुआवजा

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। मथुरा ब्लॉक के गांव कोटा मौजा में रेलवे द्वारा की जा रही किसानों की भूमि अधिग्रहण के विरोध में भारतीय किसान यूनियन सुनील का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 19 वे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन में किसानों ने काली पट्टी बांधकर रेल अधिकारियों के खिलाफ काला दिवस मनाया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने बताया कि धरना स्थल पर बुजुर्ग किसान पंडित नरोत्तम शर्मा जो 19 दिन से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि अनिश्चितकालीन आंदोलन को 19 दिन हो चुके हैं लेकिन रेलवे के अधिकारी व जिला प्रशासन के अधिकारी किसानों की बात सुनने को तैयार नहीं हैं। भीषण गर्मी में बरसात में किसान धरना स्थल से नहीं हट रहे। अगर किसानों की जमीन एग्रीकल्चर रेट में जाती हैं तो कोटा मौजा गांव का किसान पूर्ण रूप से बर्बाद हो जाएगा। रेलवे के अधिकारी धरना स्थल पर आकर किसानों से बात करने को तैयार नहीं है। जिला प्रशासन ने अपने हाथ खड़े कर दिये हैं। यह मामला प्रदेश सरकार के हाथ में है जब तक नगर निगम के सर्किल रेट का पैसा नहीं मिल जाता तब तक एक इंच जमीन रेलवे को नहीं देंगे कोटा मौजा गांव के किसान कोटा मौजा मथुरा वृंदावन नगर निगम में आता है तो किसानों को नगर निगम के सर्किल रेट के हिसाब से ही मुआवजा दिया जाए। 10 जुलाई के बाद सड़कों पर उतरकर रेलवे विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन होगा। छह जुलाई को दिन में 12 बजे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में रेलवे व जिला प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ होगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अनिल शर्मा धीरज शर्मा मानिक चंद ख्यालीराम गोपीचंद चंद्रभान चंद्रपाल भूपेंद्र अनिल विनोद गिरिराज लक्ष्मण प्रसाद अनीता सुनीता मालती देवी सविता जसोदा रामवती पुष्पा देवी सरोज कविता गुड्डी राजेश्वरी सहित दर्जनों महिला पुरुष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में मौजूद थे।

काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते किसान।

प्रधानमंत्री आवास व गैस सिलेंडर की मांग

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के खरगबरवां गांव निवासी एक व्यक्ति शनिवार को नौतनवां सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास व गैस सिलेंडर की मांग किया है। नौतनवा ब्लाक के खरगबरवां निवासी रामचन्दर पुत्र बीपत ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को दिए पत्र में लिखा है कि वह बहुत गरीब है ऐसे में आज तक न तो उसे प्रधानमंत्री आवास मिला है और न ही गैस सिलेंडर मिला है। आरोप है कि आवास व गैस सिलेंडर की मांग को लेकर वर्षो से वह सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देता आ रहा है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है।